सूर्योदय 6:25 सूर्यास्त 5:46

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 11.8 न्यू | 23.2 अधि |
| धर्मशाला | 14.9 न्यू | 27.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 81224.75 |
| निफ्टी | 24854.05 |
| सोना | 77,667 |
| चांदी | 97,249 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान



तीन घंटे का खेल टीम की काबिलियत तय नहीं करेगा: रोहित शर्मा

पृष्ठ 14 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | सोमवार, 21 अक्तूबर 2024 | 5 कार्तिक, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 305, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### प्रबोवो सुबियांतो बने इंडोनेशिया के राष्ट्रपति



**जकार्ता।** प्रबोवो सुबियांतो ने विश्व के सबसे अधिक मुस्लिम आबादी वाले देश इंडोनेशिया के आठवें राष्ट्रपति के रूप में रविवार को शपथ ली। पूर्व रक्षा मंत्री प्रबोवो सुबियांतो (73) ने देश के सांसदों और अन्य देशों से आमंत्रित किए गए गणमान्य व्यक्तियों के समक्ष मुस्लिमों के पवित्र धर्म ग्रंथ 'कुरान' पर हाथ रखकर राष्ट्रपति पद की शपथ ली, जिसके बाद सड़कों पर मौजूद हजारों समर्थकों ने उनका स्वागत किया। जकार्ता में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में 40 से अधिक देशों के नेता मौजूद रहे।

### दिल्ली कोचिंग सेंटर मौत मामले में सुनवाई आज

**नई दिल्ली।** दिल्ली में आईएएस कोचिंग के बेसमेंट में तीन छात्रों की मौत के मामले में सुप्रीम कोर्ट सोमवार को सुनवाई करेगा। इस मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ करेगी। इससे पहले शीर्ष अदालत ने 20 सितंबर को मौत की जांच के लिए केंद्र सरकार की ओर से नियुक्त उच्च स्तरीय समिति को निर्देश दिया था कि ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए चार सप्ताह के अंदर अंतरिम उपाय पेश करे।

### मालदीव ने नया विदेशी मुद्रा विनियमन लागू किया

**माले।** डॉलर संकट से जूझ रहे मालदीव ने एक नया विदेशी मुद्रा विनियमन लागू किया है। इसके तहत विदेशी मुद्रा में लेन-देन के प्रकार को सीमित किया गया है और पर्यटन प्रतिष्ठानों और बैंकों पर अनिवार्य विदेशी मुद्रा विनिमय नियंत्रण लगाया गया है। पिछले साल राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के 'इंडिया आउट' अभियान के जवाब में भारतीय पर्यटकों से इस खूबसूरत द्वीपीय देश से दूर रहने के आह्वान के बाद मालदीव की अर्थव्यवस्था को झटका लगा है।

### 20 और विमानों को बम से उड़ाने की धमकी



**नई दिल्ली।** देशभर की तमाम एयरलाइन कंपनियों के विमानों में बम की धमकी मिलने का सिलसिला जारी है। रविवार को इंडिगो, विस्तारा, एयर इंडिया और अकासा समेत 20 से अधिक भारतीय विमानों में बम की धमकी मिली है। इंडिगो, विस्तारा और एयर इंडिया की छह-छह उड़ानों में बम होने की धमकी दी गई। इंडिगो के प्रवक्ता ने बताया कि इंडिगो की 6ई जेद्दा से मुंबई, 6ई 87 कोझिकोड से दम्मम, 6ई11 दिल्ली से इस्तांबुल, 6ई17 मुंबई से इस्तांबुल, 6ई133 पुणे से जोधपुर और 6ई112 गोवा से अहमदाबाद फ्लाइट में बम होने की धमकी मिलने के बाद सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन किया गया।

### डोडा में 29 घंटों में दूसरी बार लगे भूकंप के झटके




**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के डोडा में रविवार को भूकंप के झटके महसूस किए गए। 29 घंटों में यह दूसरी बार है, जब लोगों को झटके महसूस हुए हैं। रविवार सुबह 11 बजकर 21 मिनट पर भूकंप के झटकों से डोडा दहल गया। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के मुताबिक, रिक्टर पैमाने पर तीव्रता 3.7 मापी गई है। भूकंप का केंद्र धरती के नीचे 5 किलोमीटर की गहराई में अक्षांश 33.00 डिग्री उत्तर और देशांतर 75.94 डिग्री पूर्व में मिला है। भूकंप से किसी भी तरह के नुकसान की खबर नहीं आई है।

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- संगठित अपराध पर मंडी जिला पुलिस की नशे पर करारी चोट -पेज 3
- गांव शील्हा कीपड़ का 'माल' मेला 6 दशक पुराना -पेज 9
- ट्रैकिंग पर गए विदेशी रास्ता भटके, मनाली पुलिस ने किए रेस्क्यू -पेज 11
- वायु प्रदूषण के लिए भाजपा की 'गंदी राजनीति' जिम्मेदार : आतिशी -पेज 13
- गगनजीत भुल्लर ने एशियाई टूर पर रिकॉर्ड 12वीं जीत के करीब -पेज 14


## प्रदेश के मैदानों में कल बारिश चोटियों पर बर्फबारी के आसार

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

- अभी तक राज्य में सामान्य से 96 फीसदी कम बारिश दर्ज

**हिमाचल** प्रदेश के मध्य व उच्च पर्वतीय कुछ भागों में 22 अक्तूबर को बारिश होने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार, 21 अक्तूबर तक मौसम साफ बना रहेगा। 22 अक्तूबर को कुछ स्थानों पर बारिश हो सकती है। वहीं, चोटियों पर बर्फ के फाहे गिर सकते हैं।

चंबा और लाहौल-स्पीति के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश की संभावना जताई है। 25 से 31 अक्तूबर तक के दौरान राज्य में मौसम के सामान्य रहने की संभावना है। चंबा, लाहौल-स्पीति, किन्नौर, कुल्लू जिले के अधिकांश भागों और शिमला, कांगड़ा के कुछ भागों में हल्की वर्षा की संभावना है। वहीं, प्रदेशभर में मौसम में बदलाव हुआ है। प्रदेशभर में सुबह और शाम को ठंड बढ़ गई है। लोगों ने गर्म कपड़े पहनना भी शुरू कर दिए हैं। उधर, 1 से 20 अक्तूबर तक राज्य में सामान्य से 96 फीसदी कम बारिश दर्ज की गई है। कांगड़ा में सामान्य से 94, किन्नौर 98, लाहौल-स्पीति 99, मंडी 80 व ऊना जिले में 43 फीसदी कम बारिश हुई। बिलासपुर, चंबा, हमीरपुर, कुल्लू, शिमला, सिरमौर व सोलन जिले में इस अवधि के दौरान बारिश हुई ही नहीं।

## चांद का दीदार



शिमला के रिज पर सुहागिनें पति की दीर्घायु के लिए सज-धजकर चांद के दीदार का रविवार देर सायं इंतजार करती हुईं। सुहागिनों ने चांद निकलने के बाद पति के हाथों से जल ग्रहण कर व्रत तोड़ा।

## दिल्ली में सीआरपीएफ स्कूल के बाहर ब्लास्ट, कोई हताहत नहीं

एजेंसी, नई दिल्ली

**दिल्ली** में रोहिणी सेक्टर 14 के प्रशांत विहार इलाके में रविवार सुबह करीब 7:30 बजे सीआरपीएफ स्कूल के पास धमाका हुआ। इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ, लेकिन स्कूल की दीवार, आस-पास की दुकानें और कुछ कारों को नुकसान पहुंचा है।

नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) और नेशनल सिक्योरिटी गार्ड (एनएसजी) की टीम जांच के लिए पहुंची है। मामले को लेकर गृह मंत्रालय ने दिल्ली पुलिस से रिपोर्ट मांगी है। इसके अलावा जांच के लिए बम निरोधक दस्ता, फॉरेंसिक टीम, क्राइम ब्रांच और स्पेशल सैल के साथ-साथ



- फॉरेंसिक एक्सपर्ट बोले- क्रूड बम जैसा मटेरियल
- गृह मंत्रालय ने रिपोर्ट मांगी

फायर ब्रिगेड के अधिकारी भी पहुंचे हैं। फॉरेंसिक साइंस लैबोरेटरी टीम के सूत्रों के मुताबिक, शुरुआती जांच में क्रूड बम जैसा मटेरियल मिला है। वहीं, गृह मंत्रालय ने रिपोर्ट मांगी है।

# देश को 7 एयरपोर्ट से जुड़े 6100 करोड़ के प्रोजेक्टों की सौगात

### पीएम मोदी ने वाराणसी से वर्चुअली किया उद्घाटन, तीन नए एयरपोर्ट भी शामिल

एजेंसी, वाराणसी



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने रविवार को वाराणसी के सिगरा स्थित स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में एक कार्यक्रम में राष्ट्र को समर्पित 6700 करोड़ रुपए की 23 विकास परियोजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास किए। पीएम मोदी ने वाराणसी से वर्चुअली 5 राज्यों के 7 एयरपोर्ट से जुड़े 6100 करोड़ रुपए के अलग-अलग प्रोजेक्ट का उद्घाटन किया। इसमें उत्तर प्रदेश के सहारनपुर, मध्य प्रदेश के रीवा और छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर में नए एयरपोर्ट का उद्घाटन भी शामिल हैं।

> तीनों एयरपोर्ट के शुरू होने से बढ़ेगी सालाना पैसेंजर्स अराइवल क्षमता

इन तीनों एयरपोर्ट के शुरू होने से पैसेंजर्स अराइवल की क्षमता सालाना 2.3 करोड़ बढ़ जाएगी। इससे पहले पीएम ने वाराणसी पहुंचकर कांची मठ की ओर से संचालित आरजे शंकर नेत्र अस्पताल का भी उद्घाटन किया। इस अस्पताल से पूर्वी उत्तर प्रदेश के 20 जिलों के साथ-साथ बिहार, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के सीमावर्ती इलाकों में रहने वाले लोगों को भी फायदा होगा। इन परियोजनाओं में 3,200 करोड़ रुपए से अधिक की 16 विकास परियोजनाएं वाराणसी के लिए हैं।

प्रधानमंत्री ने लगभग 2870 करोड़ रुपए की लागत से वाराणसी के लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के रनवे के विस्तार, नए टर्मिनल भवन के निर्माण और संबद्ध कार्यों की आधारशिला भी रखी।

### ये प्रोजेक्ट देश के विकास को देंगे नई ऊंचाई

**पीएम** मोदी ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा के आशीर्वाद से अभी यहां हजारों करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट का लोकार्पण और शिलान्यास हुआ है। इसमें देश और यूपी के विकास को नई ऊंचाई देने वाले प्रोजेक्ट हैं। उन्होंने कहा कि पिछले साल देश के एक दर्जन एयरपोर्ट के सुधार भी किए जा रहे हैं। अयोध्या में एक भव्य इंटरनेशल एयरपोर्ट राम भक्तों का स्वागत कर रहा है। एक समय था यूपी की सड़कें खस्ताहाली के लिए जानी जाती थी। 2014 के बाद यूपी की सड़कें बन रही हैं।

### विपक्षी दलों ने देश का विकास रोका

**पीएम** ने कहा कि सपा और कांग्रेस सहित विपक्षी दलों पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि इन लोगों ने देश के विकास को आगे ही नहीं बढ़ने दिया। आज भी विकास कार्यों में रोड़ा डालने का काम कर रहे हैं। खिलाड़ियों को सम्मान देने का काम भाजपा ने ही किया है।

## दिवाली से पहले घोषित होंगे छह लंबित पोस्ट कोड के नतीजे: सुक्खू

### मुख्यमंत्री ने चयन आयोग को दिए निर्देश, शेष 12 पोस्ट कोड के नवंबर में आएंगे रिजल्ट

अनंत ज्ञान, हमीरपुर

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने हिमाचल प्रदेश राज्य चयन आयोग को दिवाली से पहले छह लंबित पोस्ट कोड के नतीजे घोषित करने के निर्देश दिए हैं। इनमें पोस्ट कोड 939 (जेओए आईटी) के 295 पद, पोस्ट कोड 903 (जेओए आईटी) के 82 पद, कॉपी होल्डर के लिए पोस्ट कोड 982, वर्कशॉप इंस्ट्रक्टर के लिए पोस्ट कोड 992, साइकोलॉजिस्ट के लिए पोस्ट कोड 994 और वर्कशॉप इंस्ट्रक्टर के लिए पोस्ट कोड 997 शामिल है।

मुख्यमंत्री ने आयोग चयन के अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि सरकारी नौकरी की चाहत रखने वाले प्रदेश के युवाओं के लिए इन छह लंबित पोस्ट कोड का परिणाम राज्य सरकार की ओर से दिवाली का तोहफा होगा। सुक्खू ने कहा कि मंत्रिमंडल उपसमिति ने अब तक 21 लंबित पोस्ट कोड के परिणामों की घोषणा की अनुमति दी है, जिनमें से पोस्ट कोड 817, 999 और 969 के परिणाम पहले ही घोषित किए जा चुके हैं। उन्होंने परिणाम घोषित करने की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश देते हुए कहा कि छह परीक्षाओं के परिणाम दिवाली से पहले घोषित कर दिए जाएंगे। शेष 12 पोस्ट कोड के परिणाम नवंबर माह में घोषित किए जाएंगे। सीएम सुक्खू ने कहा कि सरकार पहले दिन से ही सरकारी कर्मचारियों के कल्याण के लिए लगातार काम कर रही है। प्रदेश सरकार ने अपनी पहली ही कैबिनेट बैठक में पुरानी पेंशन योजना को बहाल किया, जिससे 1.36 लाख सरकारी कर्मचारियों को लाभ मिला। सरकार ने महंगाई भत्ते में चार प्रतिशत की वृद्धि की है। राज्य सरकार की ओर से सभी कर्मचारियों को 28 अक्तूबर तक दिवाली से पहले अक्तूबर माह के वेतन और पेंशन का भुगतान कर दिया जाएगा।



हमीरपुर में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से मिलता प्रतिनिधिमंडल।

## बारामूला में एके-47 राइफल और गोला-बारूद बरामद

अशोक ठाकुर, जम्मू

**जम्मू**-कश्मीर के बारामूला जिले के उरी सेक्टर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास सुरक्षाबलों ने एक संदिग्ध आतंकी के पास से हथियार और गोला-बारूद बरामद किया है। सुरक्षाबलों ने खुफिया जानकारी के आधार पर विशेष अभियान चलाया। इस दौरान सुरक्षाबलों ने एक संदिग्ध



व्यक्ति को रोका और उसकी तलाशी ली। जवानों ने उसके पास से एके-47 राइफल और गोला-बारूद बरामद किया है। (अनंत ज्ञान)

## इसराइल की उत्तरी गाजा में एयर स्ट्राइक, 87 की मौत

एजेंसी, गाजा पट्टी



**इसराइल** ने उत्तरी गाजा में कई हमले किए हैं। इन हमलों में 87 लोग मारे गए हैं और कई लापता हैं। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि बेत लहिया शहर पर शनिवार को रातभर और रविवार सुबह किए। ये हमले ऐसे समय में हुए हैं, जब अमेरिका वर्गीकृत दस्तावेजों को अनधिकृत रूप से जारी करने की जांच कर रहा है।

अमेरिकी अधिकारी ने कहा कि ये दस्तावेज वैध प्रतीत होते हैं। ईरान लेबनान में हमास और हिजबुल्लाह आतंकवादी समूह का समर्थन करता है, जहां एक साल से बढ़ते तनाव ने पिछले महीने एक पूर्ण युद्ध का रूप ले लिया। बेत लहिया में हमलों पर इसराइली सेना की ओर से तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की गई, लेकिन कहा कि गाजा में हवाई हमलों और जमीनी अभियानों दोनों को जारी रखे हुए है।

## राजस्थान में बस ने टैंपो को मारी टक्कर, 8 बच्चों समेत 12 की मौत

एजेंसी, जयपुर

**राजस्थान** के धौलपुर जिले में बस ने टैंपो को टक्कर मार दी। इस हादसे में आठ बच्चों समेत 12 लोगों की मौत हो गई। एक घायल बच्चे को धौलपुर जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। सभी लोग शादी समारोह से लौट रहे थे।

हादसा इतना भीषण था कि टैंपो के परखच्चे उड़ गए। हादसे के बाद मौके पर चीख पुकार मच गई। इस दौरान हाईवे से गुजर रहे दूसरे वाहन सवार मौके पर रुके और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने टैंपो सवार लोगों को बाड़ी अस्पताल पहुंचाया। हादसे में बस भी क्षतिग्रस्त हुई है,



जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया। पुलिस ने बताया कि शनिवार देर रात सुन्नीपुर के पास ग्वालियर से जयपुर की ओर जा रही तेज रफ्तार स्लीपर बस ने टैंपो को टक्कर मार दी। टैंपो में सवार एक दंपती और आठ बच्चों सहित 12 लोगों की मौत हो गई। तीन परिवार के ये लोग एक कार्यक्रम से वापस लौट रहे थे।

### पीएम मोदी ने हादसे पर जताया दुख

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने राजस्थान के धौलपुर में सड़क हादसे में 12 लोगों की मौत पर दुख जताया है और पीड़ित परिवारों के लिए अनुग्रह राशि की घोषणा की। एक्स पर मोदी ने कहा कि मासूम बच्चों सहित जान गंवाने वालों के शोकाकुल परिजनों के प्रति मेरी संवेदनाएं। ईश्वर उन्हें इस पीड़ा को सहने की शक्ति प्रदान करे। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से प्रत्येक मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपए व घायलों को 50 हजार रुपए देने की घोषणा की।

## डिप्टी सीएम फडणवीस नागपुर दक्षिण-पश्चिम से लड़ेंगे चुनाव

एजेंसी, नई दिल्ली

- महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने जारी की 99 उम्मीदवारों की पहली लिस्ट

**भाजपा** ने रविवार को महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए 99 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी। पार्टी ने उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को नागपुर दक्षिण-पश्चिम और पार्टी की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले को कामठी से उम्मीदवार बनाया है।



महाराष्ट्र की 288 सदस्यीय विधानसभा के लिए एक चरण में 20 नवंबर को मतदान होगा, जबकि मतों की गिनती 23 नवंबर को होगी। पार्टी ने राज्य सरकार में मंत्री सुधीर मुनगंटीवार को बल्लारपुर और पूर्व मुख्यमंत्री व वरिष्ठ नेता अशोक चव्हाण की बेटी श्रीजया चव्हाण को नांदेड़ जिले की भोकर विधानसभा सीट से टिकट दिया है। महाराष्ट्र में फिलहाल महायुति गठबंधन की सरकार है, जिसके मुखिया शिवसेना के एकनाथ शिंदे हैं। गठबंधन में शिवसेना के अलावा भाजपा और उपमुख्यमंत्री अजित पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी शामिल है।

**तैयारी** — सात चक्रों से गुजरकर श्रद्धालु पहुंचेंगे कुंभ, 37,611 पुलिस जवानों की होगी तैनाती

# सुरक्षा चक्रव्यूह से महाकुंभ बनेगा अभेद्य

एजेंसी, लखनऊ




**प्रयागराज** में होने वाले महाकुंभ-2025 में इस बार सात स्तरीय सुरक्षा इंतजाम होंगे। यह पहला कुंभ होगा, जिसमें 37 हजार से ज्यादा पुलिसकर्मी तैनात किए जाएंगे। संपूर्ण मेला अवधि के दौरान 10 प्रकार के सुरक्षा ऑपरेशन भी चलाए जाएंगे।

> आतंकी गतिविधियों पर नजर रखने के लिए स्पेशल इंटेलिजेंस यूनिट होंगी तैनात

आतंकी गतिविधियों पर नजर रखने के लिए कुंभ में स्पेशल इंटेलिजेंस यूनिट तैनात की जाएंगी। कुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों की सात चरणों में चेकिंग होगी। पहले चक्र में मूल स्थल पर, फिर ट्रेन, बस व निजी वाहनों की, तीसरे चक्र में प्रदेश की सीमाओं पर, चौथे चक्र में टोल प्लाजा पर, पांचवें चक्र में प्रयागराज कमिश्नरेट की सीमा पर, छठे चरण में मेला क्षेत्र के आउटर पर और सातवें चक्र में इनर प्वॉइंट पर चेकिंग होगी। श्रद्धालुओं की सुरक्षा में कुल 37,611 पुलिसकर्मी तैनात होंगे। महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए 1378 महिला पुलिसकर्मी तैनात रहेंगी। इस बार महाकुंभ 2013 के 22,998 पुलिसकर्मियों के मुकाबले 14,713 अतिरिक्त पुलिसकर्मियों की तैनाती होगी। वहीं, कुंभ 2019 की तुलना में 10,061 अधिक पुलिसकर्मी तैनात होंगे। यूपी पुलिस ने महाकुंभ को सुरक्षित बनाने के लिए सुरक्षित महाकुंभ अभियान शुरू किया है। इस अभियान के तहत कुंभ मेला पुलिस, प्रयागराज पुलिस, एडीजी जोन प्रयागराज व आईजी रेंज प्रयागराज के सोशल मीडिया हैंडल और चैनल शुरू किए गए हैं। इसमें लोग रोज कुंभ से जुड़े अपडेट पा सकेंगे और सूचना व शिकायत दर्ज करवा सकेंगे।

### सात चक्र

- **पहला चक्र :** मूल स्थल (प्वॉइंट ऑफ ऑरीजन) पर चेकिंग
- **दूसरा चक्र :** ट्रेन, बस और निजी वाहनों की चेकिंग
- **तीसरा चक्र :** प्रदेश की सीमाओं पर व्यापक चेकिंग
- **चौथा चक्र :** जोन की सीमाओं और टोल प्लाजा पर चेकिंग
- **पांचवां चक्र :** प्रयागराज कमिश्नरेट की सीमा पर चेकिंग
- **छठा चक्र :** मेला क्षेत्र आउटर में चेकिंग
- **सातवां चक्र :** इनर व आइसोलेशन कार्डन पर चेकिंग



# सरकार सच्चाई दबाने के लिए पत्रकारों को बना रही निशाना : जयराम ठाकुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने सुखविंदर सिंह सुक्खू पर हमला बोलते हुए कहा कि मुख्यमंत्री महोदय पूर्व सरकार के द्वारा शुरू किए गए विकास कार्यों का फीता काटते हुए कहते हैं कि जयराम ठाकुर की सरकार ने कुछ नहीं किया, जबकि सुक्खू सरकार ने लोगों को नौकरी से निकालने संस्थान बंद करने, इंजीनियर के पद समाप्त करने, लोगों पर टैक्स का बोझ डालने, महंगाई बढ़ाने के अलावा कोई काम नहीं किया है।

आजकल मुख्यमंत्री जिन कार्यों का फीता काटते हैं उनमें कांग्रेस सरकार ने एक भी पैसे का योगदान नहीं किया है। सभी कार्यों का शिलान्यास, बजट प्रावधान से लेकर अन्य सभी प्रकार की क्लीयरेंस पूर्व सरकार द्वारा ही की गई थी, जिन्हें वह आज लोकार्पित कर रहे हैं।

हां इन सभी परियोजनाओं में सुक्खू सरकार का बस इतना योगदान है कि उनके द्वारा लगाए गए अड़ंगों की वजह से परियोजनाओं के पूर्ण होने में देरी हुई। मुख्यमंत्री जिन जगहों का फीता एक बार काटकर संतुष्ट नहीं हुए वहां दूसरी बार भी जाकर फीता काटा है। इसलिए अब मुख्यमंत्री महोदय से विनम्र निवेदन है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्र सरकार, जयराम ठाकुर, पूर्व की भाजपा सरकार को कोसने से बाज आएं और प्रदेश के लोगों को यह बताएं कि उन्होंने लोगों की सुविधा के लिए क्या कार्य किए हैं। अगर अपने मुंह से यह भी बता दें की मुख्यमंत्री बनने के बाद से उन्होंने प्रदेश के लोगों से क्या-क्या छीना है तो उनकी बड़ी मेहरबानी होगी।



कहा-पूर्व सरकार के कामों का फीता काटते हुए मुख्यमंत्री कहते हैं पिछली सरकार ने कोई काम नहीं किया

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि सरकार इस समय लोगों को डरा कर शासन करना चाहती है। अधिकारियों और कर्मचारियों पर दबाव बनाने में जब सरकार नाकाम हो गई तो लोकतंत्र के चौथे स्तंभ को अपने निशाने पर ले रही है कि न खबर छपेगी और नहीं सरकार की किरकिरी होगी। सब कुछ अच्छा-अच्छा दिखेगा। लेकिन अब ऐसा होने वाला नहीं है। मीडिया को सरकार अनैतिक दबाव के सामने झुका नहीं सकता है। सरकार चाहती है कि भ्रष्टाचार होता रहे और भ्रष्टाचार की बातें अखबारों में न छपे, मीडिया के जरिए लोगों के सामने न आए। इसलिए सरकार में बैठे लोग अलग-अलग तरीके से मीडिया पर निशाना साध रहे हैं। सरकार के खिलाफ विपक्षी नेताओं के आरोपों से जुड़ी कोई खबर छपने न पाए, इसके लिए सरकार पूरी तरह से तानाशाही पर आ गई है।

चाहे जैसे करके वह पत्रकारों को डरा धमका कर सरकार के खिलाफ खबरें लिखने पर अंजाम भुगतने का माहौल बनाया जा रहा है। जयराम ठाकुर ने कहा कि सरकार और सरकार के नेता, मंत्री, विधायक सब लोग यह समझ लें कि लोकतंत्र में तानाशाही नहीं चलने पाएगी। सरकार चाहती है कि एक नेता जो जिम्मेदार पद पर कार्य कर चुका है, उसकी प्रेस कॉन्फ्रेंस को भी मीडिया न दिखाए। सिर्फ और सिर्फ सरकार द्वारा परोसे जा रहे झूठ को प्रोत्साहित करे, लेकिन ऐसा नहीं हो सकता है।

आज सुक्खू सरकार और उससे जुड़े लोग जो कर रहे हैं वह वह सीधे-सीधे लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर प्रहार है और संविधान के द्वारा प्रदत्त दिए गए मौलिक अधिकारों का हनन है। हिमाचल प्रदेश की वर्तमान सुक्खू सरकार ने पत्रकारों को हर तरह से प्रताड़ित करने के देश भर के सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार में बैठे यह लोग समझ लें कि भारत एक लोकतांत्रिक देश है जो संविधान से चलता है पुलिस द्वारा डराओ-धमकाओं की नीति से नहीं।

# भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान शिमला ने मनाया 59वां स्थापना दिवस

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान शिमला ने अपने 59वें स्थापना दिवस के अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम संस्थान के पूल थियेटर में आयोजित किया गया, जिसमें विभिन्न सांस्कृतिक और साहित्यिक प्रस्तुतियां की गईं।



मुख्य अतिथि पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित संगीतकार प्रो. सोम दत्त बट्टू थे, जिनका सम्मान समारोह में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई, जिसके बाद संस्थान के निदेशक प्रोफेसर राघवेंद्र पी. तिवारी ने वर्चुअल माध्यम से स्वागत भाषण दिया।

इसके पश्चात प्रो. सोम दत्त बट्टू का सम्मान किया गया, जिन्होंने अपने उद्बोधन में संगीत और संस्कृति के प्रति अपने विचार साझा किए। प्रोफेसर सोम दत्त बट्टू, एक प्रतिष्ठित संगीतकार हैं, जिन्होंने भारतीय शास्त्रीय और लोक संगीत में उल्लेखनीय योगदान दिया है। उनके कार्यों को भारतीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सराहा गया है। उन्होंने भारतीय संगीत को एक नई पहचान दिलाई और कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारतीय संगीत का प्रतिनिधित्व किया।

उन्हें 2024 में पद्म श्री पुरस्कार से नवाजा गया है। इस अवसर पर अन्य वक्ताओं में संस्थान के उपाध्यक्ष प्रोफेसर शैलेन्द्र राज मेहता और अध्यक्षा प्रोफेसर शशि प्रभा कुमार भी शामिल थे, जिन्होंने संस्थान के योगदान और स्थापना दिवस की महत्ता पर अपने विचार रखते हुए श्रोताओं को वर्चुअल माध्यम से संबोधित किया।

कार्यक्रम में कृतिका शर्मा द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई, जिसके बाद डॉ. त्रिशा पॉल द्वारा नृत्य और अध्येता आद्या दीक्षित द्वारा काव्य पाठ किया गया। संस्थान की अध्येता निबेदिता बनर्जी ने बांग्ला गीत का गायन किया। इसके अलावा, डॉ. उमामाहेश्वरी अनंतनी द्वारा नाट्य प्रस्तुति 'अग्निपुत्री पांचाली' का मंचन किया गया।

# फर्श पर गिरने से व्यक्ति की मौत

**अनंत ज्ञान, सोलन।** पुलिस चौकी शहर सोलन में क्षेत्रिय अस्पताल से सूचना मिली कि एक व्यक्ति को इलाज के लिए अस्पताल लाया गया है, जिसे चिकित्साधिकारी ने मृत घोषित कर दिया है। इस सूचना पर पुलिस चौकी शहर सोलन की पुलिस टीम तुरंत अस्पताल पहुंची। वहां पर मौजूद लोगो से तस्दीक करने पर उक्त व्यक्ति का नाम गजपाल सिंह (58) पुत्र भोपाल सिंह निवासी, जिला रुद्रपयाग उत्तराखंड मालूम हुआ।

जांच के दौरान पाया गया कि मृतक गजपाल सिंह पिछले काफी सालों से सोलन शहर में हलवाई का काम करता था तथा रात्रि के समय वह अप्पर बाजार में हलवाई के पास रूकता था। 18 अक्तूबर को वह शादी के काम के लिए शर्मा बैंकवट हाल जौणाजी रोड सोलन में गया था तथा रात्रि को वह वहां पर ही सो गया था। अगले दिन प्रात: 7.00 बजे उठा तो उसे बैकवट हाल में ही चक्कर आ गया, जिसे उसके साथी उपचार हेतू क्षेत्रिय अस्पताल ले गए जहां पर डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# नागटा की सोनाली बनी राह कंपनी की ब्रांड एंबेसडर

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ**

हाल ही में अंबाला (हरियाणा) में 19-20 अक्यूबर को मिस एंड मिस्टर हरियाणा का मॉडलिंग और स्टार अवार्ड नाइट मिस्टर आशुतोष और विकास और उनकी टीम राह प्रोडक्शन द्वारा करवाया गया, जिसमे उन्होंने पंजाबी फेमस सिलेब्रिटी को बुलाया था।



कंपीटिशन तो बहुत अच्छा रहा पर नागटा की सोनाली शर्मा को उसकी मेहनत और उनका उपलब्धियां देख के उनको राह प्रोडक्शन कंपनी का ब्रांड एंबेसडर बनाया गया। सोनाली शर्मा ने इस से पहले भी कई अवार्ड अपने नाम करके अपने माता-पिता और अपने गांव का नाम रोशन किया है। सोनाली शर्मा ने बताया कि अगर मन मैं दृढ़ संकल्प हो और कुछ बनाने कि लिए मेहनत करे तो सब कुछ आसान लगता है। इंसान अपनी मंजिल तक पहुंच ही जाता है। (अनंत ज्ञान)

# सीएम सुक्खू के निर्णय आंवले के स्वाद की तरह: सुनील शर्मा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक निदेशक एवं सदर युवा कांग्रेस नेता सुनील शर्मा ने कहा कि व्यवस्था परिवर्तन का नारा देकर सता में आई कांग्रेस पार्टी के प्रदेश सुप्रीमों मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के निर्णय आंवले के स्वाद की तरह है, जिनका लाभप्रद परिणाम हल्की से देरी के बाद आता है।



सुनील शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री ने अपने कथनानुसार अक्तूबर महीने की 28 तारीख को प्रदेश के कर्मचारियों को वेतन और पैंशनर्ज को डीए की किश्त देने के वायदों को पुरा कर दिया है, इस बावत जारी अधिसूचना से साबित हो यह है कि मुख्यमंत्री सुक्खू को प्रदेश के कर्मचारियों और पैंशनर्ज की पूरी चिंता है।

सरकार ने प्रदेश के 1.90 लाख पैंशनर्ज को मंहगाई भता यानि डीए की किश्त जारी कर दीवाली का बड़ा तोहफा दिया है। सरकार द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार 75 वर्ष और इससे अधिक आयु पैंशनर्ज को संशोधित वेतनमान के एरियर का एकमुश्त भुगतान का भी निर्देश दिया है, जिससे इस महीने पैंशन के साथ एरियर भी मिलेगा। सुनील शर्मा ने कहा कि प्रदेश में सुक्खू सरकार जनता में विश्वास का दूसरा नाम है। लोगों को छल और भ्रम की राजनीति समझ आ गई है, इसलिए भाजपा का कोई भी पैंतरा कामयाब नहीं होगा।

कहानी-20

## अनंत ज्ञान — हर गांव कुछ कहता है

अपने सामाजिक दायित्वों को निभाते हुए 'अनंत ज्ञान' ने हिमाचल के विभिन्न गांवों के ऊपर 'हर गांव कुछ कहता है' नाम से एक सीरीज शुरू की है। सीरीज के तहत पाठकों को हिमाचल के गांवों की खूबियों से रू-ब-रू करवाया जाता है। इसमें गांवों की कई रोचक और प्रेरक जानकारियों से आज की पीढ़ी को अवगत करवाने का प्रयास रहता है।

पाठक भी अपने गांव के ऐसे रोचक प्रसंग/जानकारीपरक सामग्री अपने नाम और फोटोग्राफ्स के साथ हमें भेज सकते हैं। कृपया सामग्री ई-मेल (editoranantgyaan@gmail.com) अथवा व्हाट्सऐप नं. 8894521702 पर भेजें। सामग्री से संबंधित अगर आपसे कोई संपर्क करना हो तो अपना मोबाइल नं. भी अवश्य भेजें।

# मिल्ला गांव में मिलते हैं बहुमुखी प्रतिभा के धनी

## खेतीबाड़ी आर्थिकी का स्रोत, लोक संस्कृति के लिए भी प्रसिद्ध गांव

'हर गांव कुछ कहता है सीरीज में इस बार बात सिरमौर जिले के शिलाई विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आते खूबसूरत मिल्ला गांव की। इस गांव के लोग भोले-भाले, मेहनतकश और बहुमुखी प्रतिभा के धनी हैं। गांव की भूमि खेतीबाड़ी और कृषि के लिए बेहद उपजाऊ मानी जाती है। अदरक, लहसुन, मक्की, गेहूं, टमाटर इत्यादि फसलें यहां भरपूर मात्रा में उगाई जाती हैं, जबकि गांव में सिंचाई के पानी की समुचित व्यवस्था अभी तक नहीं है। ग्रामीणों का रोजगार और मुख्य आय का स्रोत भी कृषि ही माना जाता है। मिल्ला गांव अपनी पहाड़ी लोक संस्कृति के लिए भी खासा जाना जाता है। यहां हर वर्ष खोड़ा उत्सव, दीपावली इत्यादि त्योहार धूमधाम से मनाए जाते हैं। मिल्ला में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय है, तो वहीं इस गांव से पूर्व में अनेक व्यक्तियों ने विभिन्न विभागों से उच्च पदों तक का सफर तय किया है। मिल्ला गांव की जनसंख्या 800 के करीब है। गांव में एक आयुर्वेदिक डिस्पेंसरी है, जो वर्तमान में किराए के मकान में चल रही है। नए भवन के लिए बजट स्वीकृत अभी तक नहीं हो पाया है। गांव में एक पशु चिकित्सा डिस्पेंसरी के अलावा एलोपैथिक डिस्पेंसरी भी मौजूद है। दो आंगनबाड़ी केंद्र भी मौजूद हैं।



हेमराज राणा (शिलाई)




### प्रो. अमर सिंह चौहान ने जगाई शिक्षा की अलख

**अनेक** प्रसिद्ध समाजसेवी भी इस गांव से रहे हैं। नामी शिक्षाविद् एवं पूर्व प्रिंसिपल प्रो. अमर सिंह चौहान राजकीय महाविद्यालय नाहन में प्रधानाचार्य के पद पर अनेक वर्षों तक रहे। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में समस्त सिरमौर ही नहीं, बल्कि हिमाचल प्रदेश के अलग-अलग क्षेत्रों में भी शिक्षा की अलख जगाई। सेवानिवृत्ति के बाद उन्होंने समाजसेवा में सिरमौर में सामाजिक संस्था की शुरुआत की। यही नहीं, सैकड़ों आंखों के निशुल्क कैंप लगवाए और जरूरतमंद छात्रों का शिक्षा के साथ आर्थिक सहयोग किया।



### मुख्य अभियंता रहे स्व. वीर सिंह राणा गांव की शान

**गांव** से ही स्व. वीर सिंह राणा ने जलशक्ति विभाग में कनिष्ठ अभियंता से लेकर मुख्य अभियंता जलशक्ति विभाग का सफर तय किया और हिमाचल प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में अपनी सेवाएं प्रदान कीं। इन सेवाओं के लिए वह जनता, सरकार एवं प्रशासन में खासे लोकप्रिय रहे हैं। अपने कार्यकाल में जितनी भी उठाऊ पेयजल योजनाओं एवं गांव में कार्य किया उन कार्यों को समय पर पूरा करना स्व वीर सिंह राणा की खूबी थी। वह हिमाचल प्रदेश चयन आयोग में वर्षों तक (टेक्निकल एक्सपर्ट) अधिकारी रहे, तो वहीं समाजसेवा के लिए भी लोकप्रिय माने जाते थे। उन्होंने समय-समय पर अपने क्षेत्र में समाज के लोगों की हर संभव सहायता करने का प्रयास किया और जनता ने भी उन्हें भरपूर सहयोग दिया।



### युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत पुष्पा राणा

**मिल्ला** गांव की बेटी कुमारी पुष्पा राणा अंतरराष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी हैं, जिन्होंने अपनी काबिलियत और हुनर से अपनी पहचान बनाई। गांव एवं समाज खासकर युवाओं के लिए पुष्पा राणा प्रेरणा स्रोत है। उन्होंने विकट परिस्थितियों में भी खेल के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान स्थापित की। उन्होंने छठी कक्षा से ही खेलों में रुचि लेना शुरू कर दिया था। अध्यापकों व परिवार से मिले सहयोग से वह खेलकूद प्रतियोगिताओं में निरंतर आगे बढ़ी रही है।




### स्व. जीत सिंह राणा कई लोगों के आदर्श

**स्व.** जीत सिंह राणा मिल्ला पंचायत के कई बार प्रधान पद पर सुशोभित रहे। उन्होंने अपने कार्यकाल में कई विकास कार्य करवाए। उन्होंने पंचायत को सड़क से जोड़ने और हाई स्कूल खुलवाने में अहम भूमिका निभाई। इसके अलावा उन्होंने समाजसेवा में गहरी रुचि ली और लोगों की सहायता के लिए दिन-रात काम किया। कई लोग आज भी उन्हें अपना आदर्श मानते हैं।



### शिल्पकार और नक्काशी के धनी रहे स्व. सोजू राणा

**मिल्ला** गांव में एक प्राचीन धरोहर भी मौजूद है। गांव में छतों के पतलें और मजबूत स्लेटों की छोटी खान भी उपलब्ध है। छतों के स्लेटों के साथ-साथ दीवारों को खड़ा करने वाले अद्भुत नक्काशीदार और मजबूत पत्थर भी उपलब्ध होते हैं। गांव के खास तरह के पत्थरों की हिमाचल प्रदेश ही नहीं, बल्कि उत्तराखंड और अन्य राज्यों तक मांग रहती है। इन पत्थरों के निर्माता कहे जाने वाले इसी गांव के शिल्पकार एवं अद्भुत नक्काशी के धनी व्यक्तित्व रहे स्व. सोजू राणा जी। उन्होंने अपने हुनर और कड़ी मेहनत से पत्थरों को सुंदर आकार देकर उनकी परतें तराशीं। पत्थरों का निर्यात वर्तमान में भी अन्य व्यक्तियों के द्वारा जारी है।



### इन्होंने बढ़ाई गांव की शान

**गांव** के ही स्व. तुलसी राम फॉरेस्ट रेंजर पद से सेवानिवृत्त हुए। उन्होंने अपने कार्यकाल को बहुत ही परोपकारिता के रूप में निभाया। गांव से अधिकांश लोग (धिरवान) बिरादरी के हैं, जिनका आगमन जानकारी अनुसार राजस्थान के बिजनौर से बताया जाता है। धिरवान शिलाई के धिराईना गांव में भी मौजूद हैं जहां से विश्व विजेता रेसलिंग कि दुनिया में खलबली मचाने वाले दिलीप सिंह राणा उर्फ द ग्रेट खली हैं। इसी गांव से स्व. सोभा राम चौहान, जो मिल्ला पंचायत से सर्वप्रथम और अनेक दफा पंचायत प्रधान रहे। सोभा सिंह हिमाचल के प्रथम मुख्यमंत्री डॉ. यशवंत सिंह परमार के करीबी माने जाते थे। मिल्ला गांव से ही जानकी देवी, आत्मा राम धीमान, सुरमी देवी, स्व. मोहर सिंह राणा, गुमान सिंह राणा और सुरेंद्र राणा भी पंचायत प्रधान रहे। स्व. पंडित बुधिया राम शर्मा आध्यात्मिक ज्ञान के क्षेत्र में अग्रणी रहे। वर्तमान में प्रताप सिंह राणा विद्युत विभाग में सहायक अभियंता के रूप में सराहनीय सेवाएं शिमला में प्रदान कर रहे हैं, तो वहीं दलवीर सिंह राणा लोक निर्माण विभाग में सहायक अभियंता हैं। देशराज शर्मा केंद्रीय यूनियन बैंक के प्रबंधक के रूप में मुंबई में सेवाए दे रहे हैं। इंद्र सिंह राणा सेनाधिकारी जेसीओ के पद पर पुणे में कार्यरत हैं। स्व. परस राम चौहान भी प्रसिद्ध प्रभु भक्त माने जाते रहे हैं।

### शिरगुल महाराज का बन रहा नया मंदिर

**मिल्ला** गांव में एक प्रसिद्ध प्राचीन शिरगुल महाराज का मंदिर भी है। मंदिर का नवनिर्माण कार्य प्रगति पर है। गांव का प्रत्येक व्यक्ति मंदिर निर्माण कार्य में सहयोग कर रहा है। गांव में हर वर्ष देव जागरण भी किया जाता है।



# चिट्टे समेत पकड़ा नशा तस्कर

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

जिला बद्दी पुलिस का नशे के खिलाफ लगातार अभियान जारी है। पुलिस टीम ने 4.110 ग्राम चिट्टे समेत एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान बलविंद्र उर्फ रिक्की पुत्र जीत राम निवासी पलासड़ा से हुई, जो कि पिछले काफी समय से चिट्टा तस्करी का काम कर रहा था। पुलिस टीम को सूचना मिली कि पलासड़ा में एक युवक काफ़ी समय से चिट्टा तस्करी कर रहा है, जिस पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने युवक से 4.110 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है।

एसपी बद्दी इल्मा अफरोज ने कहा कि पुलिस जिला बद्दी से चिट्टा को मुक्त करना प्राथमिकता है और उस पर काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बद्दी पुलिस इस दिशा में पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।

# मोबाइल स्नैचिंग गिरोह के तीन युवक गिरफ्तार, इनमें दो नाबालिग

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

पुलिस थाना बरोटीवाला ने मोबाइल स्नैचिंग गिरोह के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया, जिसमें दो नाबालिग शामिल है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है।

आरोपी की पहचान प्रशांत कुमार पुत्र नरेंद्र चौहान निवासी राजपुरा जिला संभल, उत्तर प्रदेश से हुई और दो नाबालिग शामिल है। ये चोर गिरोह झाड़माजरी एरिया में कुछ समय से मोबाइल स्नैचिंग की घटनाओं को अंजाम दे रहा था।

पुलिस ने आरोपियों के पास से एक मोटरसाइकिल भी बरामद किया है। डीएसपी बद्दी अभिषेक ने बताया कि मोबाइल स्नैचिंग की घटनाओं को अंजाम देने वाले तीन को हिरासत में लिया, जिसमें दो नाबालिग शामिल है।

**नशे पर शिकंजा** — तीन आरोपियों के कब्जे से 2 लाख 29 हजार 220 रुपए के नोट बरामद

# संगठित अपराध पर मंडी जिला पुलिस की नशे पर करारी चोट

**उमेश भारद्वाज, सुंदरनगर**

प्रदेश पुलिस ने नशे के सौदागरों के खिलाफ सर्जिकल स्ट्राइक की। इस अभियान के तहत पुलिस टीमों ने नशे के व्यापार में लगातार संलिप्त रहने वाले आरोपियों पर औचक कार्रवाई करते हुए सप्लाई लाइन को तोड़ने की कोशिश गई है।

मंडी सदर ने कार्रवाई करते हुए पुलिस थाना सदर की नशे के खिलाफ गठित एसआईयू टीम ने मंडी शहर के जेल रोड की रहने वाली कुख्यात नशा तस्कर उमा देवी उर्फ मोमबत्ती के साथ उसके बेटे अरुण भट्टी और पंजाब के जालंधर के रहने वाले रिश्तेदार अभिषेक को गिरफ्तार कर आगामी जांच शुरू कर दी है। पुलिस टीम ने आरोपियों से 2 लाख 29 हजार 220 रुपए जब्त किए। पुलिस टीम ने इस पूरे अभियान को एसपी मंडी साक्षी वर्मा के नेतृत्व में बखूबी से अंजाम दिया गया और एएसपी मंडी सागर चंद्र टीम के साथ मौजूद रहे।



पुलिस थाना सदर की विशेष टीम एसआईयू टीम को जेल रोड की रहने वाली उमा देवी और उसके परिवार के अन्य सदस्यों द्वारा अपने मकान में लोगों को हेरोइन तथा स्मैक बेचने का काम करने की सूचना प्राप्त हुई थी। इस पर पुलिस टीम ने उपरोक्त महिला के घर की निगरानी करने के बाद दबिश दी गई। पुलिस ने तीसरी मंजिल पर बने रसोईघर में मौजूद एक प्लास्टिक के जार में रखे धनिए के अंदर से 34 ग्राम हेरोइन बरामद की गई है। मामले में पुलिस ने रविवार को सभी आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया और न्यायालय ने आरोपियों को 3 दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया है।

### आरोपी जालंधर से मंडी पहुंचाता था हेरोइन

उमा देवी से जांच में पुलिस ने पाया कि आरोपी जालंधर से हेरोइन लाकर इनके पास मंडी पहुंचाता था और महिला तथा उसका बेटा अरुण भट्टी लोगों को ऊंचे दामों पर हेरोइन बेचते थे। तीनों आरोपियों ने यह नोट चिट्टे का व्यापार करके कमाए हैं। आरोपी बरामद करंसी नोटों को लेकर कोई संतोषजनक जबाब और आय का साधन के साधन में नहीं बता पाए।

### उमा देवी के खिलाफ 7वीं एफआईआर दर्ज

उमा देवी के खिलाफ 7वां तो उसके 26 वर्षीय बेटे अरुण भट्टी के खिलाफ 5वां एफआईआर दर्ज की गई है। हैरानी की बात यह है कि उमा देवी के खिलाफ इससे पूर्व कुल 6 एफआईआर पुलिस थाना सदर मंडी में एनडीपीएस एक्ट में दर्ज हैं। वहीं अरुण भट्टी के खिलाफ इससे पूर्व 4 एफआईआर विभिन्न पुलिस थानों में दर्ज हैं।

### क्या बोलीं एसपी मंडी साक्षी वर्मा

एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने बताया कि नशे के खिलाफ मंडी पुलिस द्वारा विशेष अभियान के तहत कार्रवाई अमल में लाई गई है। पुलिस थाना सदर ने नशे के व्यापार में संलिप्त महिला उमा देवी के मकान में चेकिंग में हेरोइन बरामद की है। मामले में उमा देवी, उसके बेटे और रिश्तेदार के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया है। इसके साथ आरोपियों से नशे के व्यापार से कमाई गई धनराशि भी पुलिस ने कब्जे में ली गई है। मामले में पुलिस की आगामी जांच जारी है।





## न्यूज ब्रीफ

### पुड़वा के सुनील भारोत्तोलन के नेशनल रेफरी



**अनंत ज्ञान, डरोह।** रेनबो वर्ल्ड स्कूल की शाखा खेलों की खेलो इंडिया यूनिट नगरोटा बगवां में 6 से 13 अक्तूबर तक राष्ट्रीय भारोत्तोलन खेल प्रतियोगिता की तीनों श्रेणियों (सब-जूनियर, जूनियर व सीनियर वर्ग) का आयोजन किया गया, जिसमें पूरे देश के खिलाड़ियों ने भाग लिया। इसके साथ ही यहां पर राष्ट्रीय स्तर पर भारोत्तोलन रेफरी बनने के लिए लिखित परीक्षा का भी आयोजन किया गया। इस लिखित परीक्षा में विभिन्न राज्यों से आए खिलाड़ियों तथा खेल से संबंधित लोगों ने परीक्षा में भाग लिया। पुड़वा स्कूल के शारीरिक शिक्षा के प्रवक्ता सुनील कुमार राणा ने भी इस लिखित परीक्षा में भाग लिया तथा प्रथम बार में ही इस परीक्षा को उत्तीर्ण कर लिया। सुनील राणा की इस उपलब्धि पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पुड़वा के प्रधानाचार्य, प्राध्यापक वर्ग, अध्यापक वर्ग, गैर शिक्षा वर्ग तथा समाज के प्रतिष्ठित गण्यमान्य व्यक्ति, संस्थाओं तथा परिवार संबंधी वर्ग ने बधाई दी। इससे पूर्व सुनील कुमार राणा भारोत्तोलन खेल के खिलाड़ी रहे है, यह इंटरकॉलेज चैंपियनशिप में दो गोल्ड मेडल तथा एक सिल्वर मेडल विजेता रहे हैं। उन्होंने दो बार ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी का भी नेतृत्व किया है।

### सीएसयू में दो दिवसीय नेशनल सेमिनार शुरू



**अनंत ज्ञान, परागपुर।** केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के बलाहर स्थित वेदव्यास परिसर व ठाकुर राम सिंह इतिहास शोध संस्थान नेरी (हमीरपुर) के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ किया गया। भारतीय ज्ञान परंपरा में हिमाचल प्रदेश का अवदान विषय पर आरंभ हुए इस राष्ट्रीय सेमिनार में देश भर के कई विद्वान हिस्सा ले रहे हैं। जानकारी देते वेदव्यास परिसर की निदेशक प्रो. सत्यम कुमारी एवं इस सेमिनार के संयोजक व शिक्षा विभाग के सहायकाचार्य डॉ. मुकेश शर्मा ने बताया कि इस दो दिवसीय सेमिनार में देश के विभिन्न राज्यों के विद्वानों ने अपना पर वचन हेतु रजिस्ट्रेशन करवा ली है। सेमिनार के मुख्यातिथि हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के शाहपुर परिसर के निदेशक प्रोफेसर भागचंद चौहान रहे। उन्होंने जोर देकर कहा कि हमें इस ज्ञान को वर्तमान समय में भी प्रायोगिक रूप से शोध करना चाहिए। प्रो. चौहान ने हिमाचल प्रदेश को ऋषि-मुनियों की भूमि बताते हुए मनु, महर्षि वेदव्यास और अन्य ऋषियों के योगदान का उल्लेख किया।

### 6.07 ग्राम चिट्टे के साथ एक गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** जिला के पुलिस थाना कांगड़ा के तहत बस स्टैंड कांगड़ा के पास महेंद्र शर्मा निवासी चैलियां डाकघर कुठेड़ से 6.07 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया। इस संदर्भ में पुलिस थाना कांगड़ा में आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। उधर डीएसपी कांगड़ा अंकित शर्मा ने मामले की पुष्टि की है।

### सौहड़ा में जुआ खेलते नकदी समेत 4 काबू

**अनंत ज्ञान, गगल।** पुलिस थाना गगल के तहत चार लोगों को जुआ खेलते हुए नकदी सहित काबू करने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार पुलिस टीम जब गश्त पर थी तो सौहड़ा खेल मैदान में सतीश कुमार निवासी इच्छी तहसील व ज़िला कांगड़ा, बीटु कुमार निवासी वार्ड नं. 7, सौहड़ा तहसील व जिला कांगड़ा, कृपाल सिंह निवासी वार्ड नं. 6, सौहड़ा व अजय कुमार निवासी वार्ड 7, सौहड़ा को जुआ खेलते हुए ताश के 52 पत्तों व 3,850 रुपए की नकदी सहित पकड़ा है। इस संदर्भ में पुलिस थाना गगल में भारतीय जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। उधर डीएसपी कांगड़ा अंकित शर्मा ने मामले की पुष्टि की है।

# ई-केवाईसी न करवाने पर कांगड़ा चंबा के 23 हजार राशन कार्ड ब्लॉक

## विभाग ने कांगड़ा जिले में 19 हजार और चंबा में 4 हजार कार्ड किए बंद

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

ई-केवाईसी नहीं करवाने वाले राशन कार्डों को विभाग ने ब्लॉक करना शुरू कर दिया है। जानकारी के अनुसार प्रदेश के कांगड़ा और चंबा जिलों में करीब 23 हजार राशन कार्ड खाद्य आपूर्ति विभाग ने ब्लॉक कर दिए हैं। यानी अब इन लोगों को राशन डिपुओं तब तक सस्ता राशन नहीं मिलेगा। लिहाजा जब तक ये उपभोक्ता अपनी ई-केवाईसी नहीं करवा लेते, तब तक इनके कार्ड ब्लॉक रहेंगे तथा ये सस्ते राशन की सुविधा से वंचित रहेंगे। जिला कांगड़ा में विभाग ने करीब 19 हजार और चंबा जिले के लगभग 4000 राशन कार्ड ब्लॉक कर दिए हैं।

गौर रहे कि कांगड़ा में 386282 लोगों और चंबा जिला में 161646 लोगों ने ई- केवाईसी नहीं करवाई है। विभाग की मानें तो जल्द ही सभी राशन कार्डों को ब्लॉक कर दिया जाएगा, जिसके बाद उपभोक्ताओं को डिपुओं से मिलने वाले सस्ते राशन पर कट लग जाएगा है। खाद्य एवं आपूर्ति विभाग ने प्रदेश भर के उपभोक्ताओं को विभाग में 30 सितंबर तक ई-केवाईसी करवाने की मोहलत दी थी, लेकिन अकेले कांगड़ा जिला में ऐसे 24000 राशन कार्ड हैं, जिनकी ई-केवाईसी नहीं हो पाई है। वहीं, प्रदेशभर में ये आंकड़ा लाखों में है। जानकारी के अनुसार प्रदेश के 16 लाख उपभोक्ताओं ने अभी ई-केवाईसी नहीं करवाई है। कुल आंकड़ों के अनुसार प्रदेश में अब तक कुल 73 लाख में से 57 लाख उपभोक्ता ई-केवाईसी करवा चुके हैं, जबकि करीब सवा 16 लाख की ई-केवाईसी होना बाकी है। (अनंत ज्ञान)




**प्रदेश के लाखों उपभोक्ताओं पर हो सकती है कार्रवाई**

### ऐप लांच करने की तैयारी में विभाग

**राशन** कार्ड धारकों को और सुविधा देने के लिए जल्द ही ऐप लांच करने जा रहा है। इस ऐप को उपभोक्ता अपने मोबाइल में डाउनलोड कर अपनी केवाईसी घर बैठे कर सकेंगे। अभी तक इस ऐप मास्टर ट्रायल चल रहा है। विभाग जल्द ही इसे लांच कर लोगों को और सुविधा दे देगा।

### क्या कहते हैं जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक



**जानकारी** देते हुए जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक पुरुषोत्तम सिंह पंवर ने बताया कि कांगड़ा जिला में 76 प्रतिशत के करीब ई-केवाईसी हो चुकी है, जबकि 24 प्रतिशत लोगों की ई-केवाईसी नहीं हो पाई है। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील है कि वे ई-केवाईसी को पूरा करें, ताकि उनके राशन कार्ड पर उन्हें सुचारु आपूर्ति प्राप्त हो सके। जिन राशन कार्ड में किसी भी सदस्य ने ई-केवाईसी नहीं करवाई है, ऐसे राशन कार्डों को ब्लॉक करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

# इंदौरा में 31.52 ग्राम हेरोइन के साथ दो आरोपी गिरफ्तार



**अशोक ठाकुर, इंदौरा**

पुलिस जिला नूरपुर के एसपी अशोक रतन द्वारा चलाए गए नशे के खिलाफ अभियान के तहत विधानसभा क्षेत्र इंदौरा के अंतर्गत दो अलग-अलग स्थान से दो व्यक्तियों से 31.52 ग्राम हेरोइन पकड़ने में सफलता प्राप्त की है। इस संबंध में जानकारी देते हुए एएसपीधर्मचंद वर्मा ने बताया कि थाना इंदौरा के अंतर्गत पठानकोट जालंधर मार्ग पर गांव धमोता में गुप्त सूचना के आधार पर नाम वीर सिंह उर्फ बादल पुत्र हंसराज निवासी धमोता के पास से उसके रिहायशी मकान से 7. 32 ग्राम हीरोइन पकड़ने में सफलता प्राप्त की है।

वहीं, दूसरी ओर थाना डमटाल के अंतर्गत गांव भद्रोया में राजकुमार उर्फ सेठी पुत्र दौलत राम निवासी भद्रोया तहसील इंदौरा के तौर पर की तलाशी के घर की तलाशी के दौरान 24. 2 ग्राम हेरोइन पकड़ने में सफलता प्राप्त की है। इन दोनों आरोपियों पर मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज करके आगामी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। (अनंत ज्ञान)

## कांगड़ा एयरपोर्ट पर मनाया हवाई यातायात दिवस समारोह



**अनंत ज्ञान, गगल**

कांगड़ा एयरपोर्ट पर आज हवाई यातायात दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया, जिसका शुभारंभ गग्गल एयरपोर्ट के निदेशक धीरेंद्र सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में किया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए एयरपोर्ट के वरिष्ठ प्रबंधक शैलेश कुमार व एटीसी के प्रभारी अमित सकलानी ने बताया के विमान यातायात नियंत्रकों के योगदान को मान्यता देना और सम्मान करना ही हमारा कर्तव्य है सकलानी ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय एटीसी दिवस हर साल 20 अक्तूबर को मनाया जाता है, जो विमानन में विमान यातायात नियंत्रकों की महत्वपूर्ण भूमिका को मान्यता देता है। निदेशक ने बताया कि कांगड़ा हवाई अड्डा, जिसे गगल हवाई अड्डे के नाम से भी जाना जाता है, हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले में स्थित एक क्षेत्रीय हवाई अड्डा है, जो भारत के प्रमुख शहरों दिल्ली चंडीगढ़ एवं शिमला के लिए इंडिगो स्पाइसजेट एवं अलाइंस एयर द्वारा नियमित उड़ने संचालित करता है।

## गुराला में बाबा भरथरी का दंगल 27 को



**डाडासीबा।** डाडासीबा के गुराला गांव में बाबा भरथरी दंगल का 27 अक्तूबर को होगा। इस दंगल में देश के नामी पहलवान अखाड़े में अपना जौहर दिखाएंगे। इस दंगल के लिए कमेटी ने भी तैयारियां मुक्कमल कर ली हैं। बाबा भरथरी दंगल कमेटी गुराला के प्रधान बलविंदर सिंह ने बताया 27 अक्तूबर को दंगल का आयोजन किया जा रहा है। इसमें हिमाचल, पंजाब और हरियाणा के पहलवानों के बीच जोर अजामाइश होगी। पहलवानों की दंगल में 1 बजे से लेकर 3 बजे तक ही एंट्री की जाएगी। उन्होंने बताया फाइनल मुकाबले में दोनों पहलवानों को 21000 रुपए की राशि दी जाएगी।

## मनसिंबल में मनाया श्री सत्य साई बाबा का अवतार दिवस

**राकेश डोगरा, डरोह**

श्री सत्य साई सेवा संगठन पालमपुर जोन द्वारा 20 अक्तूबर को सत्य साई सेवा समिति भवारना मनसिंबल के सौजन्य से भगवान सत्य साई बाबा का अवतार दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर पालमपुर जोन की कई समितियों ने भाग लिया। सत्य साई सेवा संगठन पालमपुर जोन के अध्यक्ष रोशन लाल रैणा ने बताया कि इस मौके पर दो वक्ताओं केएन शर्मा और अजय अवस्थी ने भगवान बाबा के अवतार के बारे में अपने विचार रखे। इस दौरान रोशन रैणा ने कहा कि सत्य साई सेवा संगठन पालमपुर जोन में निस्वार्थ कार्यों के लिए अग्रणी



भूमिका निभा रहा है और भविष्य में इन कार्यों में और तेजी लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि श्री सत्य साई बाबा ने पहली बार 20 अक्तूबर,1940 में यह घोषणा की थी कि वह साक्षात भगवान के अवतार हैं।

पूरे विश्व में 20 अक्तूबर का दिन अवतार हुड़ के रूप में मनाया जाता है। श्री सत्य साई बाबा का जन्म 23 नवंबर 1926 को तेलांगाना जिले में हुआ था। सत्य साई बाबा ने अपने जीवन काल में निस्वार्थ सेवा का उदाहरण प्रस्तुत करते हुए कई कार्यों का क्रियान्वयन किया। इस मौके पर करवा चौथ व्रत होने के बावजूद कई महिला बाबा भक्तों ने भाग लिया। सत्य साई सेवा समिति मनसिंबल द्वारा इस मौके पर कई भक्तों को सम्मानित किया गया। (अनंत ज्ञान)

# हेल्थ इज वेल्थ

## हलके में नहीं लें दांतों का दर्द

### हो सकती हैं हार्ट और थायराइड से जुड़ी समस्याएं



**यदि आपके दांतों में दर्द हो रहा है तो उसे कतई हलके में न लें, क्योंकि यह किसी बड़ी बीमारी का भी संकेत हो सकते हैं। हेल्थ एक्सपर्ट डॉ. एनके गुप्ता ने बताया कि दांतों में दर्द की समस्या आम है, लेकिन कई बार दर्द ज्यादा होने पर भी लोग डॉक्टर के पास नहीं जाते हैं। दांतों की समस्या को नजरअंदाज करना कई बार घातक भी हो सकता है क्योंकि दांतों का दर्द हमेशा आम नहीं होता। डॉ. गुप्ता ने बताया कि दांत में दर्द की शिकायत लेकर आए मरीजों में थायराइड से जुड़ी हुई समस्याएं मिली हैं। बीते कुछ सालों में यह अध्ययन किया है कि यदि किसी मरीज के दांत में दर्द है तो उसे अपना थायराइड चेक करवा लेना चाहिए, उसे हाइपोथायरायडिज्म हो सकता है।**

#### पायरिया गंभीर बीमारी का संकेत

**यदि** आपके दांत में तकलीफ है और दांत दर्द देते हैं तो आप सतर्क हो जाए। यह समस्या सिर्फ दांतों की नहीं है, बल्कि शरीर के किसी दूसरे हिस्से में कोई गंभीर बीमारी पनप रही है। कई अध्ययनों में यह पाया गया है कि दांतों में दर्द ब्लड प्रेशर, शुगर, हार्ट अटैक जैसी बीमारियों की दस्तक के साथ शुरू होता है।

#### क्या है पायरिया ?

**पायरिया** दांत में होने वाली सबसे गंभीर बीमारी है। डॉक्टर गुप्ता का कहना है कि यदि आप मुंह की और दांतों की सफाई सही तरीके से नहीं करते और दांतों में फंसा हुआ खाना लंबे समय तक दांत के बीच में रहता है तो इसमें कई किस्म के वायरस और बैक्टीरिया पनपने लगते हैं। यही माइक्रो ऑर्गेज्म धीरे से दांत के आसपास घर बना लेता है जो दांतों को कमजोर कर देता है। इसी की वजह से मुंह से दुर्गंध, मसूड़ों से खून और यहां तक की दांत से मवाद तक निकलने लगता है। डॉक्टर का कहना है कि इसे ठीक किया जा सकता है लेकिन इसमें कई बार मरीज के दांत भी निकालने पड़ते हैं। इसलिए डॉक्टर की सलाह है की दांतों की सफाई नियमित और सही ढंग से करें।

#### दांत में दर्द हो तो क्या करें

**यदि** दांतों में लगातार दर्द बना रहता है तो मरीज को दांत के इलाज के साथ ही अपने शरीर के दूसरे अंगों की जांच भी करवानी चाहिए, क्योंकि शरीर में कई बीमारियां ऐसी होती हैं जिनका पता शुरुआती तौर पर नहीं चलता और जब तक जानकारी मिलती है तब तक स्थितियां बिगड़ चुकी होती हैं। जैसे यदि किसी को हार्ट की प्रॉब्लम है तो इसका पता शुरुआत में नहीं लग पाता। लेकिन यदि दांतों में दर्द है तो डॉक्टर का कहना है कि एक बार मरीज को अपनी शुगर हार्ड और अब थायराइड की जांच करवा लेनी चाहिए। क्योंकि यह सभी बीमारियां एक दूसरे से जुड़ी हुई हैं और दांत की तकलीफ का पता आसानी से लग जाता है तो यह एक बड़ा संकेत माना जा सकता है।



डॉ. एनके गुप्ता
हेल्थ एक्सपर्ट

#### दांत दर्द को न लें हलके में

**वहीं** डॉ. गुप्ता का कहना है कि यदि एक बीमारी का इलाज सही ढंग से हो जाए तो दूसरी बीमारी भी बहुत हद तक ठीक हो जाती। मतलब पायरिया का इलाज सही ढंग से करवाया जाए तो ब्लड शुगर बहुत हद तक कंट्रोल हो जाता है और यदि मधुमेह का इलाज सही ढंग से करवाया जाए तो पायरिया बहुत हद तक कंट्रोल हो सकता है। इसलिए दांत के दर्द को हल्के में मत लें और घरेलू इलाज करने से बचें। एक बार किसी जानकार डॉक्टर की सलाह जरूर लें, क्योंकि दांत का दर्द एक संकेत मात्र है।

**प्रस्तुति : मोहन चौहान, सोलन**

**थायरॉयड कैंसर भले ही आम कैंसर न हो, लेकिन इसके मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है, जबकि फेफड़े, ब्रेस्ट,ओवेरियन या यटेरिन के कैंसर ज्यादा आम हैं। थायरॉयड कैंसर के स्वास्थ्य पर गंभीर रूप से प्रभाव हो सकते हैं। गर्दन के निचले हिस्से में स्थित थायरॉयड ग्रंथि ही वह जगह है जहां यह कैंसर विकसित होता है, जो शरीर के चयापचय, हृदय गति और अन्य आवश्यक कार्यों को प्रभावित करता है। थायरॉयड कैंसर कई रूपों में प्रकट हो सकता है, जिनमें से प्रत्येक का शरीर पर अलग प्रभाव होता है।**



## महिलाओं में तेजी से बढ़ रहा थायराइड कैंसर

### 50 प्रतिशत से अधिक मामले पैपिलरी थायरॉयड कैंसर के

**पैपिलरी थायरॉयड कैंसर :** पैपिलरी थायरॉयड कैंसर सबसे आम प्रकार है, जो 50 प्रतिशत से अधिक मामलों में होता है। यह अपनी धीमी वृद्धि और गर्दन में लिम्फ नोड्स तक फैलने की क्षमता के लिए जाना जाता है। हालांकि, फैलने की अपनी प्रवृत्ति के बावजूद इसका अक्सर समय पर इलाज होने पर अच्छा निदान होता है।

**फॉलिक्युलर थायरॉयड कैंसर :** कोलंबिया विश्वविद्यालय द्वारा प्रकाशित शोध के अनुसार, इस रूप में हर्थल सेल कैंसर शामिल है और इसके फेफड़ों और हड्डियों जैसे अंगों तक फैलने की अधिक संभावना है। यह कम आम है, लेकिन इसकी आक्रामक प्रकृति के कारण सावधानीपूर्वक ध्यान देने की आवश्यकता है।

**मेडुलरी थायरॉयड कैंसर :** मेडुलरी थायरॉयड कैंसर काफी दुर्लभ है, लेकिन यह आनुवंशिक स्थितियों से जुड़ा हो सकता है। इसके आक्रामक स्वभाव के कारण अक्सर इसमें तुरंत हस्तक्षेप की आवश्यकता होती है।

**एनाप्लास्टिक थायरॉयड कैंसर :** यह थायरॉयड कैंसर का एक बहुत ही दुर्लभ और आक्रामक रूप है जो तेजी से फैलता है, जिसके लिए तुरंत उपचार की आवश्यकता होती है।

### कारण और जोखिम कारक

**थायरॉयड** कैंसर कई कारणों से विकसित हो सकता है, और जोखिम कारकों को समझना शुरुआती पहचान के लिए ज़रूरी है। थायरॉयड कैंसर 40 से अधिक उम्र के लोगों में अधिक आम है। थायरॉयड कैंसर या स्तन या वृषण कैंसर जैसे अन्य कैंसर का पारिवारिक इतिहास भी जोखिम को बढ़ाता है। बढ़े हुए गोइटर, आयोडीन की कमी या थायरॉयडिटिस (थायरॉयड ग्रंथि की सूजन) जैसी स्थितियां कैंसर के विकास में योगदान कर सकती हैं।



## विटामिन ए की कमी से आंखें होती हैं कमजोर



**कुछ लोगों की नजर कम उम्र में ही कमजोर होने लगती है। उनके आंखों की रोशनी इतनी कम हो जाती है कि धुंधला दिखने लगता है। ऐसे में नंबर वाले चश्मा का सहारा लेना पड़ता है। लेकिन आपने कभी सोचा है कि आखिर किस विटामिन की कमी से आंखों की रोशनी कमजोर होती है। बता दें, हमारा शरीर कई मिनिरल्स और विटामिन से मिलकर बना है। ऐसे में कुछ विटामिन की कमी का बुरा प्रभाव हमारी आंखों पर पड़ता है। तो, चलिए जानते हैं आंखों की रौशनी किस विटामिन की कमी से कमजोर होती है और उसे बढ़ाने के लिए क्या करना चाहिए?**

शरीर में विटामिन ए की कमी होने पर आंखें कमजोर होने लगती हैं। विटामिन ए आंखों की रोशनी, स्किन, हड्डियों और शरीर की अन्य कोशिकाओं को मजबूत रखने में काफी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। विटामिन ए की कमी आपको जीवन भर के लिए आंखों की रोशनी से वंचित कर सकती है। चलिए आपको बताते हैं विटामिन ए की कमी के लक्षण क्या हैं और इसकी कमी कैसे पूरी की जाए?

#### विटामिन ए की कमी के लक्षण

विटामिन ए की कमी होने पर स्किन जरूरत से ज्यादा रूखी और बेजान हो जाती है। गले में बार-बार खराश या इंफेक्शन भी इस कमी का लक्षण है। विटामिन ए की कमी होने पर रतौंधी हो सकती है। साथ ही महिलाओं को गर्भ धारण करने में परेशानी होती है। अगर कोई घाव सूखने में जरूरत से ज्यादा समय लगे तो समझ जाएं शरीर में विटामिन ए की कमी हो गयी है। अगर हड्डियां कमजोर हैं तो विटामिन डी ही नहीं विटामिन ए का भी टेस्ट कराएं।

#### इन चीजों को डाइट में करें शामिल

*विटामिन ए की कमी को पूरा करने के लिए आप वेज, नॉन वेज और प्लांट बेस्ड तीनों तरह के तरह के आहार अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं। अपनी डाइट में हरी पत्तेदार सब्जियां, अंडे, गाजर, पपीता के साथ पालक, दही, सोयाबीन और दूसरी पत्तेदार हरी सब्जियों का भी सेवन जरूर करें।*

## न्यूज ब्रीफ

### नाम्या ने जीता लिटिल मिस हरियाणा का खिताब



**सालबिया शर्मा, गरली।** गरली के निकटवर्ती गांव मणी (सूही ) की 6 साल की नाम्या पुत्री अंकुश शर्मा ने अपनी छोटी सी आयु में हरियाणा के अंबाला में हुई फैशन प्रतियोगिता में लिटिल मिस हरियाणा का खिताब जीतकर देवभूमि हिमाचल का नाम रोशन किया है। राह प्रोडक्शन ऑर्गनाइजर आशुतोष द्वारा अंबाला में करवाए गए इस कार्यक्रम में हरियाणा, पंजाब, हिमाचल आदि कई राज्यों के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। नाम्या ने इसमें प्रथम स्थान हासिल किया। 6 साल की आयु में ही नाम्या बहुत सारे खिताब अपने नाम कर चुकी है। बिग टैलेंट हंट में भी नाम्या दो बार डांस और मॉडलिंग में पहला और दूसरा स्थान हासिल कर चुकी है और इसके अलावा जलसा और अन्य बहुत सारे टैलेंट शो में भाग ले चुकी है। नाम्या शर्मा ने अपनी जीत का श्रेय अपने माता-पिता दीपिका शर्मा व अंकुश शर्मा, डांस टीचर्स जैरी जानू व गुरुजनों को दिया है। (अनंत ज्ञान)

### कल और परसों बंद रहेगी बिजली आपूर्ति

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** कांगड़ा स्थित 132 केवी विद्युत सब-स्टेशन घुरकड़ी के सहायक अभियंता ई. गुरभजन ने कहा कि आवश्यक मरम्मत एवं रख-रखाव के चलते 22 और 23 अक्तूबर को विभिन्न क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।




उन्होंने बताया कि 132 केवी विद्युत सब-स्टेशन घुरकड़ी के 11 केवी कांगडा नं. 1, 11 केवी. मंदल, 11 केवी दौलतपुर, 11 केवी सेराथाना, 11 केवी पीएसईबी के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। उन्होंने कहा कि अगर इस मौसम खराब रहा, तो यह कार्य अगले दिन किया जाएगा। वहीं, 23 अक्तूबर को कांगड़ा नं. 2, 11 केवी बगली, 11 केवी आरा, 11 केवी ओल्ड राजोल, 11 केवी लंज एक्सप्रेस, 11 केवी राजोल एक्सप्रेस फीडर के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक अथवा कार्य पूर्ण होने तक बाधित रहेगी।

### अवैध खनन पर वसूला 4.40 लाख रुपए जुर्माना



**अनंत ज्ञान, नूरपुर।** नूरपुर पुलिस जिला नूरपुर के एसपी अशोक रतन द्वारा खनन माफिया पर लगाम लगाते हुए की गई खनन माफिया पर कार्रवाई के तहत रविवार सुबह चक्की दरिया में थाना डमटाल के प्रभारी इंस्पेक्टर कल्याण सिंह ने अपनी टीम सहित जब दविश दी तो वहां पर अवैध खनन करने पर तीन पोकलेन मशीन, एक जेसीबी तथा छह टिप्परों से अवैध खनन अधिनियम के तहत कुल 4 लाख 40 हजार रुपए का जुर्माना वसूल किया गया। इसकी पुष्टि करते हुए एएसपी नूरपुर धर्मचंद वर्मा ने बताया के काफी दिनों से शिकायत मिल रही थीं कि चक्की दरिया में अवैध खनन जोरों पर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अवैध खनन करने की सूचना मिलने पर पुलिस द्वारा यह कार्रवाई अमल में लाई गई है तथा यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# फोरलेन सर्किट से जुड़े सूबे के प्रसिद्ध मंदिर

## ज्वालाजी, चिंतपूर्णी, बज्रेश्वरी व चामुंडा धाम तक पहुंचने वाले श्रद्धालुओं का सफर होगा सुहाना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



शिमला-मटौर फोरलेन



ज्वालाजी मंदिर

हिमाचल के प्रसिद्ध मंदिर फोरलेन सर्किट से भी जुड़ गए हैं, जिससे मंदिरों में माथा टेकने आने वाले भक्तों को बेहतर रोड कनेक्टीविटी मिलेगी। हिमाचल प्रदेश सैलानियों की पहली पसंदीदा सैरगाह है। हर साल लाखों की तादाद में सैलानी यहां की हसीन वादियों और पहाड़ों को करीब से निहारने के लिए पहुंचते हैं। इसके अलावा यहां पर प्रसिद्ध शक्तिपीठ भी मौजूद हैं। जिला कांगड़ा का बज्रेश्वरी मंदिर हो या मां ज्वालाजी या चामुंडा धाम के साथ-साथ माता चिंतपूर्णी या माता बगलामुखी का मंदिर हो, यहां हर साल लाखों की तादाद में श्रद्धालु माथा टेकने पहुंचते हैं।

इस लिहाज से रोड कनेक्टीविटी बेहतर होना सबसे पहले बड़ी चुनौती रहती है। मैदानी क्षेत्रों से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए पहाड़ की सर्पीली सड़कों पर सफर करना के लिए भी बड़ा चैलेंज रहता है। परंतु अब फोरलेन से सभी मंदिर जुड़ रहे हैं। मंडी-पठानकोट फोरलेन पठियार से होकर निकलेगा तो लोगों को मां चामुंडा के मंदिर में जाने की सुविधा मिलेगी। इसी तरह शिमला-मटौर फोरलेन मां ज्वालाजी और मां बज्रेश्वरी मंदिरों को कनेक्ट कर देगा। इसी तरह रानीताल से मुबारिकपुर तक बनने वाले 50 किलोमीटर लंबे फोरलेन से अब मां चिंतपूर्णी जाने वाले लोगों को बेहतर यातायात सुविधा मिल सकेगी। गौर हो कि मंडी-पठानकोट और शिमला-मटौर फोरलेन का काम तो जोर-शोर से जारी है और सोने पर सुहागा यह है कि केंद्र ने अब रानीताल से मुबारिकपुर को भी फोरलेन से जोड़ने की स्वीकृति प्रदान कर दी है। केंद्र सरकार के इस निर्णय से धार्मिक पर्यटन को काफी लाभ मिलेगा। कांगड़ा एयरपोर्ट का भी विस्तार किया जा रहा है। यहां पर इंटरनेशनल एयरपोर्ट बनने से टूरिस्टों की आमद में काफी बढ़ोतरी होगी और टूरिज्म इंडस्ट्री को काफी बूस्ट मिलेगा। हिमाचल सरकार भी कांगड़ा को टूरिज्म कैपिटल बनाने का ऐलान कर चुकी है और इस दिशा में प्रयास जारी है। ऐसा माना जा रहा है कि जल्द ही सभी प्रोजेक्ट साकार रूप ले लेंगे।

**सैलानियों की भी पसंदीदा सैरगाह है हिमाचल प्रदेश**

### इच्छी की सीमा ने करवा चौथ के दिन ली अंतिम सांस



**गगल।** जिस सुहागन ने अपने पति के लिए करवा चौथ का व्रत रखा था, उस सुहागन सीमा को यह पता नहीं था कि आज मेरा अंतिम करवा चौथ है। जानकारी के अनुसार सीमा को सुबह पेट में दर्द हुआ, जिसे तुरंत पुराना मटौर के पास निजी अस्पताल में ले जाया गया, जहां पर उसकी एंडोस्कोपी करवाई गई। एंडोस्कोपी करवाते वक्त ही सीमा की मौत हो गई। जैसे ही रविवार सुबह 9:30 बजे के लगभग सीमा की मौत का पता चलते ही हर गांववासी सन रह गया कि आखिर ऐसा क्या हो गया कि सीमा ने करवा चौथ के दिन ही अपने प्राण त्याग दिए। सीमा का पति शक्ति चंद गगल में हार्डवेयर की दुकान में काम करता है। वह अपने पीछे अपने पति शक्ति चंद दो बेटे साहिल, सचिन और दो बेटियां शिल्पा व शिफाली को छोड़ गई है। वहीं, इच्छी की प्रधान कुसुम लता ने प्रशासन से मांग की है कि इस निर्धन परिवार की आर्थिक सहायता की जाए।

# चीनी दीयो से नहीं मिट्टी के दीयों से जगमगाएगी दीपावली की रात

**अनंत ज्ञान, गगल**



दिवाली में मिट्टी के बने दीयो की जगमगाहट अलग ही अनुभव कराती है। इस क्षेत्र में दिवाली पर मिट्टी के दीये जलाने की परंपरा को कायम रखने में भेड़ी गांव के कुम्हारों की अहम भूमिका है।

इस बारे में जब कुम्हार मदन लाल से बात की गई तो उन्होंने कहा कि पहले तो दिवाली त्योहार हमारे लिए एक-दो दिन के लिए ही होता था, परंतु आजकल हमारे लिए दिवाली हर रोज होती है, क्योंकि मिट्टी से बने बर्तनों को लोग काफी पसंद करते हैं। यही कारण है कि अब हम मिट्टी के घड़े, सुराही, करवे, दीये व अन्य सामान बनाकर सड़क के किनारे बेचते हैं, जिससे हमारे लिए रोजी-रोटी कमाना अब आसान हो गया है। हमारा काम अब दिन-प्रतिदिन बढ़ता ही रहता है। मदन ने कहा कि इस वक्त हमारे गांव के कुम्हार सन्नी, अनूप, विनय कुमार, सुभाष और बिंदु मिट्टी के बर्तन बनाकर हर वर्ष रोजी-रोटी के साथ-साथ हजारों रुपए कमा लेते हैं।

उन्होंने कहा कि जब मेलों का दौर शुरू होता है, तो उस समय भी हम मेलों में दुकानें लगाकर काफी पैसा कमा लेते हैं।

**मिट्टी के घड़े, सुराही करवे और दीये बनाकर बेच रहे मदन लाल**

### विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं में अव्वल रहे प्रतिभागियों को मिले इनाम

# किड्स किंगडम स्कूल मनसिंबल ने धूमधाम से मनाया वार्षिक समारोह

**राकेश डोगरा, डरोह**



उपमंडल भवारना के अंतर्गत आने वाले मनसिंबल (भवारना) के किड्स किंगडम स्कूल का तीसरा वार्षिक समारोह विनीत पैलेस मनसिंबल में आयोजित किया गया। इसमें डॉ. ललिता शर्मा डायरेक्टर जनरल स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। किड्स किंगडम स्कूल के प्रिंसिपल ने मुख्यातिथि को पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया। उसके बाद वार्षिक समारोह की शुरुआत की गई।

स्कूल के प्रिंसिपल ममता शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि तीसरे वार्षिक समारोह में स्कूल के सभी बच्चों ने डांस कंपटीशन में भाग लिया। उन्होंने यह भी बताया कि स्कूल के सभी बच्चों ने बहुत ही अच्छी परफॉरमेंस दी। ममता शर्मा ने बताया कि इस कार्यक्रम में बच्चों के पैरेंट्स ने आकर वार्षिक समारोह की शोभा को बढ़ाया। इस दौरान पिछले साल आए हुए फर्स्ट पोजीशन के एलकेजी से फिफ्थ क्लास के बच्चों को इनाम दिए गए। इसमे फैंसी ड्रेस, सोलो डांस, क्लास टॉपर, स्पोर्ट्स गेम्स, ड्राइंग कंपटीशन में भाग लेने वाले बच्चों को इनाम दिए गए। इस मौके पर प्रिंसिपल ममता शर्मा, सोनिया पठानिया, आरती शर्मा, दीपिका शर्मा, सरिता, अंजू शर्मा व अन्य स्टाफ मौजूद रहा। (अनंत ज्ञान)

# चंबा ने ढलियारा, चुवाड़ी ने तीसा को हराया

## आज डीएवी कांगड़ा व रीजनल सेंटर धर्मशाला, शाहपुर व धर्मशाला कॉलेज के बीच होंगे मुकाबले

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**



एमसीएम डीएवी महाविद्यालय कांगड़ा में चल रहे अंतर-महाविद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता में पूल-सी के दूसरे दौर के मैचों में पहला मैच राजकीय महाविद्यालय ढलियारा और राजकीय महाविद्यालय चंबा के बीच खेला गया। इसमें जिला कांगड़ा के कांग्रेस के जनरल सेक्रेटरी संदीप ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बलजीत सिंह पटियाल ने मुख्यातिथि का औपचारिक स्वागत किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए ढलियारा की टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में 10 विकेट खोकर 139 रन बनाए। हर्षित ने 46, जगन ने 35 और प्रणय ने 26 रन बनाए। कार्तिक ने 3, अक्षय ने 2, लावंय और लक्ष्य ने 1-1 विकेट हासिल किया। लक्ष्य का पीछा करते हुए राजकीय महाविद्यालय चंबा की टीम ने 19.5 ओवरों में 9 विकेट के नुकसान पर जीत हासिल की। गौरव ने 43, संस्कार ने 26 रन बनाए। ढलियारा की तरफ से आर्य और प्रसून ने 2-2, प्रणय ने एक विकेट हासिल किया।

दिन का दूसरा मैच राजकीय महाविद्यालय तीसा और राजकीय महाविद्यालय चुवाड़ी के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए तीसा की टीम ने निर्धारित ओवरों में 8 विकेट के नुकसान पर 169 रन बनाए। खेमराज ने 56 और आर्यन ने 37 रनों का योगदान दिया। चुवाड़ी की तरफ से इतिक ने 3, संदीप ने 2 और अनमोल ने 1 विकेट हासिल किया। लक्ष्य का पीछा करते हुए चुवाड़ी की टीम ने 19.5 ओवरों में 6 विकेट के नुकसान पर जीत हासिल कर ली। साहिल ने 46 आदित्य ने 30 और अनमोल ने 29 रन बनाए। राजकीय महाविद्यालय तीसा की तरफ से अजीत ने 2, खेमराज , हिम्मत और कमलेश ने 1-1 विकेट हासिल किया।

डीएवी महाविद्यालय कांगड़ा के टीम मैनेजर प्रो. सुमित पठानिया ने विशेष बातचीत में बताया कि सोमवार को पहला मैच डीएवी महाविद्यालय कांगड़ा और रीजनल सेंटर धर्मशाला तथा दूसरा मैच राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला और राजकीय महाविद्यालय शाहपुर के बीच खेला जाएगा।

### मां का लिया आशीर्वाद



करवा चौथ पर्व के दिन रविवार को श्री चामुंडा मंदिर में भक्तों ने मां का आशीर्वाद लिया। देश के विभिन्न भागों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने इस दौरान मंदिर में पहुंच मां रानी के दर्शन किए।

### कांगड़ा शहर में अतिक्रमण से लोगों को हो रही परेशानी

**कांगड़ा।** नगर परिषद कांगड़ा के कार्यालय के बाहर स्थित दुकानदारों ने दुकानों के बाहर समान लगाकर अतिक्रमण कर रखा है। उधर, नगर परिषद इस पर आंखें बंद कर बैठी है। शहर में समय-समय पर अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई करने वाली नगर परिषद के कार्यालय के बाहर दुकानदारों द्वारा किए गए इस अतिक्रमण से नगर परिषद के ढुलमूल रवैए की पोल खुलती नजर आ रही है। बताते चलें कि नगर परिषद में कोई भी अगर दोपहिया वाहन से अपने कार्य हेतु आता है तो उसे वहां पर वहां बाइक खड़ी करने पर दुकानदार इंकार करते हैं। उनमें कई बार तकरार भी होती रहता है। नगर परिषद कार्यालय के प्रांगण के पास ही नगर परिषद की पार्किंग है, जिसे नगर परिषद हर साल ठेके पर देकर लाखों रुपए कमाती है। इसी पार्किंग से जब भी वहां से वाहन बाहर निकलते हैं तो उन्हें मोड़ने में दिक्कत होती है, क्योंकि उक्त दुकानदारों ने दुकानों के बाहर अतिक्रमण कर रखा है। मुख्य तहसील चौक से लेकर मंदिर बाजार, कॉलेज रोड से लेकर दोमेल चौक तक अतिक्रमण कर रखा है। हैरानी की बात यह है कि नगर परिषद कांगड़ा में कई वरिष्ठ अधिकारी व मंत्रियों का आना-जाना भी बना रहता है, परंतु इस ओर किसी का ध्यान नहीं जाता।

# भारतीय संस्कृति में व्रत एवं त्योहारों को विशेष स्थान : स्वामी हरीशानंद



**आशीष, दमीर, कांगड़ा**

दिव्य ज्योति जागृत संस्थान द्वारा वीपी शर्मा घर मटौर कांगड़ा में करवा चौथ के पवित्र पर्व के उपलक्ष पर सतसंग का आयोजन किया गया, जिसमें आशुतोष महाराज के शिष्य स्वामी हरीशानंद ने कहा कि भारतीय संस्कृति में व्रत व त्योहारों को विशेष स्थान दिया गया है। हमारी संस्कृति के अंदर जितने भी पर्व हैं, जितने भी त्योहार हैं जो भी परंपराएं हैं, उनके पीछे कोई नकोई अध्यात्मिक संदेश जरूर छुपा होता है।

ये सभी प्रथाएं प्रतीकात्मक होती हैं और कहीं न कहीं उनके पीछे कोई आध्यात्मिक कारण होता है। इसे शुरू करने के पीछे कोई आध्यात्मिक तथ्य जरूर होता है और समय के चलते हुए आध्यात्मिक रहस्य लुप्त होते चले जाते हैं और हमारी यह परंपराएं हमारे यह प्रथाएं और श्रद्धा मात्र अंध प्रथाएं बनकर रह जाते हैं। कार्तिक कृष्ण चतुर्थी को मनाया जाने वाला यह पर्व है करवा चौथ भारतीय पर्व परंपरा में यह ऐसा त्योहार है जो पति-पत्नी के संबंध का परिचायक है। करवा चौथ के दिन पतिव्रता स्त्रियां अपने पति के कुशलक्षेम व दीर्घ आयु के लिए व्रत रखती हैं। सूर्योदय से पूर्व तारों की छांव में सरगी खाने के पश्चात इस उपवास का प्रारंभ होता है। ल्रेनि भारतीय संस्कृति के अंतर्गत मनाए जाने वाले पर्व व व्रत मात्र बाहरी परंपराओं तक सीमित नहीं होते। उनके मध्य आत्मोन्नति हेतु विराट व गूढ़ संदेश निहित होते है।यदि पर्वों में निहित उन मार्मिक संदेशों को न समझा जाए तो पर्वों की परंपराएं मात्र अंधप्रथाएं बनकर रह जाती हैं।

करवाचौथ का पर्व आत्मा (नारी ) को सदगुरु के सानिध्य में परमात्मा (परम पुरुष) से मिलन प्राप्त करने का संदेश देता है। कार्यक्रम के अंत में गुरु भाई सुखदेव जी ने सुमधुर भजनों का गुणगान किया विश्व शांति के मंगल कामना हेतु उपस्थित साधकों ने ध्यान साधना भी की। (अनंत ज्ञान)

# गरली-नैहरनपुखर में हर्षोल्लास से मनाया करवा चौथ का पर्व

**अनंत ज्ञान, गरली**

गरली, नैहरनपुखर, करियाड़ा आदि इलाकों में रविवार को करवा चौथ का त्योहार पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान व्रत रखने वाली महिलाओं को चांद के उदय होने का बेसब्री से इंतजार देखने को मिला। जैसे-जैसे शाम ढल रही थी सभी की नजरें आसमान की ओर टिकी हुई थीं। महिलाएं पूजा की थाली लेकर इंतजार कर रही थीं कि कब चांद निकले और अर्घ्य देकर व्रत को संपन्न किया जाए।

करवा चौथ का त्योहार तमाम धार्मकि मान्याताओं के अलावा पति-पत्नी के बीच अटूट बंधन का प्रतीक है। वहीं गरली-नैहरनपुखर, करियाड़ा आदि निकटवर्ती क्षेत्रों में सभी सुहागिनों के दिन भर के लंबे इंतजार के बाद आसमान में चांद दिखाई दिया और महिलाओं ने चांद और पति का चेहरा देखकर अपने व्रत खोले। महिलाओं ने अपने पति के हाथ से पानी और खाने का पहला निवाला खाकर अपना व्रत पूरा किया।

गरली- नैहरनपुखर करियाड़ा रक्कड़ सिद्ध पुणणी, कलोहा, सलेटी, सदवां, शांतला आदि क्षेत्रों के अलग-अलग हिस्सों में रात करीब 8 बजकर 15 मिनट के बाद चांद दिखना शुरू हो गया था, तदोपरांत सुहागिनों ने अपने व्रत खोले। करवाचौथ पर पति-पत्नी के प्रेम को दर्शाती भावनाओं से भरे फोटो, हंसने-हंसाने वाले चुटकुले सोशल मीडिया पर खूब देखने को मिले। सज-धज कर सेल्फी पूजा और थालियों के फेरे लगाती हुए फोटो और प्रार्थना के उपरांत जीवन साथी के साथ सेल्फी का जलवा भी सोशल मीडिया पर खूब देखने को मिला।

**देशभक्ति का जुनून** | एयरफोर्स विंग के एनसीसी कैडेट्स 100 शहीद परिवारों से भेंट कर ले चुके हैं उनका आशीर्वाद

# देश का भ्रमण कर बलिदानी वीरों के प्रांगण की मिट्टी को कर रहे नमन

**अशोक ठाकुर, पठानकोट**



एनसीसी कैडेट्स को गौरव सम्मान से सम्मानित करते लेफ्टिनेंट जनरल जेएस ढिल्लों व अन्य।

'शहीदों की चिताओं पर लगेंगे हर बरस मेले, वतन पर मिटने वालों का यही बाकी निशां होगा'। यह क्रांतिकारी पंक्तियां सुनकर देश के हर नागरिक के मन में जोश भर जाता है और सिर श्रद्धा से झुक जाता है उन अमर वीरों के समक्ष जिन्होंने देश के आने वाले कल के लिए अपना आज कुर्बान कर दिया। आज के इस बदलते परिवेश में बेशक किसी के पास इतना समय नहीं है कि वो देश पर मर मिटने वाले जांबाज सीमा प्रहरियों व उनके परिजनों का दिल से सम्मान कर सके, लेकिन आज भी कुछ ऐसे देशभक्त हैं, जिनका रोम-रोम बलिदानी वीरों को समर्पित है। शहीद सैनिकों व उनके परिजनों के प्रति सम्मान की भावना रखने वाले बैंगलोर से एयरफोर्स विंग के तीन एनसीसी कैडेट्स मृदुल, सिकंदर वीर बत्रा व सूर्या के. चंद्रन जो सभी आपस में दोस्त हैं और बेंगलुरु से शहीदों के प्रांगण की मिट्टी को नमन करने साइकिल यात्रा कर देश भ्रमण पर निकले हैं। रविवार को जिले में पहुंचने पर शहीद सैनिक परिवार सुरक्षा परिषद के सदस्यों ने उन्हें 'गौरव सम्मान' से सम्मानित कर उनका मनोबल बढ़ाया।

शहीद नायक अजय सलारिया की याद में गांव दर्शोपुर में उनके परिजनों द्वारा अपने खर्चे पर बनाए स्मारक पर आयोजित सम्मान समारोह में लेफ्टिनेंट जनरल जेएस ढिल्लो, एयरफोर्स स्टेशन पठानकोट से ग्रुप कैप्टन अंकुर शाह व विंग कमांडर नरेंद्र सिंह, परिषद के अध्यक्ष व शहीद लेफ्टिनेंट गुरदीप सलारिया शौर्य चक्र के पिता कर्नल सागर सिंह सलारिया, महासचिव कुंवर रविंद्र सिंह विक्की, शहीद नायक अजय सलारिया के पिता कैप्टन रछपाल सिंह, शहीद सिपाही मक्खन सिंह के पिता हंस राज, शहीद लांसनायक डिप्टी सिंह सेना मेडल के भतीजे वरिंदर सिंह, शहीद सिपाही जतिंदर कुमार के पिता राजेश कुमार, रिटायर्ड डिप्टी डीईओ राजेश्वर सिंह सलारिया, इंडियन एक्स सर्विसमैन लीग पंजाब व चंडीगढ़ के उपप्रधान कैप्टन फकीर सिंह आदि ने विशेष तौर पर शामिल होकर इन कैडेट्स का सम्मान किया। (अनंत ज्ञान)

### कैडेट्स का जुनून सराहनीय : ले. जनरल ढिल्लो

**लेफ्टिनेंट** जनरल जे.एस ढिल्लो ने कहा कि एनसीसी कैडेट्स का शहीद परिवारों के घर पहुंच उनके हौसले को बढ़ाने का जनून सराहनीय है। उन्होंने कहा कि इन कैडेट्स ने देश भ्रमण करने के लिए साइकिल यात्रा को जिस तरह अपना माध्यम बनाया है, यह बहुत ही कठिन काम है, लेकिन इनके बुलंद हौसले व देशभक्ति के जुनून को वह दिल से सैल्यूट करते हैं। उन्होंने कहा उन्हें पूर्ण विश्वास है एक दिन यह कैडेट्स भारतीय वायु सेना का नाम जरूर रोशन करेंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### घांघल पुल का काम ठप, लोग हुए परेशान



**भीम बसेड़ू, महादेव।** खंड विकास कार्यालय धनोटू के अंतर्गत आती ग्राम पंचायत घांघल विकास की बाट जोह रही है। सार्वजनिक समस्या की बात करते चलें तो खासकर घनी आबादी वाले ग्रामीण क्षेत्र घांघल व अन्य कई क्षेत्रों को उस पार बीएसएल में बीबीएमबी कॉलोनी एवं बड़े शहरी क्षेत्र के साथ जोड़ने वाले घांघल खड्ड के पुल जो जीप कार योग्य बताया जाता है का काम वर्ष 2023 से ठप्प पड़ा है। अभी तक पुल के आर-पार के दो आधार पीलरों पर डेढ़ लाख रुपए का व्यय बताया जाता है। कई वर्षों से बड़े पुल की सुविधा की आशा में लोग बीबीएमबी प्रशासन का मुंह ताकते रहे और जब प्रदेश के कई संसाधनों का प्रयोग कर लोगों की बार-बार की मांग के बावजूद भी उक्त प्रशासन के कान में जरा सी भी जूं न रेंगी तो हिमाचल सरकार ने रोजगार गारंटी योजना आदि को आगे कर यहां पुल का काम शुरू तो जरुर किया मगर इस चाल को कछुआ चाल भी नहीं कहा जा सकता क्योंकि वर्ष 2024 भी समापन के करीब है और वाहन चालकों आदि के अरमान धरे के धरे साफतौर पर नज़र आ रहे हैं।

### राहगीर से 381 ग्राम चरस बरामद, मामला दर्ज



**डलहौजी।** नशे के खिलाफ चलाए गए अभियान के अंतर्गत बीते कल देर शाम करीब सवा आठ बजे महिला पुलिस स्टेशन चंबा के दल को उसे समय बड़ी सफलता हाथ लगी जब चंबा-पठानकोट मुख्य मार्ग एनएच 154ए पर गश्त के दौरान चंबा परेल पुल पर शक के आधार एक राहगीर को रोका गया । रोकने पर राहगीर बुरी तरह से घबरा गया जब उससे पूछताछ की गई तो वे पुलिस का भी सहयोग करता नजर नहीं आया । इसी के आधार पर जब उसकी गहनता से तलाशी ली गई तो उसके कब्जे से कुल 381 ग्राम चरस बरामद करने में सफलता हासिल हुई। पुलिस ने तुरंत आरोपी को हिरासत में लेते हुए आरोपी के खिलाफ महिला पुलिस थाना चंबा में मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। आरोपी की पहचान 24 वर्षीय रवि कुमार पुत्र मानसिंह निवासी गांव चाड़ डाकघर भड़ेला तहसील सलूणी के रूप में हुई है। इस सारे मामले की पुष्टि पुलिस अधीक्षक चंबा अभिषेक यादव ने की है उन्होंने तमाम जिला वासियों से नशे के खिलाफ चलाएंगे अभियान में जिला पुलिस का सहयोग करने की अपील की है उन्होंने कहा कि इस अभियान में अगर स्थानीय लोग साथ देते हैं तो उनका नाम वह पता गुप्त रखा जाएगा।

### करवाचौथ पर खिले महिलाओं के चेहरे





(ऊपर) मंडी के चौहटा बाजार में करवाचौथ के उपलक्ष्य में चांद के दीदार के लिए एकत्रित हुई महिलाएं , तथा (नीचे) जोगिंद्रनगर में करवाचौथ मनाती महिलाएं।

# दादा-पोते पर भालू ने किया हमला घर के बाहर बंधे बैलों ने बचाई जान

**ओपी शर्मा, चंबा**

वफादारी के अनेक किस्से तो घटे हैं पर इस घटना ने साबित कर दिया कि बैल भी अपने मालिक की रक्षा के लिए जान की बाज़ी लगा सकते हैं। शुक्रवार रात हुई इस अनोखी घटना में दो बैलों ने एक खूंखार भालू से टक्कर लेकर अपने मालिक नूर जमाल की जान बचाई, जो भेड़पालक हैं।



भालू के हमले में घायल व्यक्ति।

इस साहसिक कार्य से बैलों ने वफादारी का एक नया उदाहरण पेश किया है। बता दें कि जुम्हार धार में रहने वाले नूर जमाल (75) अपने पोते हासम (14) के साथ सो रहे थे, तभी देर रात 11:30 बजे एक भालू ने अचानक उन पर हमला कर दिया। भालू ने नूर जमाल को उनके घर से घसीटकर बाहर निकालने की कोशिश की। जैसे ही बाहर बंधे उनके बैलों ने अपने मालिक को खतरे में देखा, वे खूंटा उखाड़कर भालू पर टूट पड़े।

दोनों बैलों ने अपने सींगों से जोरदार प्रहार कर भालू को जमीन पर पटक दिया। बैलों के हमले से घबराया भालू वहां से भागने को मजबूर हो गया। इस साहसी घटना में नूर जमाल की जान बच गई, हालांकि उन्हें चेहरे और पीठ पर गंभीर चोटें आईं, जिनका इलाज चंबा मेडिकल कॉलेज में चल रहा है। नूर जमाल के पोते हासम ने बताया, अगर हमारे बैल समय पर भालू से नहीं भिड़ते, तो वह दादा को और गंभीर रूप से घायल कर सकता था। दोनों बैलों ने न सिर्फ भालू को गिराया, बल्कि उसे लगभग 50 मीटर दूर तक दौड़ा दिया। हासम की यह बात साबित करती है कि बैलों की वफादारी और साहस के बिना यह हादसा और भी खतरनाक हो सकता था। इस साहसी घटना के बाद स्थानीय लोगों में बैलों की वफादारी की चर्चा हो रही है।

पल्यूर पंचायत के उप प्रधान मोहम्मद हुसैन ने वन विभाग से इस घटना में नूर जमाल को उचित मुआवजा देने की मांग की है। उन्होंने कहा बैल अपने मालिक के सच्चे रक्षक साबित हुए हैं। अगर वे न होते, तो नूर जमाल की जान पर भारी खतरा आ सकता था।

चंबा जिले के इस अनोखे घटनाक्रम ने यह साबित कर दिया कि वफादारी सिर्फ कुत्तों तक सीमित नहीं है। बैल भी अपने मालिक के प्रति उतने ही वफादार और निस्वार्थ होते हैं, और समय आने पर वे अपनी जान की परवाह किए बिना उनके बचाव में खड़े हो जाते हैं।

## फ्लयूर में दरबड़ी धार में भालू ने ग्रामीण नोचा

**चंबा।** पंचायत प्लयूर की दरबड़ी धार में भालू ने हमला कर ग्रामीण को बुरी तरह नोंच डाला। रीछ के हमले में घायल ग्रामीण का मेडिकल कालेज चंबा में उपचार चल रहा है। जहां घायल की हालत में सुधार बताया गया है। फिलहाल घायल को वन विभाग की ओर से अभी तक कोई फौरी राहत नहीं मिल पाई है। जानकारी के अनुसार प्लयूर पंचायत का नूर जमाल इन दिनों पशुधन के साथ दरबड़ी धार में डेरा डाले हुए था। इसी दौरान अचानक रीछ ने नूर जमाल पर हमला बोल दिया। नूर जमाल के चीखने-चिल्लाने की आवाज सुनकर मौके पर पहुंचे पारिवारिक सदस्यों व ग्रामीणों को देखकर रीछ मौके से भाग खड़ा हुआ। परिजनों ने तुरंत ग्रामीणों के सहयोग से घायल नूर जमाल को उठाकर उपचार के लिए मेडिकल कालेज पहुंचाया। मेडिकल कालेज में नूरजमाल को प्राथमिक उपचार देने के बाद एडमिट कर लिया गया है। उधर, प्लयूर पंचायत के उपप्रधान मुहम्मद हुसैन ने घटना की पुष्टि की है।

# घर से चरस की बड़ी खेप और 5 लाख कैश बरामद, आरोपी गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, चंबा**



पुलिस टीम के साथ काबू आरोपी।

जिला चम्बा में चरस की एक बड़ी खेप पकड़ने में पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस ने जिला मुख्यालय से करीब 12 किलोमीटर दूर तीसरा रोड पर कियाणी में एक घर में दबिश देकर 5 किलो 92 ग्राम चरस बरामद की है। यही नहीं घर में 5 लाख रुपए नकदी व एक पेटी शराब भी मिली है जिसके चलते आरोपी को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया। एनडीपीएस एक्ट व आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। चम्बा सदर पुलिस को कियाणी में चरस तस्करी की गुप्त सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर पुलिस ने एक घर में दबिश दी। इस दौरान आरोपी के घर की तलाशी ली गई तो वहां से 5 किलो 92 ग्राम चरस बरामद हुई।

यही नहीं एक पेटी शराब व 5 लाख रुपए नकदी भी मिली है। पूछताछ में आरोपी शराब व इतनी नकदी रखने का कोई ठोस प्रमाण पेश नहीं कर पाया, वहीं चरस की खरीद-फरोख्त को लेकर भी पुलिस पूछताछ कर रही है। 6 महीने में पुलिस द्वारा पकड़ी गई कुल चरस में से यह सबसे बड़ी खेप है। इससे पहले अप्रैल माह में पुलिस ने चम्बा शहर के मोहल्ला माई का बाग में एक दुकान में दबिश देकर 5 किलो 856 ग्राम चरस बरामद कर मामले में संलिप्त 2 सगे भाइयों सहित 4 लोगों को गिरफ्तार किया था। आरोपियों से पौने 4 लाख रुपए कैश बरामद भी हुआ था।

चंबा सदर थाना प्रभारी संजीव चौधरी ने मामले की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि मामले में आगामी तफ्तीश जारी है।

## नृत्य प्रतियोगिता में भोलग की काव्य और सोनाक्षी प्रथम

**बबलू पठानिया, भटियात**

भटियात के राजकीय केंद्र प्राथमिक पाठशाला गाहर में केंद्र स्तरीय बाल मेले का भव्य आयोजन किया गया। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल प्रबंधन समिति गाहर की अध्यक्षा श्रीमती चमेली देवी ने की। कार्यक्रम में गाहर केंद्र के विभिन्न विद्यालयों के स्कूल प्रबंधन समिति (एसएमसी) अध्यक्षों को सम्मानित किया गया। सीएचटी राकेश बेदी ने इन सभी एसएमसी अध्यक्षों को बैच और शाल देकर उनकी सराहना की और विद्यालय प्रबंधन में उनके योगदान को महत्वपूर्ण बताया।



बाल मेले के दौरान मौजूद बच्चे।

इस बाल मेले में गाहर केंद्र के विभिन्न प्राथमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया और विभिन्न प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस आयोजन में थम पेंटिंग, क्विज़, ड्रॉइंग, म्यूजिकल चेयर और नृत्य जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

थम पेंटिंग में कलहेतर स्कूल की शिवानी प्रथम, लनोह की मेघना दूसरा और भोलग के दिव्यम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया, क्विज़ में भोलग स्कूल पहले, लनोह स्कूल दूसरे और कामन स्कूल तीसरे स्थान पर रहे, ड्रॉइंग में कलहेतर की प्ररिधी प्रथम, गाहर की शालू दूसरे और भोलग की काव्या ने तीसरा स्थान प्राप्त किया, म्यूजिकल चेयर खेल में लनोह की सोनाक्षी पहले और गाहर के कुलदीप दूसरे स्थान पर रहे, वहीं नृत्य प्रतियोगिता में भोलग की काव्य और सोनाक्षी पहले, कामन की शिवनंदा दूसरे और गाहर की कनिका तीसरे स्थान पर रही।

## सीमा ने दस हजार मीटर की दौड़ में जीता गोल्ड

**आजम डार, तीसा**



जिला चंबा के चुराह विधानसभा क्षेत्र से संबंध रखने वाली उड़नपरी सीमा ने एशियाई स्तर पर हो रही खेलकूद प्रतियोगिता में हांगकांग में 10000 मीटर की दौड़ में पहला स्थान हासिल करते हुए न कि हिमाचल बल्कि पूरे भारत का नाम रोशन किया और स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

चंबा जिला के चुराह से गोल्डन गर्ल व उड़न परी के नाम से विख्यात सीमा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इस उपलब्धि के साथ सीमा ने ना केवल अपनी कड़ी मेहनत और लगन का परिचय दिया बल्कि पूरे भारत को गर्व महसूस करवाया। चंबा की उड़न परी सीमा का यह ऐतिहासिक प्रदर्शन भारत के खेल जगत के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। सीमा ने आत्मविश्वास के साथ अपनी दौड़ पूरी की और प्रतिस्पर्धियों को पीछे छोड़ते हुए स्वर्ण पदक जीता।

सीमा ने ऐतिहासिक जीत दर्ज करते हुए भारत के साथ-साथ हिमाचल व जिला चंबा का नाम भी रोशन किया। जिसके लिए सीमा को हर जगह से बधाइयां मिल रही है खेल प्रेमी और प्रशंसक उनकी शानदार उपलब्धि पर गर्व महसूस कर रहे है।

## करवाचौथ पर रही खासी चहल-पहल

**भीम बसेड़ू, महादेव।** समर्पण प्रेम व त्याग के पर्व करवा चौथ के मौके पर बीती शाम की भांति महादेव धनोटू आदि बाजारों में तरह-तरह की खरीददारी को लेकर रविवार को भी खासी चहल-पहल रही। सुहागिनों ने सज धज कर अपने पति लोगों की लंबी उम्र की कामना लिए पूरा दिन बिना खाए पीए गुजार दिया और तपस्वी इन सुहागिनों ने जिनमें गर्भवती महिलाएं यानि सैनिकों की धर्मपत्नियां आदि जिनके पति बाहर नौकरी करते हैं का यह कठिन व्रत भी देखते ही बना। करवा चौथ की महिमा की चर्चा घर -घर में उत्साहपूर्ण ढंग से चलती रही।

वहीं छुटटी के दिन रविवार को आए इस पावन पर्व को दिन में ही चार चांद लग गए।

## स्वयंसेवियों ने सात दिवसीय शिविर में सीखा अनुशासन

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

राजकीय आदर्श छात्र वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नगरोटा बगवां में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत सात दिवसीय विशेष शिविर का रविवार को समापन हुआ। इस शिविर का शुभारंभ सेवानिवृत्त शिक्षा उपअधिकारी अशोक शर्मा द्वारा किया गया और इसका समापन पाठशाला के प्रधानाचार्य दीपक मनु द्वारा किया गया।



शिविर के समापन पर मुख्यातिथि को सम्मानित करते गणमान्य व मौजूद बच्चे।

इस अवसर पर उन्होंने स्वयंसेवकों के साथ अपने अनुभव सांझा किए। इस शिविर को सफल बनाने के लिए पाठशाला के अध्यापक तथा अध्यापिकाओं का योगदान रहा। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी महेश्वर ढडवाल ने राष्ट्रीय सेवा योजना के विषय में आवश्यक जानकारी व सात दिवसीय शिविर में हुई गतिविधियों के बारे में बताया।

इस कार्यक्रम में स्वयंसेवियों ने मुख्यातिथि को अपने सात दिनों के अनुभवों के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि इस शिविर में अनुशासन, मिलकर काम करने की भावना तथा अपने मन में आत्म विश्वास को जगाया।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य दीपक मनु ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर उनके साथ कार्यक्रम अधिकारी महेश्वर सिंह ढडवाल व संगीता महाजन और पाठशाला के अध्यापक भी उपस्थित रहे।

## जरूरतमंद बच्चों को बांटा जरूरी सामान व किताबें

**अनंत ज्ञान, चंबा**



बच्चों को किताबें बाटतें हुए गणमान्य।

जिला चंबा के सुल्तानपुर में रविवार को सुल्तानपुर में जरूरतमंद बच्चों को जरूरी सामान और किताबें बांटी गई और बच्चों को एजुकेशन का महत्व समझाया गया, ताकि वो बच्चे अच्छे से पढ़ सकें ओर उनका भविष्य संवर सके।

बच्चों की स्पोर्ट्स एक्टिविटी भी करवाई गई, जिसमें कबड्डी के मैच करवाए गए और विजेता और रनर टीम को प्राइज दिए गए। इस मौके पर प्रेरणा द इसंपायरेशन के चेयरमैन दीपक भाटिया को ट्रस्ट द्वारा सम्मानित किया गया। खिदमत ए खल्क चैरिटेबल ट्रस्ट के चेयरमैन ने बताया कि आने वाले समय में ट्रस्ट की ओर से बच्चों का जिला स्तरीय क्विज कम्पीटिशन करवाया जाएगा, जिसमें विजेता टीम को इनाम दिए जाएंगे ओर एक एजुकेशन किट्ट भी दी जाएगी।

इस प्रोग्राम में खिदमत ए खल्क चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से रशीद मुहम्मद, फौजी कमर दीन साहब, सज्जाद दीन, मुहम्मद रफ़ी ,मौलाना राशीद खान हुसैनी, ताज दीन, साजिद मौजूद रहे।

## आपदा प्रबंधन पर 'वार्तालाप' मीडिया कार्यशाला का आयोजन 22 को

**ओपी शर्मा, चंबा**

भारत सरकार के प्रेस सूचना ब्यूरो द्वारा 22 अक्तूबर को चंबा, हिमाचल प्रदेश के बचत भवन में आपदा प्रबंधन पर आधारित एक मीडिया कार्यशाला 'वार्तालाप' का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यशाला चंबा जिला प्रशासन के सहयोग से आयोजित की जा रही है और इसका उद्देश्य राज्य और विभिन्न हितधारकों, विशेष रूप से मीडिया के बीच आपदा प्रबंधन के विषय पर संवाद और विचार-विमर्श को प्रोत्साहित करना है। इस 'वार्तालाप' के माध्यम से पीआईबी और जिला स्तर पर मीडिया के बीच समन्वय को और अधिक मजबूत बनाने का प्रयास किया जाएगा।

कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में चंबा के उपायुक्त, मुकेश रेपासवाल, मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। इस कार्यशाला के दौरान विभिन्न विभागों के विशेषज्ञ, जिनमें राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल, सशस्त्र बल, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, स्वास्थ्य विभाग, पर्यटन विभाग, और वन विभाग शामिल हैं, मीडिया को आपदा प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं जैसे आपदा तैयारी, शमन, और प्रतिक्रिया रणनीतियों पर जानकारी प्रदान करेंगे। यह कार्यशाला सरकार की नीतियों, कार्यक्रमों और आपदा प्रबंधन पर शुरू की गई पहलों पर चर्चा करने का एक महत्वपूर्ण मंच होगी। इस कार्यशाला को कई सत्रों में विभाजित किया जाएगा, जिसमें प्रत्येक सत्र के बाद ओपन फोरम रखा जाएगा ताकि सभी प्रतिभागी सक्रिय रूप से अपने विचार साझा कर सकें।

मीडिया से जुड़े लोगों को सरकार, विशेष रूप से पीआईबी और सूचना तंत्र से अपनी अपेक्षाएं व्यक्त करने का अवसर मिलेगा, जिससे एक अधिक प्रभावी संचार प्रक्रिया स्थापित की जा सके। यह 'वार्तालाप' मीडिया आउटरीच को बढ़ावा देने और सूचित एवं सशक्त पत्रकारिता के माध्यम से आपदा प्रबंधन प्रयासों को सुदृढ़ करने के लिए होगा।

### सूडोकु 0095 (★★★★ मध्यम)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| | 6 | | 8 | 9 | | | 7 | 5 |
| 3 | | | 1 | | | | | 2 |
| | 3 | | 4 | | | | 6 | |
| 6 | | 2 | | 1 | | 4 | | 3 |
| | 8 | | | | 5 | | 2 | |
| 2 | | | | | 3 | | | 1 |
| 5 | 1 | | | 7 | 6 | | 4 | |
| | 9 | | | 4 | | | 3 | 6 |

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
■ पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु 0094 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 6 | 4 | 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 8 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 |
| 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 2 |
| 5 | 8 | 6 | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 7 |
| 2 | 9 | 7 | 5 | 1 | 3 | 8 | 4 | 6 |
| 9 | 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 |

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

**मेष:** आज आलस्य से बचकर रहें, अन्यथा बने काम बिगड़ सकते हैं। कार्यों में रुकावट आ सकती है।

**वृषभ:** नौकरी में पदोन्नति के योग बन रहे हैं। समाज में अच्छे लोगों से भेंट होगी, जो आपके हितचिंतक रहेंगे।

**मिथुन:** जिसे आप किसी काम के नहीं समझते थे, आज वही आपके कार्यों में सहभागी बनेगा। यात्रा का योग है।

**कर्क:** सामाजिक कुछ लोग आपके किये कार्यों से नाखुश रहेंगे। आपके कार्यों को परिजनों में प्रशंसा मिलेगी। मन में उत्साह बढ़ेगा।

**सिंह:** आपकी दिनचर्या में बदलाव होगा। भागीदारी में आपके द्वारा लिए गए निर्णयों से लाभ सम्भव है।

**कन्या:** व्यापार अनुकूल रहेगा। परिवार में तनाव से चिंता बढ़ेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रह सकती है। परोपकार में रुचि बढ़ेगी।

**तुला:** दिन मध्यम है। संतान की आजीविका संबंधी समस्या का हल होगा। किसी शुभचिंतक से मेल-मुलाकात आत्मबल मजबूत करेगी।

**वृश्चिक:** आलस त्यागें। समय पर काम करें। आपकी मेहनत से व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। सश्रम किए गए कार्य सफल होंगे।

**धनु:** आज आकस्मिक लाभ हो सकता है। निकटजनों की प्रगति से मन में प्रसन्नता होगी। विदेश जाने के योग बनेंगे। मुकदमे में विजय होगी।

**मकर:** पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ने से व्यस्तता बढ़ेगी। आज कार्य में नवीनता के भी योग हैं। संतान के व्यवहार से समाज में सम्मान बढ़ेगा।

**कुंभ:** आपकी मेहनत के अनुरूप सफलता मिलने में संदेह है। हनुमान मन्दिर में जाकर सिंदूर और तेल अर्पण करें।

**मीन:** बिना सोच विचार के कोई भी काम न करें। मांगलिक आयोजनों के लिए रुपरेखा में परिवर्तन होगा।

## आज का पंचांग

21 अक्तूबर, 2024, सोमवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** आश्विन, **तिथि** पंचमी : (02:31): **नक्षत्र** रोहिणी, **पक्ष** : कृष्ण **योग** : वरियान (11:09) **शुभ मुहूर्त** : अभीजित (11:42-12:28), **राहुकाल** (07:50 -09:15)।

### विशेष दिन

- 21 अक्तूबर :गुरु गोविन्द सिंह का पुण्य दिवस आज।
- 22 अक्तूबर : स्कन्द षष्ठी व्रत कल।

## जिसकी भक्ति उसका ज्ञान जरूरी है : सुरेंद्र शर्मा

**मुकेश कुमार, डलहौजी**



स्थानीय निरंकारी सत्संग भवन बनीखेत में साप्ताहिक सत्संग का आयोजन किया गया जिसमें सुरगाणी ब्रान्च के मुखी महात्मा सुरेन्द्र शर्मा जी ने प्रवचन करते हुए फरमाया कि जिसकी भक्ति जिसकी पूजा उसका ज्ञान जरूरी है। कहे हरदेव कि पहले ईश्वर की पहचान जरुरी है। तात्पर्य यह कि ईश्वर को साकार रूप मे देखने के लिये एक अलौकिक उस दिव्य दृष्टि की आवश्यकता होती है जो केवल सतगुरु की कृपा से ही प्राप्त होती है। हम बहुत ही भाग्यशाली हैं कि ईश्वर निराकार और साकार दोनों रूपों में हमारे अंग संग रहते है।

उन्होंने कहा कि भक्ति का अर्थ है भगवान को याद करना, अपनी रोजमर्रा की गतिविधियों को करते समय हर पल उनकी उपस्थिति को महसूस करना, और इस प्रकार इसे अपना स्वभाव बनाना। भक्ति अपने स्वार्थ या किसी सांसारिक इच्छा की प्राप्ति के लिए प्रेरित नहीं होनी चाहिए। सुरेंद्र शर्मा जी ने कहा कि मनुष्य जन्म बहुत ही दुर्लभ है तथा इसका परम उद्देश्य वक्त के सतगुरु से निराकार प्रभु परमात्मा का ज्ञान प्राप्त करके यशोगान व भक्ति करना और जन्म मरण के बंधनों से छुटकारा पाकर मोक्ष प्राप्त करना है। मनुष्य ने सांसों के रहते नहीं किया तो अंत समय पछताने के सिवाएं कुछ भी हाथ नहीं आएगा।

## जोगिंद्रनगर में महिलाओं ने धूमधाम से मनाया करवाचौथ

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

जोगिंद्रनगर में करवाचौथ व्रत का आयोजन बेहद धूमधाम से किया गया। महिलाओं ने अपने पतियों की लंबी उम्र की कामना करते हुए दिनभर निर्जला व्रत रखा और शाम को मंदिरों में जाकर पूजा-अर्चना की।

पूजा के बाद महिलाओं ने मंदिर प्रांगण में भजन-कीर्तन का आयोजन किया, जिसमें सामूहिक रूप से भगवान की आराधना की गई। शाम को चंद्रमा के दर्शन के लिए महिलाएं समूह में बाजार और मंदिरों के प्रांगण में इकट्ठी हुईं। चंद्र दर्शन के बाद सभी महिलाओं ने विधिपूर्वक अपना व्रत तोड़ा।

इस अवसर पर जोगिंद्रनगर के बाजार और मंदिर परिसर का माहौल भक्तिमय और उल्लासपूर्ण रहा। करवाचौथ के इस पर्व पर सज-धज कर महिलाएं पारंपरिक पोशाकों में नजर आईं। महिलाओं ने अपनी धार्मिक परंपराओं का पालन करते हुए इस पर्व को धूमधाम से मनाया।

## पुलिस द्वारा लापरवाह चालक पर कड़ा एक्शन लेने पर लोगों ने की सराहना

**उमेश, सुंदरनगर**

मंडी-सुंदरनगर हाईवे पर प्राइवेट बस चालक की लापरवाही को लेकर वायरल हुए वीडियो के बाद बीएसएल कॉलोनी पुलिस की कड़ी कार्रवाई पर स्थानीय लोग पुलिस की खूब सराहना कर रहे हैं। पुलिस कार्रवाई की जानकारी सोशल मीडिया पर साझा होते ही लोगों द्वारा इस प्रकार की कार्रवाई अन्य पुलिस थानों से भी इन लापरवाह चालकों के खिलाफ की मांग की है।

लोगों का कहना है कि बसों के चालकों और परिचालकों द्वारा यात्रियों के साथ अच्छा व्यवहार करना चाहिए। इसके साथ चालकों को तेज गति और लापरवाही से बस चलाने से परहेज करना चाहिए। लोगों ने पुलिस कार्रवाई को एक बहुत अच्छा कदम बताया है। वहीं सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों ने पुलिस से जिलाभर में प्राइवेट बसों का औचक निरीक्षण भी किया जाना चाहिए, लेकिन सबसे बड़ी बाद यह है कि अधिकतर कमेंट में लोगों ने मंडी-सुंदरनगर हाईवे के बीच चलने वाली प्राइवेट बसों के चालकों और परिचालकों के खिलाफ शिकायतें सामने आने की बात कही गई हैं।

स्थानीय लोगों ने पुलिस प्रशासन से इन लापरवाह चालकों के खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की थी। डीएसपी सुंदरनगर भारत भूषण ने बताया कि प्राइवेट बसों के खिलाफ लगातार क्षेत्र में शिकायतें प्राप्त होने के बाद पुलिस द्वारा कार्रवाई की गई है।

## 12 परिवारों ने दान की जमीन, पक्की सड़क बनने का रास्ता साफ

**टेकचंद, लेदा**

बल्ह विकासखंड की ग्राम पंचायत लुहाखर के वार्ड नंबर 1 के लोगों ने लोक निर्माण विभाग के नाम लगभग 9 बीघा जमीन दान करके अन्य लोगों के लिए एक मिसाल कायम की है।



लोक निर्माण विभाग के नाम जमीन करने वाले परिवारों के सदस्य ।

कोठी झोर पलाही सड़क मार्ग जो काफी लंबे समय से बना हुआ था लेकिन कच्चा था जिसके लिए लोक निर्माण विभाग के नाम 10 से 12 परिवारों द्वारा अपनी लगभग 9 बीघा मलकियत भूमि दान करके अन्य लोगों के लिए मिसाल कायम की है।

आज के समय में जहां अपनी छोटी सी जमीन के टुकड़े के लिए लोग सालों साल कोर्ट में लड़ते हैं वहीं इन लोगों ने आने वाली पीढ़ियों के लिए यह दरियादिली दिखाई है जो एक सराहनीय कदम है। इससे पहले कोठी से झोर तक बहुत से लोगों द्वारा कई वर्ष पहले ही अपनी मलकीयत भूमि दान कर दी थी लेकिन झोर से पलाही के वार्ड नंबर एक की जमीन अभी विभाग के नाम नहीं हुई थी जिसके कारण इस सड़क का कार्य लटका हुआ था।

झोर से पलाही के बीच में भूमि दान करने बालों में मुख्यत: रविंद्र कुमार, हरिचंद, मिल्खी राम, हेम सिंह, गुरुद्वारु राम, नंदलाल, प्रसंगू, नरेंद्र, भूप सिंह, तिलक राज, रमेश कुमार, रूपलाल आदि शामिल है। पंचायत के प्रधान टेकचंद व वार्ड सदस्य लाल सिंह ने सभी दानी सज्जनों का धन्यवाद करते हुए कहा कि अब आगे इस सड़क के पक्की बनने का रास्ता साफ हो गया है स्थानीय विधायक इंदर सिंह गांधी द्वारा इसको 2024-25 की प्राथमिकता सूची में डाला हुआ है जिससे लगभग चार से पांच पंचायतों को इसका सीधा लाभ पहुंचेगा।

**सुधारक** चाहे कितना भी श्रेष्ठ पंक्ति का क्यों न हो, जब तक जनता उसे परख नहीं लेगी, उसकी बात नहीं सुनेगी। -विनोबा भावे

## संपादकीय

# वीसी पर बवाल

हिमाचल प्रदेश में सुक्खू सरकार और राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल प्रदेश के विश्वविद्यालयों में लंबे समय से खाली चल रहे वाइस चांसलरों के पदों को लेकर आमने-सामने हो गए हैं। कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर और बागवानी विश्वविद्यालय नौणी के साथ-साथ हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला एक साल से ज्यादा लंबे अर्से से बगैर कुलपतियों के ही चल रहे हैं। कुलपतियों की नियुक्ति सरकार की सलाह और सहायता से की जाती है जिसके लिए विधानसभा के मानसून सत्र में बकायदा प्रस्ताव पारित हुआ था। अचरज इस बात का है कि विधेयक अभी तक राज्यपाल की मंजूरी के लिए राजभवन नहीं पहुंच पाया है। इस विधेयक को या तो जमीन खा गई या आसमान निगल गया यह गंभीर चिंता का विषय है। संशोधित विधेयक में प्रबंधन बोर्ड का गठन करने का प्रावधान भी किया गया था। दरअसल, यह मामला तब भड़का जब प्रदेश की सुक्खू सरकार ने कहा कि हिमाचल प्रदेश के विश्वविद्यालयों के संचालन के लिए सरकार पैसा देती है और ऐसे में वाइस चांसलरों की नियुक्ति का प्रशासनिक अधिकार उसी के पास होना चाहिए। बुद्धिजीवी वर्ग संशोधित विधेयक को राज्यपाल की शक्तियों का हनन बता रहे हैं, क्योंकि इससे पहले राज्यपाल ही कुलपतियों की नियुक्ति करते रहे हैं। विपक्षी भाजपा इस मामले को और ज्यादा तूल दे रही है। विधानसभा में कृषि मंत्री चंद्र कुमार की ओर से रखे गए, इस संशोधित विधेयक का विपक्ष ने जमकर विरोध किया था।

तब विपक्ष के विरोध के बीच सत्ता पक्ष ने इस संशोधित विधेयक को ध्वनि मत से पारित कर दिया था। शिक्षाविद् राजभवन और प्रदेश सरकार के बीच तालमेल नहीं बैठा पाने को बड़ा कारण मान रहे हैं। निश्चित रूप से उनका यह तर्क कई मायनों में सही प्रतीत होता है। ऐसे मामलों में दोनों पक्षों को मेज पर बैठकर विचार-विमर्श करना चाहिए तथा बीच का रास्ता निकाल लेना चाहिए, क्योंकि इस मामले को जितना ज्यादा लंबा खींचेंगे उससे उतना ही नुकसान होगा। विद्यार्थियों की पढ़ाई को लेकर न कोई नीतियां बन पाएंगी और न ही उनका भविष्य सुरक्षित रह पाएगा। राज्यपाल कहते हैं कि यदि सरकार पैसा देती है तो वह प्राइवेट संस्था नहीं है। वह हिमाचल की सार्वजनिक संस्था है और सार्वजनिक हित के लिए सरकारों को अपनी कुर्बानी देनी ही चाहिए न कि सार्वजनिक हित हड़पने चाहिए। इसमें राजभवन का कोई दोष नहीं है, जो सरकार चाहे वैसा ही हो ऐसा किसी भी प्रदेश में नहीं होता है। राज्यपाल नियमों के विरुद्ध कोई फैसला नहीं लेना चाहते हैं और सरकार अपने स्टैंड पर कायम है। ऐसे में राजभवन और सरकार के बीच गतिरोध टूटता नहीं दिख रहा है। विश्वविद्यालयों में नियमित कुलपति की नियुक्ति होना समय की मांग है। देरी राजभवन कर रहा है या सरकार इससे कोई फर्क नहीं पड़ता, लेकिन असल मुद्दा विद्यार्थियों के भविष्य का है।

कृषि विश्वविद्यालय में कुलपति की नियुक्ति का मामला तो हाईकोर्ट में विचाराधीन है, जिसके लिए राजभवन ने स्टे हटाने को लेकर बकायदा हाई कोर्ट में याचिका दायर कर रखी है। उम्मीद की जानी चाहिए कि कोर्ट का स्टे जल्द हट जाएगा और कुलपति की नियुक्ति भी शीघ्र हो जाएगी। विश्वविद्यालय में सरकार की सहमति के आधार पर ही राज्यपाल कुलपतियों की नियुक्ति करें यह कोई तर्क संगत नीति नहीं लगती है। यह भी जरूरी नहीं है कि सरकार ने जो नाम सुझाए हैं राज्यपाल उसका अनुमोदन कर ही दें। वाइस चांसलरों की नियुक्ति पुराने नियमों के तहत हो जाए, तो बेहतर रहेगा। हिमाचल प्रदेश में सुक्खू सरकार और राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल के बीच चल रही टकराव की स्थिति ने प्रदेशभर की राजनीति को गर्मा दिया है। भविष्य में यह कोई नया गुल खिला सकती है। सरकार संकट में आ सकती है, क्योंकि केंद्र में इस समय भाजपा नीत मोदी सरकार है और मोदी सरकार तथा सुक्खू सरकार के बीच 36 का आंकड़ा काफी समय से चल रहा है। यह पहला मौका नहीं है जब राज्यपाल प्रदेश सरकार से नाराज दिखे, बल्कि इससे पहले भी राज्यपाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया था कि कैसे वाइस चांसलर की नियुक्ति में विवाद बढ़ता जा रहा है। इसके बाद सीएम सुक्खू राजभवन में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल से मिलने पहुंचे थे। इससे पहले योग दिवस के अवसर पर भी प्रदेश के किसी भी नेता का सम्मेलन में न पहुंचना काफी चर्चा में रहा था। तब भी राज्यपाल काफी नाराज दिखे थे। हाल ही में इंडो-तिब्बत बॉर्डर की सुरक्षा का मामला भी काफी गरमाया था। बहरहाल, मसाला जल्दी ही सुलझ जाएगा और विश्वविद्यालय में कुलपतियों की तैनाती हो जाएगी। राज्यपाल विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति हैं और जितनी चिंता सरकार को है उतनी उनको भी है। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### प्रसिद्ध हिंदी फिल्म अभिनेता

**शम्मी** कपूर हिंदी सिनेमा के 1950-60 के दशक में सदाबहार अभिनेता थे। शम्मी का वास्तविक नाम शमशेर राज कपूर था। अपनी विशिष्ट याहू शैली के कारण बेहद लोकप्रिय रहे हिंदी फिल्मों के पहले सिंगिंग-डांसिग स्टार शम्मी कपूर रंगमंच के जाने-माने अदाकार और फिल्म अभिनेता पृथ्वीराज कपूर के दूसरे बेटे थे। शम्मी कपूर का जन्म मुंबई में हुआ था। वह महान् फिल्म अभिनेता और थियेटर कलाकार पृथ्वीराज कपूर और रामसरनी 'रमा' मेहरा के दूसरे पुत्र थे। पृथ्वीराज कपूर के दो और बेटे शशि कपूर और राज कपूर थे। शम्मी कपूर के परिवार में पत्नी नीला देवी, बेटा आदित्य राज और बेटी कंचन देसाई हैं। शम्मी कपूर ने अपनी फिल्मों में बगावती तेवर और रॉकस्टार वाली छवि से उस दौर के नायकों को कई बंधनों से आजाद कर दिया था। हिंदी सिनेमा को यह उनकी बड़ी देन थी। यह बात और है कि उनके जैसे किरदार दूसरा कोई नहीं निभा पाया। शम्मी कपूर बड़े शौकीन मिजाज थे। इंटरनेट की दुनिया में आगे रहते थे, तरह-तरह की गाड़ियां चलाने का शौक वे रखते थे, शाम को गोल्फ खेलना, समय के साथ चलना वे बखूबी जानते थे। फिल्मों में शम्मी कपूर जितने जिंदादिल किरदार निभाया करते थे, उतनी ही जिंदादिली उनके निजी जीवन में दिखती थी। उनके जीवन में कई मुश्किल दौर भी आए खासकर तब जब 60 के दशक में उनकी पत्नी गीता बाली का निधन हो गया। तब वे अपने करियर के बेहद हसीन मकाम पर थे। शम्मी कपूर के कदम तब कुछ ठिठके जरूर थे पर फिल्मी पर्दे के रंगरेज शम्मी अपने उसी अंदाज में अभिनय से लोगों को मदमस्त करते रहे। ■



शम्मी कपूर
जन्म : 21अक्तूबर,1931
मृत्यु : 14 अगस्त, 2011

## अपनी बात

**दूध** का सेवन सेहत के लिए कितना फायदेमंद माना जाता है यह तो हम सभी जानते हैं, लेकिन यह इस बात पर निर्भर करता है कि आप इसका किस समय सेवन करते हैं, क्योंकि सही समय में दूध पीने से शरीर को कई लाभ मिल सकते हैं। दूध अपने आप में कंपलीट फूड है। दूध में कैल्शियम, मैग्नीशियम, आयरन, जिंक जैसे मिनिरल्स के अलावा विटामिन बी 12, विटामिन डी और प्रोटीन पाया जाता है। इतना ही नहीं दूध में कई तरह के एमिनो एसिड भी होते हैं। रोजाना रात को होने से पहले दूध का सेवन करने से शरीर को कई लाभ मिल सकते हैं। तो चलिए जानते हैं रात को सोने से पहले दूध पीने के फायदे। अगर आप वजन को कम करना चाहते हैं तो आपके लिए रात के समय दूध का सेवन फायदेमंद हो सकता है। रोज रात में सोने से पहले एक गिलास दूध के सेवन से वजन को कम करने में मदद मिल सकती है। स्ट्रेस-दूध में मौजूद एमिनो एसिड कार्टिसोल हार्मोन के लेवल को कम करता है। रोजाना दूध के सेवन से स्ट्रेस को कम करने में मदद मिल सकती है। हड्डियों-दूध से सबसे अधिक कैल्शियम की प्राप्ति होती है। कैल्शियम के अलावा इसमें फॉस्फोरस, विटामिन डी और प्रोटीन होता है जो हड्डियों की मजबूती के लिए अच्छा माना जाता है। कमजोर हड्डियों को मजबूत बनाने के लिए रात में सोने से पहले दूध का सेवन करना चाहिए। **राजेश ठाकुर,गगल**

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 पर भेज सकते हैं।**

# लोकगीतों से समृद्ध होती पहाड़ी बोलियां

हिमाचल प्रदेश की शासकीय भाषा हिंदी है और इसकी लिपि देवनागरी है। मातृभाषा के रूप में भी यही भाषा स्कूलों में पढ़ाई जाती है। अधिकतर सरकारी कामकाज हिंदी में ही होता है तथा यही लोगों की संपर्क भाषा भी है। कहने को तो हिमाचल की अपनी पहाड़ी भाषा है, लेकिन इसमें एकरूपता नहीं है। अलग-अलग क्षेत्रों की अलग-अलग बोलियां हैं।

उन्हें क्षेत्र विशेष में ही बोला जाता है। लोकमानस में निम्न लिखित कहावत प्रचलित है।'कोस-कोस पर बदले पानी और चार कोस में बदले बाणी'। अर्थात डेढ़ मील दूरी पर पानी का स्वाद बदल जाता है। जबकि साढ़े छह किलोमीटर की दूरी पर बोली बदल जाती है। यानी बोलचाल में अंतर आ जाता है। पूरे प्रदेश की भाषा में एकरूपता लाने के लिए भाषा एवं संस्कृति विभाग हिमाचल प्रदेश शिमला तथा हिमाचल कला संस्कृति भाषा अकादमी शिमला लंबे समय से इसकी संभावनाएं तलाश रही है। हालांकि विभिन्न क्षेत्रों की बोलियों में काफी लोक साहित्य प्रकाशित हुआ है। सभी बोलियों का संयुक्त शब्दकोश भी बना है, लेकिन इसे अभी तक संविधान की आठवीं सूची में शामिल नहीं किया गया है। हिमाचल के विद्वान-साहित्यकार लंबे अरसे से इसकी मांग कर रहे हैं। प्रदेश के जिला बिलासपुर को अतीत में सप्तधार कहलूर के नाम से जाना जाता रहा है। जिले में कहलूरी बोली ही बोली जाती रही है। इस बोली को लेकर एक लोक-कहावत प्रचलित है-

माखे-ताखे बाघला ,बाइयां-ताइयां हंडूरो ।
जालू-तालू कांगड़े ,साफ गल्ल कहलूरो ।

अर्थात बाघल क्षेत्र में मुझे-तुझे को माखे- ताखे कहा जाता है, हंडूर अर्थात नालागढ़ में बाइयां-ताइयां कहते हैं जबकि कांगड़ा में जब और तब को जालू-तालू कहते हैं। बिलासपुर के आसपास इस लोक कहावत को निम्न प्रकार से कहा जाता है -

माखे ताखे बाघला, कड़क बोली हंडूर ।
जाळू ताळू कांगड़ा, बांकी बोली कहलूर।

इस कहावत का भावार्थ भी उपरोक्त कहावत जैसा ही है ।



**लेखक : रामलाल पाठक**
वरिष्ठ पत्रकार एवं साहित्यकार

रियासत काल में यहां खड़ी बोली का भी प्रभाव रहा होगा। राजा विजय चंद के शासनकाल के राजदरबार के आश्रित कवि रहे गणेश सिंह वेदी ने शशिवंश विनोद ग्रंथ की रचना की। उसका प्रकाशन सन 1892 में काशी से हुआ था। इस ग्रंथ में कहलूरी बोली के कई शब्द मिलते हैं। जिन्हें आसानी से समझा जा सकता है। यह ग्रंथ राजा की आज्ञा से प्रकाशित हुआ था। इसलिए कहा जाता है कि राजा को भी कहलूरी बोली का अच्छा खासा ज्ञान था। रियासत काल के जो दस्तावेज मिले हैं। उनमें भी जो अक्षर देखे गए । वह भी वर्तमान कहलूरी बोली से मेल खाते हैं। बिलासपुर में सबसे दिलचस्प यह है कि जिले के पूर्व दिशा में बसे आसपास के दो गांवों में बोली में भी कुछ अंतर बताया जाता है। ये गांव सुईं-सुरहाड़ क्षेत्र के दिग्थली व पंडोखर है। इन दोनों गांवों का एक पनघट रहा है तथा दोनों गांव पहाड़ी की तलहटी पर आर-पार बसे हैं। बीच में नाला बहता है। नाले के किनारे ही दोनों गांवों का इकट्ठा पनघट है। एक गांव से डाली गई आवाज दूसरे गांव भी सुनी जा सकती है। जब टेलीफोन या मोबाइल नहीं थे । तब एक गांव के लोग दूसरे गांव के लोगों को आवाज देकर ही कोई संदेश देते थे। बताया जाता है कि दिग्थली गांव में बघाटी बोली का असर रहा। इसलिए वहां की बोली में कुछ अंतर रहा है। हंडूर, बाघल, कांगड़ा व मंडी आदि रियासतों के सीमावर्ती क्षेत्रों में वहां की बोलियों का प्रभाव देखने को मिलता है।

जिले का चंगर क्षेत्र जो विख्यात शक्तिपीठ श्री नयना देवी जी के आसपास है। वहां पंजाबी भाषा का प्रभाव है। सिखों के धार्मिक स्थल आनंदपुर साहब से साथ लगते क्षेत्र में ठेठ पंजाबी भाषा बोली जाती है। सिखों के दसवें गुरु गोविंदसिंह के प्रभाव के कारण बिलासपुर जिले में ही 'गुरु का लाहौर' नामक गुरुद्वारा है। यह सिख समुदाय की आस्था का प्रतीक है। गंभर खड्ड तक के क्षेत्र में पंजाबी के साथ हंडूरी का मिला-जुला असर देखने को मिलता है। सतलुज नदी के बायीं ओर घुमारवीं क्षेत्र में कांगड़ी बोली का प्रभाव है। जबकि दावीं घाटी व छकोह के क्षेत्रों में बघाटी बोली का असर देखने को मिलता है। पंजगाईं क्षेत्र में मंडयाली का मामूली असर है व बिलासपुर नगर की बोली में अन्य स्थानों की अपेक्षा मामूली अंतर है। भले ही विभिन्न क्षेत्रों की बोलियां आपस में मेल नहीं खाती, लेकिन यहां गाए जाने वाले लोकगीत प्रदेश के बारह में से दस जिलों के लोग समझ भी लेते हैं। इसलिए लोकगीत ही एक मात्र ऐसा माध्यम है। इससे क्षेत्रीय बोलियां समृद्ध होती है। विशेषकर भक्ति लोकगीतों में काफी हद तक एकरूपता है। प्रदेश में शिव एवं शक्ति की अत्यधिक मान्यता है। चंबा के मणिमहेश को भगवान शिव की धरती माना गया है। श्रीनयना देवी जी, चिंतपूर्णी, ज्वालाजी, चामुंडा एवं बज्रेश्वरी आदि शक्तिपीठ एवं दियोट सिद्ध आदि प्रमुख धार्मिक स्थल हैं। आस्था के प्रतीक इन स्थानों में हर वर्ष लाखों की संख्या में श्रद्धालु आते हैं।

लोकगीतों में भी इन देवी देवताओं का बखूबी वर्णन मिलता है। भगवान श्रीराम एवं भगवान श्रीकृष्ण से संबंधित लोकगीत हैं। भक्ति से ओत प्रोत ऐसे भजन या माता की भेंटें हर स्थान पर गई जाती है। अनेक स्थानों पर गुग्गा गाथा गाए जाने का भी प्रचलन है। जनजातीय क्षेत्रों किन्नौर एवं लाहौल-स्पीति को छोड़कर प्रदेश के अन्य दस जिलों के लोकगीत सभी गुनगुनाते हैं। उपरोक्त जनजातियां क्षेत्रों में बोली जाने वाली बोली को समतल भूभाग के लोग नहीं समझ पाते और न ही उनके लोकगीत निचले क्षेत्रों में प्रचलित हैं। यदि यह कहा जाए कि लोकगीत ही हिमाचली पहाड़ी भाषा के परिचायक हैं तो अतिश्योक्ति नहीं होगी। बिलासपुर में गाए जाने वाले लोकगीत चंबा, कांगड़ा, हमीरपुर, ऊना, मंडी, कुल्लू, सोलन, शिमला व सिरमौर में भी गुनगुनाए जाते हैं कुल्लू एवं सिरमौर की बोली में कुछ अंतर है, लेकिन पढ़े-लिखे लोग इसे थोड़ा बहुत समझ लेते हैं। बिलासपुर जिले का गंभरी व मोहणा लोकगीतों को सिरमौर व कुल्लू के लोकगायक भी गाते हैं। कुल्लू व सिरमौर के लोकगीत बिलासपुर के लोकगायक गाते हैं। विशेषकर प्रदेश में आयोजित होने वाले मेलों में लोकगायक ऐसा वातावरण बना देते हैं कि हिमाचल की पहाड़ी बोलियों में खास फर्क नहीं है। गंगी भी ऐसा लोकगीत है जिसे सिरमौर व कुल्लू में भी गया जाता है। कुंजू-चंचलो व रांजू-फुलमू के अलावा अनेक ऐसे लोकगीत हैं, जो प्रदेश भर के दस जिलों के लोग गाते हैं तथा समझते भी हैं। लोकगीतों में चंबा का यह शिव भक्ति का लोकगीत प्रदेश के दस जिलों के लोग बड़ी आसानी समझ लेते हैं -

शिव कैलाशो के वासी, धौलीधारों के राजा
शंकर संकट हरणा ।
तेरे कैलाशो रा अंत नी पाया
संत खड़े तेरी शरणा ।

इस भक्ति के इस गीत में भगवान शिव महिमा का गुणगान किया गया है। भोलेनाथ कैलाश पर्वत पर रहते हैं। उन्हें हिमाच्छादित धौलाधर का स्वामी भी बताया गया है। शंकर भगवान सब के दुख दूर करते हैं। उनकी माया का अंत नहीं है। कोई उनका पार नहीं पा सका है। बड़े-बड़े संत- महात्मा उनकी शरण में खड़े रहते हैं। उनकी महिमा अपरंपार है । शिव भक्ति के इस गीत को बिलासपुर के लोकगायक भी गाते हैं तथा सभ लोग समझते भी हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# दूसरों को सुख देने पर ही ईश्वर हमें सुख देंगे

विनम्रता विनम्र होने की अवस्था या भाव के उदाहरण इसे नीति परायणता, विनम्रता, प्रशिक्षण और धर्य के रूप में देखा जाता है। माता-पिता और गुरु को श्रद्धा दीजिए, आपकी श्रद्धा ही उनका आशीर्वाद बनकर आपके पास लौट आएगी। दूसरों को यश देने से आपको यश मिलेगा। सबहिं मानप्रद आपु अमानी। मान देने से मान मिलेगा।

स्वयं छोटा बनकर दूसरों को बड़प्पन देते हुए, व्यक्तिगत मान अपमान पर ध्यान न देते हुए, दूसरों को ही मान देते हुए, आप अपने कर्मपथ को प्रशस्त कर लेंगे। क्षमा देने से क्षमा मिलेगी। समुद्र मेघ को खारा पानी देता है और मेघ उसे मीटा जल बनाकर लौटा देता है। जो देंगे वहीं मिलेगा। सभी प्रेम के भूखें हैं। समाज को प्रेम दीजिए, समाज आपको प्रेम देगा। जाड़े में शरीर पहले वस्त्र को अपनी गर्मी देकर उसे गर्म करता है, तब वह हमें गर्मी देकर हमारी रक्षा करता है। दूसरों को सुख देने पर ही वे हमें सुख देंगे। यदि सुख चाहते हो, तो सुख दो। चींटी भी दु:ख नहीं चाहती है। सभी सुख चाहते हैं। दु:ख देकर हम सुख नहीं पा सकते हैं। यदि आपने प्रेमी स्वभाव को छोड़ दिया, तो आपने सुख और शांति को लात मार दी। यह मनोवृत्ति रखिए कि मैं किसे क्या दे रहा हूं। जिसे मैं कुछ नहीं दे सकता, उसे सद्भावना दूं, सांत्वना दूं, मधुर वाणी ही दूं। इस प्रकार, हमें अपने सोचने के तरीके बदलना आवश्यक है। इस परिवर्तनशील जगत में सभी कुछ तथा सभी का अपना महत्व है।



**लेखक : संजय गोस्वामी**
स्वतंत्र टिप्पणीकार

कहीं धूप कहीं छाया, कहीं प्रकाश कहीं अंधकार, कहीं जन्म कहीं मृत्यु, कहीं उत्सव कहीं शोक, कहीं सुख कहीं दु:ख। इसी से जीवन-चक्र भी पूर्ण होता है। छाया के बिना धूप की, अंधकार के बिना प्रकाश की, शोक के बिना उत्सव की, दु:ख के बिना सुख की, कल्पना नहीं हो सकती। वास्तव में मनुष्य जीवन विरोधों और विभिन्नताओं से ही गतिशील एवं स्फूर्त होता है अन्यथा वह गतिहीन एवं जड़ हो जाए। यदि सर्वत्र और सर्वद सुख ही हो तो संघर्ष का कारण ही समाप्त हो जाए और जीवन नीरस हो जाए। दु:ख संघर्ष का प्रेरक होता है। वास्तव में व्यक्तित्व के विकास के लिए दु:ख आवश्यक तत्व है तथा दु:ख की सहज अनुभूति द्वारा परिपक्वता आने पर मानव दु:ख से ऊपर उठ जाता है। दु:ख की निर्माणकारी भूमिका को समझने पर ही मानव में मानवता का उदय तथा सच्चे सुख का प्रादुर्भाव होता है। संत जन दु:ख से उद्वेलित नहीं होते। सुख सदा रहता नहीं और दु:ख का भी अंत है। यों जानकर निज चित्त में निश्चिंत रहता संत है। सत्पुरुष की विनम्रताजन्य दीनता उसकी महानता की परिचायक होती है। मन में अहंकार करना और उसका प्रदर्शन करना आपका हलकापन ही है। विनम्रता एक महान् गुण है। सिद्धांत में दृढ़ रहकर भी व्यवहार में मृदु एवं विनम्र रहिए। विनम्रता गुणों को चमकाती है तथा दोषों को ढंक देती है। धनुष झुककर ही बाण को लक्ष्य-प्राप्ति करा सकता है। अनेक व्यक्ति अपने त्याग, तपस्या, दान, विद्वत्ता आदि के कारण परम पूज्य होते हुए भी अपने तीखे स्वभाव के कारण समाज में पीछे धकेल दिये जाते हैं तथा वे अपना कोई स्थान नहीं बना पाते हैं। वे अपनी कटु वाणी एवं कटु व्यवहार से सभी को अकारण शत्रु बनाए रहते हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## कविता

### करवाचौथ का दिन




**डॉ. जय अनजान**
**बिलासपुर**

*करवाचौथ के दिन व्रत का संकल्प करती है,*
*सूर्योदय से चंद्रमा के आने तक,*
*अपने मन को पति की याद में बहलाती है,*
*लंबी उम्र हो पति की यही दुआ करती है।*
*सजती है सवंरती है सोलह श्रृंगार करती है,*
*मनमोहनी बनकर अपने चांद का दीदार करती है,*
*उपहार की कोई परवाह नहीं ,*
*बस अपनी जीवनसाथी के प्यार की इच्छा रखती है।*
*पूरा दिन भूखे प्यासे रह कर रीत निभाती है,*
*एक टक टकी लगाकर चांद के दीदार का इंतजार करती है,*
*क्या पता उम्र बढ़े न बढ़े,*
*प्यार जरूर बढ़ेगा ऐसा विश्वास जताती है।*
*लंबी उम्र की दुआ करके,*
*अपने प्रण को निभाती है,*
*हर वर्ष इस पावन दिन को,*
*करवाचौथ के रूप में मनाती है।*

# सीमित संसाधन और बढ़ती जनसंख्या एक बड़ा संकट

कहा जाता है जितनी अधिक संख्या हो उतनी ही अधिक शक्ति होती है, लेकिन जब संख्या अति रूप में अधिक हो जाए और साधन कम पड़ जाए, तो वही संख्या आफत व समस्या का रूप ले लेती है। ऐसी ही कुछ स्थिति हमारी होती जा रही है, जनसंख्या तो बहुत है मगर संसाधन कम पड़ते नजर आ रहे हैं। भारत एक ऐसा राष्ट्र जहां प्राचीन समय से ही मानव जीवन को नियमित व संतुलित रूप से एक सीमित रूप से जीने की बात कही जाती रही है सीमित संसाधनों का सीमित समय में व नियंत्रण में सदुपयोग एक नई विकास की गाथा रचता है।

हमारा भारतीय समाज बहुत लंबे समय से ही पूरे विश्व के लिए जीवन जीने की विधी के लिए प्रसिद्ध तथा विख्यात व मार्गदर्शक की भूमिका में रहा है। समाज वक्त के साथ चलते-चलते परिवर्तन धारा में बहता रहता है, जिस कारण समाज में परिवर्तन आना स्वाभाविक होता है, लेकिन किसी भी कार्य और चीज की अति हो जाना उसे अंत की ओर ही ले जाती है स्पष्ट है भारत में भी पिछले कुछ एक दो दशकों से जनसंख्या में अति वृद्धि हुई है तथा निरंतर होती भी जा रही है। प्रकृति का नियम रहा है अति से ही क्षति होती है और क्षति से ही अंत निश्चित है। सार्वभौमिक तौर पर समस्त चीजे वक्त और परिस्थितियों पर ही निर्भर करती है चाहे समाज कैसा भी हो हमारे भारतीय समाज व देश में भी आज के वर्तमान समय में जो सब समस्याओं की जड़ प्रतीत हो रही है वो कोई और नहीं बल्कि जनसंख्या विस्फोट ही नजर आती है क्योंकि जितने लोग होंगे उतना ही उपभोग होगा , संसाधनों पर भी उतना ही भार बढ़ जाएगा।



**लेखक : डॉ. मनोज डोगरा**
प्राध्यापक, बड़सर कॉलेज

लोगों की आवश्यकता की पूर्ति संतोषजनक नहीं होगी। चाहे वो जल हो अन्न हो पेट्रोल हो डीजल हो रोजगार हो या अन्य मानव सेवाएं सब पर जनसंख्या वृद्धि से अत्यधिक भार पड़ना स्वाभाविक ही है जिसके परिणामस्वरूप एक संकट की स्तिथि का उद्भव हो जाता है जोकि लूट खसूट से प्रारंभ होकर प्राकृतिक संतुलन में गिरावट, आतंक, कृषि योग्य भूमि की कमी, मंहगाई, भ्रष्टाचार, मारा-मारी, रोजगार की कमी संसाधनों पर बोझ तक मानव निर्मित संकट के रूप में सामने आता है जो कि प्रकृति के लिए भी हानिकारक है और समस्त मानव समाज के लिए भी इसलिए सबके लिए महत्वपूर्ण है जनसंख्या को नियंत्रित करके एक सुखी समाज व राष्ट्र की कल्पना करें।

परिवार नियोजन वर्तमान समय की सबसे बडी आवश्यकता समाज के सुखद भविष्य के लिए महसूस की जा रही है 'हम दो हमारे दो' व 'शेर का बच्चा एक ही अच्छा' जैसी अनेक जागरूक धारणाएं समाज में लोगों द्वारा दी जाने लगी है, लेकिन समाज का एक बड़ा वर्ग अभी भी जनसंख्या विस्फोट से अनजान है यह इस प्रकार से जानबूझकर अनजान होना आने वाले समय में संकट के संकेत है जिसके लिए सबको अभी से तैयार रहना होगा क्योंकि बाद में संभलने का मौका नहीं मिलने वाला है , गौरतलब है कि देश में आखिरी बार जनगणना 2011 में हुई थी। इस जनगणना को एक दशक से अधिक समय पूरा हो चुका है। इस एक दशक में देश में बहुत कुछ बदल गया है। 2011 की जनगणना के अंतिम आंकड़ों के मुताबिक, भारत की आबादी 1.21 अरब यानी 121 करोड़ थी,यह जनसंख्या अमेरिका, इंडोनेशिया, ब्राजील, पाकिस्तान और बांग्लादेश जैस देशों की कुल आबादी से भी अधिक है इन आंकड़ों से अब अंदाजा लगाया जा सकता है कि वर्तमान समय में जनसंख्या वृद्धि दर कहा होगी।

जनसंख्या को नियंत्रण करना आज के दौर की सबसे प्रमुख चुनौती है। बढ़ती हुई जनसंख्या देश की आर्थिक स्थिति तो बिगाड़ती ही है, इसके साथ ही बेरोजगारी जैसी समस्याएं को भी जन्म देती हैं। इसके नियंत्रण के लिए सरकार को जागरूकता के साथ-साथ कानून भी बनाना होगा। देश के लोगों को कानून की बजाए स्वयं आगे आकर विवेक का इस्तेमाल कर जनसंख्या नियंत्रण में सहयोग करना चाहिए यह भी एक तरह से किसी देशभक्ति से कम नहीं है। भारत में गरीबी,अशिक्षा और जातीय राजनीति की वजह से जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाने का कोई फायदा नजर नहीं आता है, लोगों को जागरूक और शिक्षित कर ही इस मामले का हल निकाला जा सकता है। भारत के तकरीबन हर परिवार में लोगों की संतान के तौर पर पहली पसंद लड़का ही होता है, इस स्थिति में जनसंख्या नियंत्रण कानून से लड़कियों को गर्भ में ही मारने की घटनाएं बढ़ने का खतरा बढ़ जाता है जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाने से पहले सरकार को इसके दुष्प्रभावों को लेकर लोगों में व्यापक जागरूकता पैदा करने की आवश्यकता है, विशेषज्ञों की मानें तो जनसंख्या नियंत्रण कानून से जनसांख्यिकीय विकार पैदा होने का खतरा बढ़ सकता है, इस स्थिति में कहा जा सकता है कि भारत में बढ़ती जनसंख्या आने वाले समय में भारत के लिए आर्थिक,सामाजिक संकट के रूप में तैयार हो रहा है। अन्यथा वो समय अब दिख रहा है जब गर्मी में पानी के लिए लूट व मारो-मारी हम सबने दिल्ली की सड़कों पर देखी है उन तस्वीरों से कोई अनजान नहीं है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# हिमाचल मार्केट में क्या बाह्य राज्यों के व्यापारियों की पकड़

सत्य हमेशा से सत्य में सत्य की परख पर सिर्फ सत्य को उजागर करता रहा हो, यह कथन वास्तव में भ्रमित करने वाला ही होगा। सत्य तो सिर्फ परिभाषित रूप में कई बार लोगों को या किसी समुदाय विशेष को सुकून पहुंचाने हेतु भी दर्शाते हुए, सत्य का भान हो सकता है। प्रथम दृष्टया, तो हिमाचल जैसे राज्य में जहां आम जन इस बात की ओर गौर भी नहीं करता कि बाजार जहां हमारी कमाई की सबसे बड़ी रकम निकल जाती है, वहां आखिर क्या चल रहा है, कौन आखिर क्या कर रहा है। क्या कोई हमारी संस्कृति को बदलती हुई शैली हमारी जेब खाली कर रही है।

धर्म संप्रदाय की बात न कर सिर्फ एक जगह सिमट कर सिर्फ बाहरी राज्यों से आए व्यापारियों की ओर देखकर कहें, तो वह कैसे हमारी जेब से खेल कर हमारे से लाखों कमा रहे हैं। कोई मैन्युफैक्चरिंग में है तो कोई मार्केटिंग में है, निसंदेह मैन्युफैक्चरर्स तो मार्केटिंग का बहुत बड़ा खिलाड़ी कहा जाए तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी, यह हिंदू हों, चाहे मुस्लिम हों या सिख हों या ईसाई, यह धर्म या संप्रदाय का तो विषय ही नहीं है, बल्कि यह तो बाह्य राज्यों से आए व्यापार के खिलाड़ियों से संबंधित है, जिनकी हाथ की कठपुतली स्थानीय छोटे व्यापारी कैसे बन रहे हैं, जो सिर्फ शायद जीविका के लिए दिन रात एक कर रहे हैं और बाहरी राज्यों के व्यापारी अरबों खेल रहे हैं, क्यों, कैसे, इस ओर किसी का ध्यान गया कभी और बदले में प्रदेश को इनसे कुछ मिल रहा है या नहीं। बस दो चार दिन जनता में से कुछ लोगों का ध्यान मस्जिद विवाद के बाद जरूर आकर्षित हुआ कि बाहरी राज्यों के इन व्यापारियों से क्या डेमोग्राफी बदल रही है, क्या स्थानीय लोगों को आजीविका के लिए मिलने वाले स्थान पर दोगुना तिगुना किराया देकर स्थानीय आजीविका का हक छीना जा रहा है।



**लेखिका : रीना भारद्वाज**
स्वतंत्र टिप्पणीकार

यह पचास हजार की कमाई दिखाने वाला यह व्यापारी एक लाख का तो किराया ही दे रहा है आखिर कैसे। दो चार दिन यह सोच कर मुद्दा शांत कर हर कोई अपने लिए आजीविका खोजने में खो जाता है। कभी किसी ने सोचा है, यह व्यापारी कैसे व्यापार कर रहा है। कहीं यह अपने गुप्त गुलाम तो नहीं बना रहा, शुरुआती स्थानीय व्यापारी को। गुप्त गुलाम तो सत्य उजागर कर रहा है, आप इसे फ्रैंचाइजी भी कहेंगे, ताकि अपीलिंग लगे पर यह वह फ्रैंचाइजी नहीं, बल्कि गुलामी की बंदिश है। गहराई से देखें, तो समझ आएगा, कितनों को समाज में सरकार द्वारा रोजगार दिया जा सकता है। हर कोई अपने लिए स्वरोजगार के लिए बढ़ता है, चलने का प्रयास करता है और चलते चलते दौड़ लगाने के ख्वाब देखता है। ऐसे में सबसे आसान रोजगार हर कोई बाजार में देखता है। पैसे वाला तो मैन्युफैक्चरिंग में पग बढ़ाता है, बाकियों के लिए मार्केटिंग बचती है।

दुकान में बैठकर स्थानीय ग्राहक से मार्केटिंग, सामान घुमाकर दुकानदारों से मार्केटिंग, लेकिन दिन रात एक करने के बाद भी निम्न वर्ग, मध्यम वर्ग में, और मध्यम वर्ग, उच्च मध्यम वर्ग में पहुंचने में पीढ़ियां लगा रहे हैं। आखिर क्यों, कहीं पैसे के अभाव में यह किसी की कठपुतली तो नहीं बन गए। यदि गहराई से जांचा जाए, तो समझ आएगा, कैसे एक मैन्यूफैक्चरर अपने नए ब्रांड को या यूं कहें अपने सामान को, उधार पर अपना सामान बिकवाता है और पचास हजार, एक लाख, से बढ़कर पांच लाख तक धीरे-धीरे उधारी देकर यह जानते हुए शायद की नया ब्रांड नए मार्केटिंग में बेचना कितना मुश्किल है, उधार देता रहेगा। इस बीच जब छोटा व्यापारी यह जान जाएगा कि यह माल बेचकर तो मैं उधारी में ही जिंदगी ही काट पाऊंगा, तो जब वह किसी दूसरे ब्रांड की तरफ मुंह करेगा, तो उधार देने वाला मसीहा चील की तरह जो उस पर नजर गड़ाए हुए है, उस पर अपना शिकंजा कसेगा और चीख चीख कर कहेगा कि मेरा पैसा वापस करो या सिर्फ जो भी ब्रांड का सामान लेना है तो मुझ से ही लेना है। मतलब मुफ्त का एक गुलाम पाल लिया जिससे उधार का पैसा तो वसूला जाएगा। साथ ही उसे जो सामान दिया जाएगा उससे निसंदेह महीने में कम से कम पचास हजार की कमाई, तो लग गई। आखिर लगेगी क्यों नहीं, क्योंकि पैसों के अभाव में ही तो इसने मार्केटिंग का व्यापार चुना है, अब गलत बंदे को अपना मसीहा समझ कर इसमें जो पग बड़ा गया, उसके तीन लाख भी एक साथ कहां से दे तो उसके सामान बेचने वाला एक गुलाम तो बनेगा।

यदि विरोध करेगा तो बाहरी राज्यों से गुंडे लाने की धमकी। ऐसे में स्थानीय यह व्यापारी बाहरी राज्यों के व्यापारी का गुलाम तो बनेगा ही, क्योंकि जान तो सबको प्यारी है, हो भी क्यों नहीं, खुद की जान तो प्यारी होगी ही, क्योंकि पीछे परिवार भी तो है जो भूखे मरेगा। ऐसे में बड़े पेट वाले इस भेड़िये के पास ऐसे दस व्यक्ति हो गए तो पांच लाख महीने की तन्ख्वाह लगेगी। तो ऐसे में पचास हजार की कमाई दिखाने वाला असल में लाखों के गुलाम पाले हुए है। ऐसे में एक लाख दुकान का किराया देना कैसे मुश्किल होगा। सभ्य दिखने वाला सभ्यता का मुखौटा पहने यह हिमाचल की आय ही नहीं बल्कि हिमाचल की खुशहाली व शांति भी बाहर की ओर खींच रहा है और बदले में क्या दे रहा है। क्या कभी सोचा है। सरकार को यह सोचना होगा, हिमाचल का पैसा हिमाचल में कैसे रोका जाए व हिमाचल की आय का इसे कैसे स्रोत बनाया जाए।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### बाल मेले में छाए गढ़गांव स्कूल के नौनिहाल



**अनंत ज्ञान, मंडी।** शिक्षा खंड द्रंग-2 की राजकीय केंद्रीय प्राथमिक पाठशाला तरस्वाण में बाल मेला आयोजित किया गया, जिसमें केंद्रीय विद्यालय के तहत आने वाले 6 स्कूलों के नौनिहालों ने विभिन्न स्पर्धाओं में अपनी प्रतिभा दिखाई। बाल मेले में राजकीय प्राथमिक पाठशाला गढ़गांव के नौनिहालों ने दमखम दिखाते हुए अपनी प्रतिभा से स्कूल का नाम रोशन किया। पहली से तीसरी कक्षाओं की बोरी दौड़ स्पर्धा में आरव ने प्रथम जबकि तीन टांग दौड़ में आरव-अरमान की जोड़ी ने सबको पछाड़ते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं चम्मच दौड़ में दक्ष प्रथम व कल्पना तृतीय स्थान पर रही। विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

### रंधाड़ा स्कूल बाल मेले में लिया 300 बच्चों ने भाग



**अनंत ज्ञान, मंडी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रंधाड़ा में बाल मेले का आयोजन किया गया जिसे क्लस्टर स्तर के आठ पाठशालाओं के 300 बच्चों ने 60 अध्यापक, अध्यापको सहित भाग लिया। स्थानीय पाठशाला की प्रधानाचार्य सरोज पटियाल ने इस बाल मेले की अध्यक्षता सभी स्कूलों के मौजूदगी में की। जिसके मुख्य केंद्र कविता लेखन, शतरंज, गायन, एकल गायन, फोक डांस रहे। प्रतियोगिता में कोठी गहरी, रंधाड़ा, रियूर, चंदेश, चौकी चंद्राहन और अन्य स्कूलों ने भाग लिया। मेले का मुख्य आकर्षण विक्रम प्रताप सिंह और विशाल गुप्ता की मार्गदर्शन में बनाए गए।

### बच्चों को सिखाई मिट्टी से बननें की वस्तुएं

**अनंत ज्ञान, मंडी।** यूरो किड्स स्कूल में रविवार छोटे बच्चों के लिए मिट्टी से बनाए



जाने वाली वस्तुओं की कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें बिलासपुर से आए अरुण गुलेरिया तथा उनके साथ आए राजकुमार ने बच्चों को मिट्टी के बनाए जाने वाली वस्तुओं के बारे में सिखाया तथा प्रैक्टिकल करवाए। इस अवसर पर भारतीय सांस्कृतिक निधि मंडी चैप्टर के सह संयोजक अनिल शर्मा भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम दौरान प्रिंसिपल मीनाक्षी ठाकुर ने पुलिस अधीक्षक साक्षी वर्मा का इस कार्यक्रम पर आने पर विशेष आभार प्रकट किया।

### सीपीआईएम की मकरीड़ी ब्रांच का सम्मेलन संपन्न

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर सीपीआईएम की मकरीड़ी ब्रांच का त्रिवार्षिक सम्मेलन चक्का बसाही गांव में आयोजित किया गया। सम्मेलन की शुरुआत में पार्टी का ध्वज कालीदास ठकुर द्वारा फहराया गया और शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर पार्टी के महासचिव सीताराम येचुरी, बुद्धदेव भट्टाचार्य, चौंतड़ा के मनोज वालिया और शहीद सैनिक विनय कुमार को श्रद्धांजलि दी गई। माकपा मंडी जिला सचिव कुशाल भारद्वाज ने सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए केंद्र और प्रदेश सरकारों की जनविरोधी नीतियों पर प्रहार किया। इस मौके पर तिलक राज ठाकुर को नया ब्रांच सचिव चुना गया और अगले सम्मेलन तक हर पंचायत में ब्रांच गठित करने का लक्ष्य रखा गया।

### एनएसएस शिविर में रिया को मिला विशेष पुरस्कार



**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला लडभड़ोल में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन हुआ। सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य शशि शर्मा ने इस समारोह की अध्यक्षता की। शिविर में 55 स्वयंसेवियों ने भाग लिया, जिनमें 32 छात्राएं और 23 छात्र शामिल थे। एनएसएस प्रभारी अनिता भारद्वाज ने शिविर की गतिविधियों की जानकारी दी, वहीं राकेश बरवाल ने व्यस्तम कार्यक्रम के विषय में विस्तार से बताया। शिविर के दौरान योग, व्यायाम, प्रोजेक्ट वर्क, और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। समापन पर मुख्य अतिथि ने रिया को विशेष पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

### देवांशु रावत और खुशबू चुने सर्वश्रेष्ठ एनएसएस वालंटियर




**कविता, पधर।** राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला द्रंग में सात दिवसीय एनएसएस विशेष शिविर के समापन दौरान उप प्रधानाचार्य थमन सिंह ठाकुर ने स्वयंसेवकों को मेडल वितरित कर सम्मानित किया। स्वयंसेवी तेजस्विनी ठाकुर ने सात दिवसीय शिविर की रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस दौरान देवांशु रावत और खुशबू को बेस्ट वालंटियर के खिताब से नवाजा गया। इस मौके पर मुख्यातिथि थमन सिंह ठाकुर ने स्वयंसेवकों से आह्वान किया कि विशेष शिविर में आयोजित गतिविधियों को जीवन में व्यवहारिक रूप से अमल में लाते हुए सेवाभाव का जज्बा दिखाएं। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सुंदर सिंह यादव और कंचन देवी ने मुख्यातिथि को सम्मानित करने उपरांत विशेष शिविर में आयोजित गतिविधियों की जानकारी दी।

### सिराज कॉलेज में हुआ अंतरराष्ट्रीय अनुसंधान सम्मेलन



**अनंत ज्ञान, मंडी।** राजकीय महाविद्यालय सिराज में हुआ अंतरराष्ट्रीय अनुसंधान सम्मेलन मुख्य अतिथि के रूप में जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय से सेवानिवृत प्रोफेसर व्यायाम सिंह रहे। उन्होंने अपने भाषण में अपने कविताओं के माध्यम से सिराजी भाषा एवं संस्कृति की विशिष्टता साझा की। विशेष अतिथि के रूप में प्रोफेसर अनुपमा सिंह प्रति कुलपति सरदार पटेल विश्वविद्यालय उपस्थित रही। मुख्य वक्ता विश्व प्रसिद्ध समाजशास्त्री प्रो. विवेक कुमार जो वर्तमान में जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में कार्यरत है। उन्होंने सम्मेलन के विषय की सराहना की और कहा के एक ग्रामीण कॉलेज से एक बेहद महत्वपूर्ण आवाज निकली है जो अनुसंधान की ओर सभी हिमालय से जुड़े शोधकर्ताओं को मजबूती से आगे बढ़ने के लिए अग्रसर होगी। कार्यक्रम की सहकर्ता डॉ सोनाली गुप्ता, अध्यक्ष हिमालयन कंजर्वेशन एंड प्रिजर्वेशन सोसायटी एचसीपीएस एवं निर्देशक हिमालयन इंस्टीट्यूट ऑफ कल्चरल एंड हेरिटेज स्टडीज हिक्स ने अमेरिका से अपनी प्रस्तुति दी।

# गांव शील्हा कीपड़ का 'माल' मेला 6 दशक पुराना



देवताओं के साथ देवलू।

**भगत सिंह, मंडी**

नगर निगम मंडी के नेला वार्ड में गांव शील्हा कीपड़ का लगभग छः दशक पुराना 'माल' मेला पारंपरिक व पुरातन स्वरूप में मनाया गया। यह मेला है क्षेत्र की लोक संस्कृति, रीति रिवाजों व कला के पुरातन रूप को संजोए हुए है। इसका आयोजन पशुओं विशेष रूप से बैलों की पूजा-अर्चना के साथ मालाएं पहनाकर उनका सांकेतिक रूप में आभार व्यक्त करने के मौके पर किया जाता है। एक दिवसीय इस मेले के आयोजन का इतिहास लगभग 60 वर्षों से भी पुराना है।

मेले में श्री देव बाला कामेश्वर घुघता व शायरी तथा श्री माता कश्मीरी लंघवार ने शिरकत की। दिन के समय सभी देवी देवता बाला कामेश्वर मंदिर घुघता में एकत्रित हूए। इन देवी देवताओं का मंदिर में स्वागत किया गया जहां से सभी देवी देवताओं ने देव भंडार शील्हा किपड़ के प्रांगण को प्रस्थान किया। सभी देवी-देवता ने पूरे गांव का चक्कर लगाकर देव भंडार के प्रांगण में रात भर पुरातन व लोक सांस्कृतिक कार्यक्रमों में गवाही दर्ज की।

मनोरंजन के सर्व पुरातन स्वरूप 'बांठड़ा' शैली में क्षेत्र के स्थानीय कलाकारों ने अपनी सदियों से संजोई हुई शैली में ही मनोरंजक व ज्वलंत मुद्दे उठाए। राजाओं के जमाने में यह विधा लोक मीडिया के रूप में प्रचलित रही है। जिसमें मजाक मजाक में राजकाज की कमियों व खूबियों को मनोरंजक तरीके से उजागर किया जाता था। इस बहाने आज के इस माडरन युग में इलाका वासी अपनी संस्कृति व कला को संजोए हुए हैं।

देवी देवताओं में आस्था से ओत प्रोत लोगों ने बड़े शौक से इस मेले में भाग लिया। बच्चों, युवकों, महिलाओं व बुजुर्गों का एक साथ मिलकर मेले के आयोजन करना ही इस माल मेले की खूबी है। इस तरह के पारंपरिक व सांस्कृतिक आयोजनों से महान विरासत को अगली पीढ़ी को हस्तांतरित करने में मदद मिल रही है वहीं आपसी मेलजोल व भाईचारे को मजबूत करने में भी यह एक संवाद सेतु है।

> मुख्यत: रात्रि कालीन इस मेले के दौरान कुछ वर्ष पहले तक मेहमान मेजबान पद्धति पर यहां आने वाले हर आदमी को लोगों के घरों में खाना खिलाया जाता था। अब कुछ वर्षों से सामूहिक धाम आयोजित की जाती है।
>
> –भूपेंद्र पटयाल, प्रधान श्री देव बाला कामेश्वर कमेटी।

> लोक संस्कृति के संरक्षण व संवर्धन हेतु मेला आयोजन हेतु कमेटी को निगम की ओर से 21,000 रुपए की राशि दी जाएगी ताकि सांस्कृतिक धरोहर को हस्तांतरित किया जा सके।
>
> –राजेंद्र मोहन, पार्षद नगर निगम, मंडी (हि.प्र.)

# बिना अनुमति शहर में पोस्टर लगाने पर नगर निगम की कार्रवाई शुरू

## नंबर और गुप्त सूचना पर पोस्टर लगाने वालों के हो रहे चालान

**पुष्पराज, मंडी**

नगर निगम द्वारा मंडी शहर को सुंदर और स्वच्छ बनाने के लिए लगातार प्रयास किये जा रहे है लेकिन स्थानीय लोगों और कुछ संस्थानों द्वारा इंदिरा मार्केट और अन्य स्थानों पर पोस्टर लगा दिए जाते है जिससे सुंदर दिखने वाली दीवारें भी भद्दी नजर आती है।

नगर निगम ने इन पोस्टर लगाने वालों पर सिकंजा कसनें लिए पिछले हाउस में प्रस्ताव रखा था की जो भी बिना अनुमति और बेतरतीब तरीके से शहर के सार्वजनिक और नगर निगम क्षेत्र में पोस्टर लगाएगा उनके चालान काटे जाएंगे और सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही इंदिरा मार्केट की दीवारों पर यह लिखा गया है कि दीवारों पर पोस्टर न लगाएं लेकिन बावजूद इसके लोगों द्वारा पोस्टर और पेंपलेट लगा दिए जा रहे है। वहीं नगर निगम ने बीते कुछ दिनों से ऐसे लोगों पर कार्रवाई करना शुरू कर दी है।





मनाही के बाद भी दिवारों और गेट पर लगे पोस्टर।

सफाई निरीक्षक सतीश गुलेरिया ने बताया कि ऐसे लोगों पर नगर निगम द्वारा कार्रवाई करना शुरू कर दी गई और कुछ लोगों को निगम कार्यालय भी बुलाया गया था। जिनमें से कुछ लोगों को चेतावनी पर पोस्टर हटाने को और आगे से अनुमति के आधार पर पोस्टर लगाने को कहा गया। वहीं कुछ लोग बुलाने पर भी निगम कार्यालय नहीं आए जिन पर नगर निगम द्वारा अब नंबर ट्रेस कर उनका पता लगाया जाएगा और गुप्त सूचना पर भी उक्त व्यक्तियों पर कार्रवाई की जाएगी।

मंडी शहर की इंदिरा मार्केट में सैकड़ों पोस्टर लगे है जिन्हें सफाई कर्मियों द्वारा हटाया भी जाता है लेकिन फिर भी लोग रोजाना नया स्थान देखकर कहीं कमरे का तो कहीं ऐड के पोस्टर लगा देते। जिससे नगर निगम पर इन दीवारों पर रंग रोगन आदि का खर्चा बढ़ रहा है। (अनंत ज्ञान)

**4 लोगों को निगम कार्यालय में किया तलब**

### निगम की टीम ने कार्रवाई करना कर दी है शुरू : वीरेंद्र भट्ट

**नगर** निगम महापौर वीरेंद्र भट्ट शर्मा ने बताया कि मीडिया एवं समाचारों के माध्यम से लोगों को पहले ही आगाह कर दिया गया था कि बिना अनुमति और बेतरतीब तरीके से नगर निगम क्षेत्र में पोस्टर और पेंपलेट न लगाएं लेकिन अभी तक लोग इस बात को हल्के में ले रहे है नगर निगम की टीम द्वारा अब ऐसे लोगों पर कार्रवाई करना शुरू कर दिया है। यदि लोग नहीं मानते तो उनके नंबरों और गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# बेड पर डॉक्टर पर फिर भी किया मरीज का उपचार

**अनंत ज्ञान, मंडी**





उपचाराधीन नारायण व डॉ. दुष्यंत बिस्तर पर से ही उपचार लिखते हुए।

जोनल अस्पताल मंडी में मरीज और डॉक्टर के बीच का एक अनोखा मामला सामने आया है। जहां मरीज बिस्तर पर होता है और डॉक्टर उसके इलाज के लिए उसके समक्ष पहुंचता है लेकिन जोनल अस्पताल में इसका विपरित हुआ। यहां डॉक्टर बिस्तर पर था और मरीज उनके पास अपना उपचार करवाने पहुंच गया। न चाहते हुए भी डॉक्टर को मरीज की जिद्द के आगे झुकना पड़ा।

जोनल हास्पिटल मंडी में कार्यरत डॉ. दुष्यंत ठाकुर के पैर का शनिवार को आपरेशन हुआ। करीब 12 बजे उन्हें ऑपरेशन थियेटर से बाहर लाया गया। करीब 2 बजे उन्हें धर्मपुर निवासी 64 वर्षीय नारायण सिंह के परिजनों का फोन आता है और वह बताते हैं कि नारायण सिंह की हालत गंभीर बनी हुई है और वह उनसे ही उपचार करवाने की जिद्द पर अड़े हैं। हालांकि नारायण सिंह का उपचार मेडिकल कॉलेज नेरचौक में चल रहा था लेकिन वे वहां के उपचार से संतुष्ट नहीं थे और जबरन छुट्टी लेकर जोनल हास्पिटल मंडी के लिए निकल गए थे। डॉ. दुष्यंत मरीज की जिद्द को नकार नहीं पाए और मरीज को जोनल अस्पताल बुलाया। यहां डॉक्टर साहब बिस्तर पर थे और यहीं से ही उन्होंने मरीज को देखा और उसके बाद उसे उपचार के लिए जोनल हॉस्पिटल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती करा दिया।

**जोनल अस्पताल के डॉ. दुष्यंत ने निभाया मरीज के मसीहा का फर्ज**

### नारायण सिंह की हालत में अब हो रहा सुधार

**नारायण** सिंह की हालत में अब सुधार हो रहा है। खुद नारायण सिंह ने बताया कि वे पहले से बेहतर महसूस कर रहे हैं। डॉ. दुष्यंत पर उनका अटूट विश्वास है क्योंकि इससे पहले भी इनके परिवार के कई लोगों को डॉ. दुष्यंत ने ठीक किया है।

## पेंशनर्स ने मेडिकल यूनिवर्सिटी दूसरी जगह बदलने का किया विरोध

**विनोद जसवाल, नेरचौक**


जिला मंडी के पेंशनर्स तथा विद्यार्थियों के अभिभावक सुक्खू सरकार के मेडिकल यूनिवर्सिटी को चयनित स्थान से दूसरी जगह शिफ्ट करने वाले फैसले से नाराज हो गए हैं। इसी नाराजगी को लेकर हिमाचल पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन जिला मंडी द्वारा रविवार को जिलेभर के पेंशनर्स ने सरकार द्वारा नेरचौक स्थित मेडिकल यूनिवर्सिटी को दूसरी जगह बदलने के निर्णय का विरोध किया है। जिला प्रधान हरीश शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में शामिल दर्जनों आक्रोशित पेंशनर्स ने खेद जताते हुए कहा कि सुक्खू सरकार द्वारा नेरचौक स्थित अटल मेडिकल यूनिवर्सिटी को बल्ह विधानसभा से सुंदरनगर विधानसभा बदलने के निर्णय को लेकर लोगों तथा विशेष रूप से विद्यार्थियों तथा उनके अभिभावकों में भारी रोष है।

प्रदेश सरकार को इस निर्णय को तुरंत प्रभाव से निरस्त कर देना चाहिए। उन्होंने प्रस्ताव पारित कर प्रदेश मुख्यमंत्री सुक्खू से मांग की है कि जिला मंडी के नेरचौक में स्थित अटल आयुर्विज्ञान एवं अनुसंधान विश्वविद्यालय को बल्ह विधानसभा क्षेत्र से सुंदरनगर स्थानान्तरित करने के निर्णय को तुरंत प्रभाव से निरस्त किया जाए।

जिला प्रधान हरीश शर्मा, जिला महासचिव रोशन लाल कपूर तथा उपस्थित अन्य पदाधिकारियों ने कहा कि सरकार का यह निर्णय सरासर गलत है, बल्ह विधानसभा क्षेत्र हिमाचल प्रदेश के मध्य में स्थित है और हर दृष्टिकोण से यूनिवर्सिटी के लिए उपयुक्त स्थान है।

## दीपावली तक न काटे जाएं ग्राहकों के चालान : गोयल

**अनंत ज्ञान, मंडी**



अनिल गोयल असिस्टेंट इंस्पेक्टर जनरल ट्रैफिक विनोद कुमार से बात करते हुए।

ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के मीडिया कोऑर्डिनेटर एवं हिमाचल कांग्रेस प्रवक्ता अनिल गोयल ने असिस्टेंट इंस्पेक्टर जनरल ट्रैफिक विनोद कुमार से मिल कर दीपावली तक शिमला के आसपास के लगते क्षेत्रों में लोगों को ट्रैफिक रूल्स में थोड़ी रिलैक्सेशन देने की बात कही है। गोयल ने कहा कि सीजन के समय जो लोग खरीदारी करते हैं उन्हें कुछ समय तक एक साइड में गाड़ी खड़ी करने की परमिशन दी जाए, ताकि किसी का चालान न काटा जाए। गोयल ने कहा कि शिमला ट्रैफिक के जवान ट्रैफिक समस्या से निपटने के लिए बखूबी अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन कर रहे हैं। असिस्टेंट इंस्पेक्टर जनरल ट्रैफिक विनोद कुमार ने आश्वस्त किया कि निर्देश जारी किए जाएंगे।

## क्रिकेट प्रतियोगिता का आगाज आज

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** महाराजा लक्ष्मण सेन स्मारक महाविद्यालय सुंदरनगर में आज महिला अंतर महाविद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ किया जाएगा। जानकारी देते हुए प्रेस कंवीनर प्रो. अनिल गुलरिया ने बताया कि इस प्रतियोगिता में प्रदेश भर के 15 महाविद्यालय भाग ले रहे हैं प्रतियोगिता का शुभारंभ स्थानीय कॉलेज के मैनेजमेंट के अध्यक्ष राधिका सेन चोपड़ा मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करेंगे। प्रतियोगिता का समापन 25 अक्तूबर को होगा।

## सुंदरनगर के जौनी चौधरी देश की फ्रीस्टाइल कुश्ती टीम के कोच नियुक्त

**उमेश भारद्वाज, सुंदरनगर**



जौनी चौधरी।

उपमंडल सुंदरनगर के रहने वाले अंतरराष्ट्रीय पहलवान एवं परशुराम पुरस्कार विजेता जौनी चौधरी को अल्बानिया में आयोजित होने वाली अंडर-23 वर्ल्ड रेसलिंग चैंपियनशिप फ्रीस्टाइल कुश्ती के लिए भारतीय कुश्ती टीम के कोच नियुक्त किए गए हैं।

बता दें कि जौनी चौधरी वर्तमान में एनसीओई साई में रेसलिंग कोच के तौर पर कार्यरत है। जौनी चौधरी एक बेहतरीन खिलाड़ी के साथ-साथ बेहतरीन कोच भी है। उनके शिष्य विजय चौधरी डंप एंड डेथ ओलंपिक में 4 पोजीशन में रह चुके हैं। इनके छोटे भाई प्रसिद्ध बॉक्सर आशीष चौधरी एशियन गेम्स में पदक और टोक्यो ओलंपिक में भाग ले चुके हैं।

जानकारी देते हुए कोच जौनी चौधरी ने बताया कि इस बार अंडर-23 वर्ल्ड रेसलिंग चैंपियनशिप में भारत की तरफ से फ्रीस्टाइल में 10 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। जॉनी चौधरी को पूरा भरोसा है कि फ्री स्टाइल रेसलिंग टीम बेहतर प्रदर्शन करेगी और देश के लिए ज्यादा से ज्यादा मैडल लाने का प्रयास करेगी।

## बसों में बेरोक-टोक बज रहा कानखाऊ संगीत

**भीम बसेड़ू, महादेव**

निजी बसों में गाने जोर -जोर से बजाने का सिलसिला लंबा हो चला है। ऐसे में सफर करने वाली सवारियों का परेशान होने का सीधा -सीधा संबंध है।

इन बसों में कानफोड़ू फिल्मी आदि गीत संगीत से चालक और परिचालक का मनोरंजन उनका डिस्को दीवानापन हो सकता है, मगर साथ ही भयंकर दुर्घटना होने की आशंका तब और बढ़ जाती है जब गीत संगीत में खो जाते है, ध्यान भटकता है, आपा खो देने की नौबत आ जाती है और मनचलापन भी सर पर सवार हो जाता है, जिससे छेड़छाड़ की घटनाएं होने में



देर नहीं लगती। एक बड़ा निजी बस ऑपरेटर्स कानखाऊ संगीतमयी आवाज को बसों में दोहरे स्पीकर लगातार बजाता है।

बुद्धिजीवी लोगों ने संबंधित विभाग तथा प्रदेश सरकार से पुरजोर मांग की है कि शीघ्र ही निजी बसों में अत्यधिक ऊंची आवाज में भौंडा आदि संगीत बजाने वालों पर शिकंजा कसा जाए।

## प्रतियोगिताओं से बच्चों का होता है मानसिक विकास : प्रीत किरण

**अनंत ज्ञान, पंडोह**

नोबल इंटरनेशनल स्कूल द्वारा उनके स्कूल की नर्सरी कक्षा से लेकर 10वी कक्षा तक के बच्चों की दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता करवाई गई। जिसमें लेमन रेस, 50 मीटर व 100 मीटर रेस, रस्सा कसी, थ्री लेग रेस, बैडमिंटन, कब्बड्डी आदि कई खेलें करवाई गई। इस प्रतियोगिता के उद्घाटन पर नोबल कॉलेज के अध्यापक महेंद्र कुमार उपस्थित रहे एवं हरी झंडी दिखा कर खेलकूद प्रतियोगिता का आरंभ किया।

दूसरे दिन समापन पर नोबल स्कूल की प्रिंसिपल प्रीत किरण ने विजेता बच्चों को मेडल देकर सम्मानित किया। इस मौके पर





प्रतियोगिता के दौरान बच्चों को सम्मानित करते हुए गणमान्य।

मुख्यातिथि ने कहा कि प्रतियोगिताओं से बच्चों का शारीरिक व मानसिक विकास होता है। नर्सरी कक्षा के छोटे बच्चों में रेस में कनिका प्रथम, मीनाक्षी द्वितीय और कैरव तृतीय स्थान पर रहे।

**कृषि** | कृषि के माध्यम से आर्थिक आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ते कदम

# मंडी के 431 किसानों से सरकार खरीदेगी 65 मीट्रिक टन मक्की

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

किसानों की जी तोड़ मेहनत और राज्य सरकार से मिलने वाले प्रोत्साहन से राज्य में सुभाष पालेकर प्राकृतिक खेती को निरंतर बढ़ावा मिल रहा है। दिन-प्रतिदिन प्रदेश के लोग प्राकृतिक खेती के महत्व को समझ रहे हैं और इसे व्यापक स्तर पर अपना भी रहे हैं। इसके सार्थक परिणाम भी अब मिलने लगे हैं। प्राकृतिक खेती से जुड़े किसान मंडी जिला में अब इस विधि से मक्की व अन्य फसलें उगा रहे हैं। प्राकृतिक विधि से किसानों द्वारा उगाई जाने वाली मक्की की खरीद

**प्राकृतिक खेती को मिल रहा निरंतर बढ़ावा**

सीधे राज्य सरकार द्वारा की जानी है। इसके लिए वर्तमान प्रदेश सरकार ने मक्की का न्यूनतम समर्थन मूल्य 30 रुपए घोषित किया है।

प्राकृतिक खेती के तहत उगाई गई मक्की की खरीद के लिए मंडी जिला में कृषि विभाग की आत्मा परियोजना के तहत लगभग 431 किसानों को चिन्हित किया गया है। इन किसानों से लगभग 65 मिट्रिक टन मक्की खरीदी जानी है।

### समर्थन मूल्य घोषित किए जाने से किसान गदगद



**प्राकृतिक** विधि से मक्की की खेती करने वाले किसान राज्य सरकार द्वारा मक्की का समर्थन मूल्य घोषित किए जाने से गदगद है। करसोग उपमंडल के नरोली गांव के आशा राम, कोलग गांव के गीता राम और गरयाला गांव के पंकज मल्होत्रा, बल्ह उपमंडल के पैड़ी गांव की रक्षा देवी, गोहर उपमंडल के गांव बासा की विमला देवी, मीना देवी और विनोद कुमार तथा कलश गांव के नरपत राम का कहना है कि राज्य सरकार द्वारा मक्की की सरकारी स्तर पर खरीद करना और 30 रुपए प्रति किलो समर्थन मूल्य घोषित करना सराहनीय निर्णय है।

### मक्की की खरीद के लिए बने 4 खरीद केंद्र : डीसी

**उपायुक्त** अपूर्व देवगन ने बताया कि मंडी जिला में प्राकृतिक विधि से उगाई गई मक्की की खरीद के लिए 4 खरीद केंद्र बनाए गए हैं। इन केंद्रों पर प्राकृतिक खेती से जुड़े किसानों से लगभग 65 मिट्रिक टन मक्की की खरीद जानी है। जिसके लिए विभिन्न ब्लॉकों में संबंधित विभाग को आवश्यक तैयारियों के निर्देश दे दिए गए हैं।

## असली सोना खरीदकर पाएं बड़ा डिस्काउंट : भगवंत

**अनिल शर्मा, मंडी**

हमारी अपनी मैन्युफैक्चरिंग है, हम इसका सीधा फायदा अपने ग्राहक को देते हैं। सोने का रेट इतना बढ़ा हुआ है इसलिए हम 50 प्रतिशत से भी कम लेबर ले रहे हैं। यह बात रतन ज्वैलर्स के मालिक सरदार भगवंत सिंह ने अनंत ज्ञान के साथ कही।



भगवंत सिंह ने कहा कि हम असली सामान देते हैं, दादा ले जाए और पोता उसको इस्तेमाल करे, तब भी वह खराब नहीं होगा। सोना एक ऐसी धातु है जो आपातकाल में भी काम आती है। विश्व भर में बहुत से देश सोने का भंडारण कर रहे हैं, उन्हें पता है कि करेंसी के मुकाबले सोना सेफ धातु है। विश्व भर में मांग बढ़ी है तो कीमत का बढ़ना भी लाजिमी है। भगवंत सिंह ने कहा कि आज पढ़ा लिखा समाज है, सबको पता है कि कौन कितनी लेबर कितनी ले रहे हैं, जीएसटी कितना लेते हैं।

रतन ज्वेलर्स के मालिक सरदार भगवंत सिंह ने कहा कि वर्ष 1980 से मैं इस कार्य में लगा हूं। पहले 8 साल तक कारीगरों के साथ बैठ कर काम किया है। हर तरह की ज्वेलरी बनाने आती है। आज विश्व भर की कोई भी ज्वेलरी हो हमें फोटो दे दें, हम हूबहू वैसी ही बना कर दे देंगे। लाखों डिजाइन तो दुकान पर रख नहीं सकते हैं, लेकिन ग्राहक फोटो देकर अपने मन पसंद की ज्वेलरी बनवा सकते हैं। (अनंत ज्ञान)

**रतन ज्वेलर्स के मालिक बोले, हमारी अपनी मैन्युफैक्चरिंग का सीधा फायदा ग्राहक को**

### सोच समझकर खरीदें सोना

**भगवंत** सिंह ने कहा कि सोना सोच समझकर और विश्वसनीय दुकान से ही खरीदना चाहिए, ताकि आगामी वक्त में उसको बदला भी जा सके। ग्राहक को स्टैंप लगा हुआ सोना ही लेना चाहिए। इंदिरा मार्केट में सबसे पहले हमने ही सोने की दुकान खोली थी। आज लोगों को पता है कि यहां खरा सोना मिलता है। मुझे खुशी है कि बड़ी संख्या में ग्राहक हमें अपना प्यार दे रहे हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### एडवोकेट नीरज बने सीनियर एडवोकेट



**अनंत ज्ञान, ऊना।** जिले से संबंध रखने वाले एडवोकेट नीरज शर्मा को हाईकोर्ट ने सीनियर एडवोकेट डेजिगनेट किया है। एडवोकेट नीरज शर्मा ने कानून के कई क्षेत्रों में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है और अपने विशेषज्ञ प्रभाव से न्याय प्रशासन को मजबूती दी है। उनका यह सम्मान उनके व्यवहारिक ज्ञान, प्रतिभा और अन्य सहयोगी वकीलों के प्रति समर्पित भावना का प्रमाण है।

वाहन पलटने

### वाहन पटलने से 10 लोगों को आई चोटें



**बंगाणा।** बंगाणा से पिपलू मार्ग पर मरोट गांव के नजदीक वाहन पलट गया। इस हादसे में दस लोगों को चोट लगी है, जिनको बंगाणा अस्पताल उपचार के लिए पहुंचाया गया है।

### ललड़ी में सात दिवसीय एनएसएस शिविर संपन्न




**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल।** स्वर्ण जयंती उत्कृष्ट राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ललड़ी में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत चल रहे सात दिवसीय विशेष शिविर का आज समापन हुआ। इस अवसर पर ग्राम पंचायत ललड़ी की पूर्व प्रधान सुखविंद्र देवी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस समापन के अवसर पर स्वयंसेवियों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया और आए हुए गणमान्य व्यक्तियों का मनोरंजन किया। इस इस अवसर पर एसएमसी प्रधान शशिपाल, स्कूल के प्रधानाचार्य प्रवीण कुमार, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी ओंकार चंद, वंदना के अलावा सभी स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

### अग्निवीर में सिलेक्ट होने पर नकद पुरस्कार दिया



**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल।** उपमंडल हरोली के तहत पड़ते ग्राम पंचायत सिंगा में आए दिन कई युवा देश सेवा के लिए आगे आ रहे हैं, जो पंचायत व गांव के लिए एक गौरव की बात है। इनका गौरव बढ़ाने के लिए स्थानीय पंचायत के प्रधान गुरदेव सिंह उर्फ ज्ञानी बाबा भी इनके जज्बे को हर तरह से निहारते रहते हैं। सिंगा निवासी अनमोल राणा को अग्निवीर में भर्ती होने पर ज्ञानी बाबा व्यक्ति गत तौर पर 1100 रुपए की प्रोत्साहित राशि भेंट की। इससे पहले भी गांव के युवाओं का प्रोत्साहन बढ़ाया है। ज्ञानी बाबा ने कहा कि यह राशि सिर्फ इसलिए दी जाती है कि बाकी बच्चों का भी ध्यान सिर्फ पढ़ाई में हो क्योंकि आज के ज्यादातर नशे की राह पर चल रहे हैं। भविष्य में भी गांव के उन बच्चों को सम्मानित किया जाता है, जो बच्चे स्कूल के समय दसवीं, बाहरवीं एवं पुलिस, आर्मी, एमबीबीएस कर चुके हैं। इस अवसर पर सचिव स्नेह लता, सदस्य प्रमोद राणा, माता मालती देवी, राम गोपाल राणा, पटवारी जगतार सिंह, रजनी देवी, चौकीदार मेहर सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

### डिजिटल स्क्रीन पर रूट की जानकारी 8



**ऊना।** बस स्टैंड ऊना में यात्रियों की सुविधा के लिए निगम प्रबंधन की ओर से डिजिटल मॉनिटर लगाया गया है। इसमें बसों की समयसारिणी की जानकारी दी जा रही है। अड्डा प्रभारी रणजीत सिंह ने बताया कि इससे यात्रियों को सुविधा मिल रही है।

### करवाचौथ पर मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन



**दाड़लाघाट।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बुघार में प्रधानाचार्य रेखा राठौर की अध्यक्षता में करवाचौथ के अवसर पर अंतरसदनीय मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यालय के चारों सदनों सुभाष, भगत सिंह, रानी लक्ष्मीबाई और अन्य से चार-चार छात्राओं ने भाग लिया। छात्राओं ने प्रतियोगिता के दौरान प्रधानाचार्य रेखा राठौर, शिवानी पाठक और वीना देवी के हाथों पर मेहंदी से सुंदर और शानदार आकृतियां उकेरीं। प्रवक्ता अंग्रेजी दीपक ठाकुर और डीपीई प्रदीप गौतम ने प्रतियोगिता के निर्णायक की भूमिका में रहे। प्रतियोगिता में सुभाष सदन से वंदना, रीना, दीक्षा, भवानी प्रथम,भगत सिंह सदन से प्रिया, रुचिका, खुशबू, सुमन द्वितीय और रानी लक्ष्मीबाई सदन से बबली, अंकिता, सोनम, कशिश तृतीय पर रहे।

## डीसी ने पटाखों की बिक्री और उपयोग को लेकर विशेष आदेश जारी किए

# ऊना जिले में केवल ग्रीन पटाखों की अनुमति

**राजेश शर्मा, ऊना**

- बोले-जन सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण सुनिश्चित करने के लिए उठाया कदम



जिलाधीश जतिन लाल ने दीपावली और अन्य त्योहारों के मद्देनजर पटाखों की बिक्री और उपयोग को लेकर विशेष आदेश जारी किए हैं। इन आदेशों के अनुसार ऊना जिले में केवल ग्रीन पटाखों की बिक्री, भंडारण और उपयोग की अनुमति होगी। यह निर्देश राष्ट्रीय हरित अधिकरण और सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का पालन करते हुए जारी किए गए हैं।

पटाखों की बिक्री करने वाले सभी विक्रेताओं को संबंधित एसडीएम से अस्थायी लाइसेंस लेना अनिवार्य है, जो ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन भी प्राप्त किया जा सकता है। बिना लाइसेंस के पटाखों की बिक्री पर कड़ा प्रतिबंध रहेगा। उपायुक्त ने कहा कि प्रत्येक एसडीएम अपने-अपने क्षेत्र में ग्रीन पटाखों की बिक्री के लिए स्थानों का निर्धारण करेंगे, जबकि संबंधित पुलिस अधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि केवल ग्रीन पटाखों की ही बिक्री हो।

आदेशानुसार, दीपावली और अन्य त्योहारों पर पटाखों का उपयोग रात 8 से 10 बजे तक सीमित रहेगा, जबकि क्रिसमस और नववर्ष की पूर्व संध्या पर पटाखों का उपयोग रात 11.55 बजे से 12.30 बजे तक किया जा सकेगा। पुलिस को निर्देशित किया गया है कि इन समय-सीमाओं के बाहर पटाखों का उपयोग न हो और प्रतिबंधित पटाखों की बिक्री न की जाए।

किसी भी उल्लंघन की स्थिति में संबंधित थाना प्रभारी उत्तरदायी होंगे। इसके अतिरिक्त, उपायुक्त ने सभी उपमंडल अधिकारियों और पुलिस अधिकारियों को सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। यह कदम त्योहारों के दौरान जन सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है। (अनंत ज्ञान)

### ग्रीन पटाखों की सुरक्षा को लेकर दिशा-निर्देश

उपायुक्त ने ग्रीन पटाखों की सुरक्षा और भंडारण के लिए भी विशेष दिशा-निर्देश जारी किए हैं। निर्देशों में कहा गया है कि ग्रीन पटाखों को गैर-ज्वलनशील सामग्री से बने शेड में रखा जाए। शेडों के बीच कम से कम 3 मीटर की दूरी होनी चाहिए और वे एक-दूसरे के सामने न हों। शेड के 50 मीटर के दायरे में पटाखों का प्रदर्शन वर्जित रहेगा। शेड में तेल या गैस लैंप का उपयोग नहीं किया जाएगा और विद्युत स्विच दीवारों से सटे होने चाहिए। एक क्लस्टर में पचास से अधिक दुकानें नहीं होनी चाहिएं। दुकानों को कम से कम 6 मीटर चौड़ी, साफ और मोटर योग्य सड़क पर स्थित होना चाहिए, जिसमें आग बुझाने के लिए आसान पहुंच बनाई जा सके। अग्निकांड की किसी भी घटना से निपटने के लिए दुकान/स्टॉल में पर्याप्त पानी तथा फायर एक्सटिंग्यूशर व रेत से भरी बाल्टियों का होना जरूरी है। बिक्री क्षेत्र का चयन करने से पहले स्थानीय फायर अधिकारी से परामर्श लेना आवश्यक है। ग्रीन पटाखों को दुकान की खिड़की में नहीं रखा जा सकता,और इन्हें चिंगारी-रोधी कंटेनर में या उनकी मूल सील पैकेजिंग में सुरक्षित रखना चाहिए। उपायुक्त ने कहा कि किसी भी व्यक्ति को एसडीएम से लाइसेंस प्राप्त किए बिना ग्रीन पटाखों का स्टॉक और बिक्री करने की अनुमति नहीं होगी। अस्थायी लाइसेंसइज ऑफ डूइंग बिजनेस के तहत ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल से भी प्राप्त किए जा सकते हैं।

# अशोक कालिया जन शिकायत निवारण समिति के सदस्य मनोनीत

**अनंत ज्ञान, ऊना**

- पूर्व विधायक रायजादा, उपमुख्यमंत्री तथा मुख्यमंत्री सुक्खू का जताया आभार



जन शिकायत निवारण विभाग हिमाचल प्रदेश द्वारा जारी एक अधिसूचना के माध्यम से महामहिम राज्यपाल हिमाचल प्रदेश ने रक्कड़ कॉलोनी (ऊना) निवासी अशोक कालिया, जो पूर्व में आबकारी एवं कराधान अधिकारी व वर्तमान में जिला ऊना की अग्रणी साहित्यिक संस्था 'दर्पण' के अध्यक्ष हैं, को जिला ऊना की जन शिकायत निवारण समिति का गैर सरकारी सदस्य मनोनीत किया है। अशोक कालिया ने इस महत्वपूर्ण समिति में अपने मनोनयन के लिए ऊना सदर के पूर्व विधायक सतपाल रायजादा, उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री तथा मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का हार्दिक आभार प्रकट किया है।

उन्होंने कहा कि वे वर्तमान सरकार की जनहितैषी नीतियों का लाभ संबंधित वर्गों तक पहुंचाने का भरसक प्रयास करेंगे तथा इस समिति का सदस्य होने के नाते पीड़ित व शोषित लोगों की आवाज बुलंद करने के साथ-साथ जिला प्रशासन की सहायता से जन शिकायतों के त्वरित निवारण में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

कालिया ने कहा कि जनसेवा आरम्भ से ही उनके जीवन का ध्येय रहा है और अब अपने इस मनोनयन के उपरांत वे द्विगुणित ऊर्जा के साथ कथित ध्येय को अर्जित करने के लिए कृतसंकल्प हैं। उन्होंने कहा कि जनसाधारण को सरकार द्वारा बिना किसी भेदभाव के लोकहितार्थ बनाई गई नीतियों के संबंध में किए जा रहे दुष्प्रचार से भ्रमित नहीं होना चाहिए और इन नीतियों व कार्यक्रमों का समुचित लाभ लेने के लिए आगे आना चाहिए।

# शादी का झांसा देकर युवती से किया 8 साल तक दुष्कर्म

**अनंत ज्ञान, ऊना**

- वीडियो वायरल की धमकी देकर किया ब्लैकमेल

जनपद के उपमंडल हरोली के युवक पर युवती ने शादी का झांसा देकर 8 वर्षों तक एक युवती से शारीरिक संबंध बनाने का आरोप लगा है। इतना ही नहीं युवती ने शारीरिक संबंध के दौरान बनाए गए वीडियो वायरल करने को लेकर ब्लैकमेल करने की भी शिकायत पुलिस को दी है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बताया जा रहा है कि युवती का कहना है कि युवक उसके साथ 8 वर्षों से प्रेम प्रसंग में था। इन 8 वर्षों में शादी का झांसा देकर उसने कई बार शारीरिक संबंध बनाए। जब शादी करने की बात कही, तो टाल-मटोल करने लगा। आरोप है कि करीब एक सप्ताह पहले ही युवक ने शारीरिक संबंध बनाते हुए वीडियो बना ली और कई दिनों से ब्लैकमेल कर सारी वीडियो और फोटोज डिलीट करने की बात कही। इतना ही नहीं वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी भी देता है।

एएसपी ऊना सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि पुलिस ने शिकायत के आधार पर युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

## दो सगे भाइयों से चिट्टा बरामद

**ऊना।** सदर थाना के तहत जलग्रां टब्बा में पुलिस ने दो सगे भाइयों को चिट्टा और नकदी के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान विकास कुमार और संदीप कुमार निवासी जलग्रां टब्बा के रूप में हुई है।

पुलिस को मिली गुप्त सूचना के आधार पर उन्होंने सुबह जलग्रां टब्बा में दबिश दी। पहले विकास कुमार की तलाशी ली गई, जिसके पास से 0.22 ग्राम चिट्टा और 20,200 रुपए की नकदी बरामद हुई। जब पुलिस कार्रवाई कर रही थी, तब संदीप कुमार (उर्फ लक्की) ने घबराकर भागने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने उसे पकड़ लिया और उसके कमरे से 0.49 ग्राम चिट्टा और 38,560 रुपए की नगदी बरामद की। पुलिस अधीक्षक ऊना राकेश सिंह ने बताया कि दोनों भाइयों के खिलाफ मादक द्रव्य अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है और जांच शुरू कर दी गई है। आगामी कार्रवाई की प्रक्रिया जारी है।

# करवाचौथ को लेकर कार्यक्रम आयोजित



इन्नरव्हील क्लब के कार्यक्रम में मौजूद महिलाएं।

**अनंत ज्ञान, ऊना**

इन्नरव्हील क्लब ने स्थानीय होटल में करवाचौथ व्रत के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें क्लब सदस्यों ने सभी को करवाचौथ व्रत की बधाई दी।

वहीं, व्रत के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। क्लब प्रधान रमा कंवर व सचिव शोभा सोनी ने सभी महिलाओं के सुखद पारिवारिक जीवन की मनोकामना की। इस अवसर पर क्लब सदस्य किरण बयाना, तेजेंद्र कौर, मीरा मेहता, कमला कंवर, रेखा शर्मा, रमा कालिया, मोनिका कौशल, प्रेरणा महाजन व अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## समाज में अच्छा संदेश प्रेषित कर रहे एनएसएस कैडेट्स

**अनंत ज्ञान, लठियानी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बुधान में सात दिवसीय एनएसएस शिविर के समापन समारोह का आयोजन किया गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में विख्यात शिक्षाविद राजेंद्र कौशल उपनिदेशक उच्चतर शिक्षा जिला ऊना ने शिरकत की। राजेंद्र कौशल ने स्वयंसेवियों को स्वच्छता को अपनाने व समाज में अच्छी सेवा करने का आह्वान किया।

इस अवसर पर स्वयंसेवियों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के दौरान अनिल ठाकुर प्रधानाचार्य, अनिल कुमार उपप्रधानाचार्य, बलवंत सिंह एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी, अंबिका रानी एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी, मनिंदर कुमार, रणवीर सिंह, राकेश कुमार, प्रवीण शर्मा, प्रवीण कुमारी एसएमसी प्रधान व सभी कार्यकारिणी के सदस्य व संतोख सिंह चौधरी मौजूद रहे।

# सरकार के फैसलों से आम लोगों के हालात बिगड़े : रूपेंद्र

**अनंत ज्ञान, ऊना**

हिमाचल सरकार के फैसलों से आम जनता के हालात बहुत बिगड़ गए हैं। यह बात भारतीय जनता युवा मोर्चा ऊना मंडल के अध्यक्ष रुपिंद्र सिंह देहल ने कही। देहल ने बताया कि सरकार द्वारा जनविरोधी फैसलों से आम आदमी का बजट बुरी तरह हिल गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी पानी के भरी भरकम बिल आने शुरू हो गए हैं, जो सरकार 300 यूनिट फ्री बिजली का वादा करके सत्ता में आई है, उसने आते ही 125 यूनिट जो पूर्व जयराम सरकार ने माफ किए थे, उन्हें भी बंद करके पहले मिलनी वाली बिजली सब्सिडी भी बंद कर दी है। हिमकेयर कार्ड बंद करके आम जनता के साथ भद्दा मजाक सरकार द्वारा किया गया है। ऊना विधानसभा क्षेत्र के कई गांवों को टाउन कंट्री प्लानिंग में लाकर उन पर टैक्सों का बोझ लाद दिया है। युवाओं को हर साल 5 लाख नौकरी देने का वादा करके नई भर्तियों पर रोक लगा दी गई है। प्रदेश की महिलाओं को 1500 का लालच देकर वोट ले लिए गए और अब उस इंदिरा महिला सम्मान निधि को भी ठंडे बस्ते में डाल दिया है। महिलाओं का फ्री बस किराया भी बंद कर दिया गया है।

स्कूली बच्चों की बर्दी योजना बंद करके गरीब लोगों पर बोझ डाला जा रहा है। ग्रामीण विकास का पैसा पंचायतों से लेकर अन्य योजनाओं पर लगाया जा रहा है।

हिमाचल के इस बदतर हालातों के लिए प्रदेश की कांग्रेस सरकार जिम्मेदार है। सरकार ने अपनी ऐशपरस्ती के लिए आम जनमानस के ऊपर भारी भरकम बोझ लाद दिया है। रुपिंद्र सिंह देहल ने बताया कि युवा मोर्चा सरकार ने इन सभी फैसलों का विरोध करती है और आने वाले दिनों में सरकार के खिलाफ रोष प्रदर्शन भी किया जाएगा।

## नालागढ़ के कई क्षेत्रों में आज बिजली बंद रहेगी

**बीबीएन।** बिजली बोर्ड नालागढ़ के तहत बिजली उपकेंद्र नालागढ़ के रखरखाव के चलते 21 अक्तूबर को बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। यह जानकारी बिजली उपमंडल नालागढ़ नंबर-1 के सहायक अभियंता सीआर वर्मा ने दी।

सीआर वर्मा ने कहा कि 21 को सुबह 9 से शाम 6 बजे तक रड्याली, चौकीवाला, रंगुवाल, सल्लेवाल, मंगुवाल, कंगनवाल, झंडेवाल व औद्योगिक इकाइयां दया इंडस्ट्री, एशियन प्रेस्सेर, आयरवेदा, एलोफिक, ग्लेनमार्क, नील ऑटो, हिमाचल पैकेजिंग, नव पैकर, भारत पेट्रोलियम, पैनयून, डंडोरा होटल, पूजा कोत्स्पिन, समाना, जीसी फाइबर आदि में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने प्रभावित क्षेत्रों के उपभोक्ताओं से सहयोग का आग्रह किया।

# ऊना से बिलासपुर जा रहे ट्रक से शराब की बड़ी खेप बरामद



शराब की खेप के साथ पकड़े गए आरोपी पुलिस की टीम के साथ।

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

उपमंडल बंगाणा में पुलिस ने देर रात नाके के दौरान एक बड़ी कामयाबी हासिल की। पुलिस टीम, जिसका नेतृत्व एएसआई विनोद कर रहे थे, ने डुमखर में एक ट्रक को रोका और तलाशी ली। तलाशी के दौरान ट्रक से 576 देसी शराब की बोतलें बरामद हुईं। यह ट्रक ऊना से बिलासपुर की ओर जा रहा था। ट्रक चालक की पहचान दौलत राम पुत्र चंद राम निवासी गांव एवं डाकघर रानीकोटला, जिला बिलासपुर के रूप में हुई है।

थाना प्रभारी रोहित कुमार ने बताया कि चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर आगे की जांच शुरू कर दी है। इस कार्रवाई से अवैध शराब तस्करी पर कड़ी चोट की गई है और पुलिस टीम को सराहनीय सफलता मिली है।

**आयोजन** छात्रों में शैक्षिक और सांस्कृतिक प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से कार्यक्रम आयोजित

# वंशिका और ईशा शर्मा की मेहंदी सबसे अच्छी

**अनंत ज्ञान, ऊना**



वशिष्ट पब्लिक स्कूल ऊना में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

वशिष्ट पब्लिक स्कूल ऊना में सोमवार को कक्षा पहली से चौथी तक के छात्रों के लिए स्क्रैबल प्रतियोगिता और कक्षा पांचवीं से दसवीं तक के छात्रों के लिए मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

यह आयोजन छात्रों में शैक्षिक और सांस्कृतिक प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से किया गया था। स्क्रैबल प्रतियोगिता में छात्रों ने अपनी शब्दावली और भाषा कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। स्क्रैबल खेलते हुए छात्रों ने न केवल अपनी सोचने की क्षमता को साबित किया, बल्कि प्रतियोगिता में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का भी अनुभव किया। स्क्रैबल प्रतियोगिता में स्ट्रॉबेरी ग्रुप से, राजवीर कौर, गीतांशी, अन्वी राणा, एकनूर कौर, नवधा, सक्षम शर्मा प्रथम। अक्षिता, अराध्या, अनायशा, अवनी, अर्शवीर, आयुष वशिष्ट द्वितीय, अराध्या, माण्विक शर्मा, जैस्मिन, नेरिती, विधि चौधरी, सहर्ष शर्मा तृतीय स्थान पर रहे।

एप्पल ग्रुप में से मालती, रूहानी कौशल, दिव्यांश ,अवनीत कौर, तनवीर सिंह, रचित शर्मा, तनिश कुमार, यशिका प्रथम, आहाना, आयुष सिंह, जसमन कौर, आरुष सैनी, समर्थ ठाकुर, विराज कंवर, रियांश ठाकुर द्वितीय, यक्ष बस्सी, नव्या कौशल, देवांशी, पुष्पी प्रभाकर, वीरेन चौधरी, विदांत शर्मा, कायरा पठानिया, काशवी भारद्वाज तृतीय स्थान पर रहे। मेहंदी प्रतियोगिता में ऑरेंज ग्रुप से वंशिका, ईशा शर्मा प्रथम, कनिष्का वासुदेव, आराध्या द्वितीय, अनिका, इशिका राणा तृतीय स्थान पर रहे। मैंगो ग्रुप से कनिका, अर्शिया प्रथम, धृति, समृद्धि द्वितीय, सुहाना, अक्षमा, कनिष्का तृतीय स्थान पर रहे। मेलन ग्रुप में से श्रेया पराशर प्रथम, शैलजा द्वितीय, सिमरप्रीत कौर, कनिका धीमान तृतीय स्थान पर रहे। स्कूल के निदेशक अनुज वशिष्ट ने प्रतियोगिता के विजेताओं को बधाई दी और कहा कि छात्रों को हमेशा कुछ नया सीखने और अपनी प्रतिभाओं को निखारने के लिए ऐसी प्रतियोगिताओं में जरूर भाग लेना चाहिए। प्रधानाचार्य दीपक कौशल ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं में भाग लेने से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है क्योंकि यह उन्हें शैक्षिक कौशल के साथ-साथ सांस्कृतिक धरोहर से भी जोड़ती है ।

## ब्वॉयज स्कूल में शिविर संपन्न



**अनंत ज्ञान, सोलन।** सीनियर सेकेंडरी स्कूल सोलन (ब्वॉयज) में सात दिवसीय विशेष शिविर रविवार को संपन्न हुआ। समापन समारोह में जिला हॉकी संघ के प्रधान कानूनगो रणधीर चंबयाल ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की, जबकि लिनेस क्लब सोलन की प्रधान बिंदू पलाटिया व उनकी टीम ने विशेष अतिथि के तौर पर शिरकत की।

इस मौके मुख्यातिथि ने कहा कि एनएसएस शिविर में हम साथ कार्य करना सीखते हैं, जो हमारे लिए भविष्य में उपयोगी होता है। उन्होंने कहा कि स्कूलों से ही यदि बच्चों में समाज सेवा के बीज बोये जाएं तो यह समाज के लिए उपयोगी नागरिक साबित होते हैं। इस मौके पर उन्होंने स्कूली बच्चों को हॉकी स्टिक देने और अपनी ओर से बच्चों को 2100 रुपए की राशि प्रदान की। इस मौके पर सोलन के हॉकी व फुटबॉल के खिलाड़ी रहे मंगलेश भी विशेष रूप से मौजूद रहे।





# सुहागिनों ने चांद का दीदार कर खोला व्रत, पति की लंबी उम्र की कामना की

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

पति की लंबी आयु की कामना के लिए रखा जाने वाला अखंड सौभाग्य का व्रत करवाचौथ रविवार को कुल्लू में धूमधाम से मनाया। करवाचौथ का व्रत रख और चांद का दीदार कर सुहागिनों ने पति की लंबी उम्र की कामना की। रात को चांद का दीदार करने पर ही सुहागिनों ने पूरे उत्साह और श्रद्धा से अघ्र्य देकर अपना व्रत पूर्ण किया। करवाचौथ का व्रत होने के कारण जिले के सभी बाजारों में भी खूब रौनक रही। कई मुहल्लों में तो सुहागिनों ने एकत्र होकर करवाचौथ की पूजा कर यह त्योहार मनाया।

सुहागिनों ने करवे को अच्छी तरह से सजा कर अपने सुहाग की रक्षा करने के लिए मनोकामना की। करवे का पूजन करने के अवसर पर त्योहार मनाए जाने की कथा भी सुनाई गई। महिलाओं ने करवे की पूजा करने के बाद एक-दूसरे को मेंहदी लगाई। सुहागिन महिला कुसुम ठाकुर, बिंदिया, बिमला, अरुणा, इंदिरा, प्रेरणा, मोनिका व संध्या ने बताया कि करवाचौथ की कथा सुने बिना व्रत अधूरा ही रहता है। उन्होंने आज के पवित्र दिन अपने सुहाग की रक्षा के लिए भगवान से वरदान मांगा। वहीं, सुहागिनों की तर्ज पर जिला में कई अविवाहित कन्याओं ने भी करवाचौथ का व्रत रखा। इनमें वह कन्याएं भी शामिल थीं, जिनका निकट भविष्य में विवाह होने वाला है।

इस संबंध में शहर के युवक व युवतियां वैशाली, राहुल, रिद्धि, दीपिका, गौरव व निहारिका ने बताया कि वह बचपन से व्रत की महत्ता सुनते आए हैं, व्रत बहुत ही फलदायक व महत्वपूर्ण है। इस व्रत को करने से सभी अविवाहित लड़कियों की मनोकामना पूरी होती है। व्रत को रखने के पीछे उनकी मूल भावना यही रही कि उन्हें जीवन में एक ऐसा लड़का या लड़की मिले, जो उनके जीवन में कदम से कदम मिला कर चल सके।


करवाचौथ के दिन सज-धज कर बैठी सुहागिन महिलाएं।

### लाहौल-स्पीति में महिलाएं नहीं करती करवाचौथ का व्रत

**जनजातीय** जिला लाहौल-स्पीति की महिलाएं करवाचौथ का व्रत नहीं रखती हैं। हालांकि अभी कुछ सालों से युवा पीढ़ी व्रत रखने लगी है, लेकिन बुजुर्गों के अनुसार जनजातीय जिले में करवाचौथ का व्रत या अन्य त्योहार कम ही मनाए जाते हैं। लाहौल-स्पीति की कमला, टशी डोलमा, अंगमो बोध, सोनम ने बताया कि उनकी शादी को 15-20 साल हो गए हैं, लेकिन उन्होंने कभी भी करवाचौथ का व्रत नहीं रखा है। उनके अनुसार जो लोग लाहौल में रहते हैं, वह इस व्रत को नहीं रखते, लेकिन कुल्लू या अन्य जिलों और राज्यों में रह रहे कुछ लाहौली लोग अब इस व्रत को रखती हैं और पूरे विधि-विधान के अनुसार चांद का दीदार कर व्रत को खोलती हैं।

# ट्रैकिंग पर गए विदेशी रास्ता भटके, मनाली पुलिस ने किए रेस्क्यू , सभी सुरक्षित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मनाली**

पर्यटन नगरी मनाली के दुर्गम रानीसुई की ट्रैकिंग के दौरान रास्ता भटकने के कारण फंसे दो विदेशी पर्यटकों को मनाली पुलिस ने रेस्क्यू कर सुरक्षित मनाली पहुंचाया है।

लगभग दस घंटे तक यह रेस्क्यू ऑपरेशन चला। रविवार सुबह टीम दोनों को लेकर मनाली पहुंची। दोनों विदेशी फ्रांस के रहने वाले हैं। पुलिस की जानकारी के अनुसार शनिवार सुबह दोनों रानी सुई की ट्रैकिंग पर गए, लेकिन अचानक रास्ता भटक गए। दोनों ने मनाली में रह रहे अपने दोस्त अन्नदिता को यह सूचना दी कि वह रास्ता भटक गए हैं। अन्नदिता ने मनाली थाने में पहुंचकर पुलिस से सहायता मांगी। जानकारी मिलते ही शाम करीब सात बजे पुलिस की एक टीम रेस्क्यू के लिए रवाना हुई। टीम में स्थानीय पर्वतारोहियों को भी शामिल किया



गया। अन्नदिता की बताई लोकेशन पर टीम पहुंची, तो दोनों विदेशी वहीं, बैठे थे। पर्यटकों की पहचान फ्रांस के बसाइल मरीन और लियो मरीन के रूप में हुई है। दोनों को रेस्क्यू टीम की सहायता से मनाली लाया गया। सुबह करीब पांच बजे टीम मनाली पहुंची। डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने बताया कि दोनों से पूछताछ की गई, दोनों स्वस्थ हैं। वे रानीसुई झील की ओर घूमने गए, थे लेकिन रास्ता भटकने के कारण फंस गए।

# देव समागम संपन्न, अब व्यापारिक मेले का आगाज

## व्यापारिक दृष्टि से अभी करीब 20 दिन और चलेगा दशहरा उत्सव, खरीददारों की जुटी भारी भीड़, व्यापारियों के खिले चेहरे

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

देवमहाकुंभ अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव संपन्न होते ही अब कुल्लू में व्यापारिक उत्सव का आगाज हो गया है। लोगों ने जहां सात दिनों तक महानगर में तबदील दशहरा उत्सव में आकर खूब मौज-मस्ती की और सैकड़ों देवी-देवताओं के दर्शन कर उनसे सुख-समृद्धि का आर्शीवाद लिया।

वहीं, अब देव समागम समाप्त होते ही लोग खरीददारी करने में मशगूल हो गए हैं। रविवार को करवाचौथ व्रत के चलते ढालपुर मैदान सहित अन्य मैदानों, मीना बाजार में खरीददारों की भारी भीड़ रही। अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव में विभिन्न राज्यों से आए व्यापारियों ने हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ढालपुर सहित अन्य मैदानों में डेरा जमाया हुआ है। यहां पर पुराने व नए कपड़ों की भारी मात्रा में खरीद-फरोख्त हो रही है। वहीं, अन्य सामान के स्टॉल में भी खूब बिक्री के चलते व्यापार में इजाफा आया है। कबाड़ी मार्केट, मीना बाजार, डोम, बर्तन मार्केट, रजाई मार्केट हो या अन्य सजी सभी अस्थायी दुकानें हर जगह शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के लोग खूब खरीददारी कर रहे हैं। कारोबार की दृष्टि से एशिया का सबसे बड़ा व्यापारिक मेला माना जाने वाला अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव को लेकर सजी मार्केट में हर वर्ष करोड़ों रुपए का कारोबार होता है। कुल्लू के शहरी व खासकर ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों के अलावा जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति सहित पांगी व कुल्लू के साथ सटे मंडी के लोग हर वर्ष इस उत्सव में सालभर की खरीददारी करते हैं। देव समागम के दौरान भी जहां खरीदारी होती है। वहीं, देवी-देवताओं के वापस अपने-अपने देवालय लौटने के बाद यहां पर व्यापारिक मेला शुरू होता है और दीवाली तक हर दिन खरीददारों का खूब जमावड़ा उमड़ा रहता है। इस वर्ष जहां रेडिमेड कपड़ों की दुकानों, स्वेटर-जैकेटे सहित आर्टिफिशियल ज्वेलरी सहित अन्य दुकानों में लोगों की भीड़ लगी हुई है। वहीं, उत्सव में विभिन्न कंपनियों की ओर से अपने उत्पादों के साथ आकर्षक उपहार भी दिए जा रहे हैं, जिस कारण खरीददार आकर्षक इनामों वाले उत्पादों की खरीददारी में अधिक रुचि दिखा रहे हैं। रविवार को खेल मैदान में लगे सभी डोम में लोगों की खासी भीड़ रही और लोग सुई से लेकर वाहनों तक की खरीददारी करते दिखाई दिए। वहीं, मीना बाजार, जूता मार्केट सहित सभी मैदानों में सजी अस्थायी दुकानों में खूब खरीदारी हो रही है। लिहाजा, अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव सात दिनों के बाद समाप्त हो गया है और जिलेभर से आए देवी-देवता भी अपने-अपने देवालयों की ओर रवाना हो गए हैं। वहीं, अब कुल्लू में सजे अस्थायी बाजार में खरीददारी का दौर शुरू हो गया है, जो कि अब दिवाली तक चलेगा। (अनंत ज्ञान)


कुल्लू में सजे व्यापारिक मेले में खरीददारी करते हुए लोग।

### अब नहीं आते विदेशी व्यापारी

**सनद** रहे कि कुल्लू दशहरा आजादी से पहले अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला हुआ करता था और विदेशी व्यापारी सीधे तौर पर उत्सव में शरीक होकर व्यापार करते थे। आज भले ही इस उत्सव में दुनिया भर में बनी चीजें बिकने के लिए आती हो, लेकिन बाहरी देशों के व्यापारी प्रत्यक्ष व्यापार के लिए नहीं आते हैं। पहले चीन, रूस, तुर्कीस्तान सहित यूरोपीय देशों के व्यापारी यहां व्यापार करने आते थे। हालांकि इस बार दशहरे के दौरान पहली बार विदेशी राजदूतों के साथ सरकार की एंबेसडर मीट हुई और इस मीट के बाद भविष्य में सांस्कृतिक आदान-प्रदान के साथ ही व्यापारिक समझौतों को लेकर भी उम्मीद जगी है।



### करोड़ों का होता है कारोबार

**दशहरा** उत्सव जहां सांस्कृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है। वहीं, व्यापारिक दृष्टि से भी खास माना जाता है। इस उत्सव में हर साल डोम, कबाड़ मार्केट, जूता मार्केट, मीना बाजार, झूला मार्केट, मौत का कुंआ, मुख्य आकर्षण तंबोला, विभिन्न विभागों की प्रदर्शनी, कुल्लवी व्यंजन सिड्डू, आर्टिफिशियल आभूषण व बर्तनों का करोडों रुपए का कारोबार होता है। मिठाई की दुकानों में भी खूब जमावड़ा होता है।

### उत्सव का बेसब्री से करते हैं लोग इंतजार

**लोग** सालभर खेतों व बगीचों में मेहनत करने के बाद फसलें व सेब सहित अन्य उत्पाद बेचकर एक-एक पैसा जोड़ते हैं और इस उत्सव का व दशहरा उत्सव का बेसब्री से इंतजार करते हैं, ताकि सस्ते दामों में सालभर के लिए जरूरत का हर सामान एक ही जगह आसानी से खरीद सकें।

### धार्मिक आस्था के साथ सामाजिक व आर्थिक जरूरतों से जुड़ा कुल्लू दशहरा

**धार्मिक** आस्था के साथ-साथ सामाजिक व आर्थिक जरूरतों से जुड़े अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा उत्सव के आर्थिक पक्ष पर यदि गौर करें, तो देखा जा सकता है कि देश के विभिन्न हिस्सों से छोटे-बड़े व्यापारी नई-नई चीजें लेकर यहां आते थे। यही नहीं पहाड़ों पर बसे दूर-दराज के गांवों के लोग भी दशहरे में दुकानें लगाकर पहाड़ी व्यंजन, हस्तशिल्प सहित अन्य सामान की मिली अच्छी कीमत से यहां के कई लोगों का सालभर घर चलता है।

## ब्राह्मण जनकल्याण सभा का जल्द होगा गठन: मनमोहन



**कुल्लू।** ब्राह्मण जनकल्याण सभा के प्रदेशाध्यक्ष मनमोहन गौतम ने कहा है कि जल्द ही ब्राह्मण जनकल्याण सभा का गठन होगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की ओर से ब्राह्मण जनकल्याण सभा के गठन का आश्वासन दिए जाने का हिमाचल प्रदेश ब्राह्मण सभा ने स्वागत किया है।

सभा के गठन होने से शास्त्र संस्कृति को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि सभा का एक प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री से 19 अक्तूबर को मौहल में मिला। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से सभा की कार्यप्रणाली, समस्याओं और दायित्वों से अवगत करवाया और ब्राह्मण जनकल्याण सभा का गठन करने की मांग रखी। प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया है कि जल्द ब्राह्मण जनकल्याण सभा का गठन किया जाएगा। इससे ब्राह्मणों को शास्त्र संस्कृति को आगे बढ़ाने में आ रही विभिन्न कठिनाइयों को हल करने में मदद मिलेगी। इस दौरान मुख्य सलाहकार देवराज शर्मा, लीला गोपाल शर्मा, डॉ. भूपिंद्र गौतम, खेमराज, केके शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### कुल्लू आ रहे मंडी के आराध्य बड़ा देव कमरुनाग

**कुल्लू।** मंडी जनपद के आराध्य बड़ा देव कमरुनाग पहली बार अपने भक्त के बुलावे पर कुल्लू आ रहे हैं। 23 अक्तूबर को बड़ादेव कुल्लू के गदौरी पहुंचेंगे। बड़ादेव के साथ उनके पुत्र देवता बालाटिका टूंग्रा भी कुल्लू आ रहे हैं। गदौरी में इनका देव बालाटिका के साथ मिलन होगा, जिसके सैकड़ों लोग साक्षी बनेंगे। लोगों का कहना है कि इससे पहले देव कमरुनाग कब कुल्लू आए हैं, इसकी किसी को जानकारी नहीं है। कुल्लू के बुजुर्गों के अनुसार बड़ा देउ कमरुनाग का रथ 100 साल से भी पहले कभी आया होगा, लेकिन उन्होंने ऐसा सुना नहीं है। वहीं, देउ के भक्त आशु गोयल ने बताया कि देवता का 23 अक्तूबर को भव्य मिलन होगा। इस दौरान देव कारज को भी निपटाया जाएगा। 24 को गदौरी में कुल्लवी धाम परोसी जाएगी।

### नजराना व दूरी भत्ते में बढ़ोतरी पर जताया आभार

**कुल्लू।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की ओर से कुल्लू दशहरे के समापन पर सैकड़ों देवी-देवताओं का नजराना पांच प्रतिशत बढ़ाने पर देवीन्देवता कारदार संघ व बजंतरियों में खुशी है। मुख्यमंत्री की ओर से बजंतरियों के मानदेय और देवी-देवताओं के दूरी भत्ते में 20 प्रतिशत की वृद्धि की घोषणा से जिला देवी-देवता कारदार संघ गदगद है। संघ ने मुख्यमंत्री के साथ दशहरा उत्सव समिति के अध्यक्ष सीपीएस सुंदर सिंह ठाकुर का आभार जताया है। दशहरा में देवी-देवताओं की नजराना राशि के साथ मानदेय और दूरी भत्ता बढ़ाने की कारदार संघ ने मांग की थी। जिला अध्यक्ष दोत राम ठाकुर, उपाध्यक्ष शेर सिंह ठाकुर, महासचिव टीसी महंत, आनी खंड के अध्यक्ष भागे राम राणा, कारदार इंद्र सिंह, अमर सिंह के साथ सभी 13 खंडों के प्रधानों के जिला प्रतिनिधियों ने खुशी जताई।

### कुल्लू को सीएम ने दी करोड़ों की सौगात : जोशी

**मनाली।** इंटक के वरिष्ठ नेता डीआर जोशी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरे के समापन पर सीएम सुक्खू ने कुल्लू को करोड़ों की सौगात दी है। सीएम ने कुल्लू के भुंतर में 102 करोड़ रुपए की योजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास किए। मुख्यमंत्री ने भुंतर में 4.56 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित होने वाले डबल लेन भुंतर पुल की आधारशिला रखी। जोशी ने कहा कि 29 सालों से यह पुल अनदेखी का शिकार रहा। भुंतर पुल के डबल लेन बनने की जनता की पुरानी मांग थी। भुंतर सुधार समिति का इस पुल के लिए लगातार बड़ा संघर्ष रहा है। वहीं , क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू के लिए तेगूबेहड़ में 2.98 करोड़ की लागत से निर्मित पार्किंग सहित ट्रांजिट आवासों और 24 लाख की लागत से निर्मित एकीकृत पुनर्वास केंद्र भुंतर के नवनिर्मित ओपीडी ब्लॉक का लोकार्पण किया।

### फ्लाइंग फेस्टिवल में मनाली की टीम उपविजेता




**मनाली।** अटल बिहारी वाजपेयी पर्वतारोहण एवं सहवध खेल संस्थान मनाली की पैराग्लाइडिंग टीम शिमला फ्लाइंग फेस्टिवल इवेंट में उपविजेता रही। अटल बिहारी पर्वतारोहण संस्थान मनाली की टीम में कैप्टन प्रशिक्षक गिमनर सिंह ने बताया कि प्रदेश सरकार की एकमात्र टीम ने अपनी साहस एवं सटीकता का परिचय देते हुए दूसरा स्थान पाया है। उन्होंने बताया कि शिमला फ्लाइंग फेस्टिवल 16 अक्तूबर से 19 तक शिमला के जुन्गा की पहाड़ियों पर आयोजित हुआ। इस प्रतियोगिता में देश-प्रदेश की 8 टीमों ने हिस्सा लिया। पैराग्लाइडिंग एक्यूरेसी प्रतियोगिता में सोलो और टीम इवेंट थे, जिसमें पूरे देश से 40 पायलटों ने भाग लिया। हिमाचल प्रदेश के बीर बिलिंग, धर्मशाला, खजियार, स्पेनिधार, रोहड़ू, कुल्लू एवं जुन्गा के लोकल पायलटों ने इस प्रयोगिता में हिस्सा लिया। विदेशी टीम से वेस्ट बंगाल के अलावा देश के महाराष्ट्र, भारतीय सेना के कमांडो टीम, अटल बिहारी वाजपेयी टीम ने हिस्सा लिया। पर्वतारोहण संस्थान की टीम में कैप्टन इंस्ट्रक्टर गिमनर सिंह, मोहर सिंह, इंद्र देव, संजय पलहारिया एवं पवन कुमार नेगी शामिल रहे, जिन्होंने प्रदेश सरकार एवं संस्थान का नाम शिमला फ्लाइंग फेस्टिवल में रोशन किया। टीम के कप्तान गिमनर सिंह ने बताया कि यह बहुत ही रोमांचक मुकाबला था, जो जुन्गा की खूबसूरत वादियों में जिला प्रशासन शिमला, पर्यटन विभाग एवं ग्लाइड इन कैंप के संचालकों के द्वारा आयोजित किया गया। उन्होंने बताया कि प्रयोगिता का शुभारंभ हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने किया। इस पैराग्लाइडिंग फेस्टिवल में हिमाचल गौरव अंतरराष्ट्रीय रेसलर ग्रेट खली दलीप सिंह राणा भी इस खेल को देखने आए थे। पर्वतारोहण संस्थान मनाली की टीम को विभाग के निदेशक अविनाश नेगी ने जीत पर बधाई दी।

# प्राचीन चिकित्सा पद्धतियों का संरक्षण व संवर्धन हो : संजीवन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला मुख्यालय में स्थित देव सदन भवन की सभागार में आरोग्य भारती कुल्लू के द्वारा आरोग्य भारती प्रबुद्ध जन गोष्ठी का आयोजन किया गया।

आरोग्य भारतीय प्रबुद्ध जन गोष्ठी का आयोजन स्वस्थ व्यक्ति, स्वस्थ परिवार, स्वस्थ ग्राम और स्वस्थ राष्ट्र के विषय को लेकर गहन चर्चा की। गोष्ठी के दौरान आरोग्य भारती की तरफ से बोलते हुए मुख्य वक्ता संजीवन ने बताया कि आरोग्य भारती का गठन वर्ष-2002 में धनवंतरी जयंती के अवसर पर एक सामाजिक संगठन के रूप में हुआ था, जो कि समाज को स्वस्थ रखने के लिए और समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागृति लाने के लिए लोगों के बीच में कार्य



कर रहे थे। उन्होंने बताया कि आरोग्य भारती बीमारी के आने से पहले ही लोगों को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने के लिए जन जागरण का कार्य करती है। देश के साढ़े 900 जिलों में से 90 प्रतिशत जिलों में आरोग्य भारती का कार्य पहुंच चुका है, इसके साथ ही आरोग्य भारती देश की सभी तहसीलों और प्रति में भी कार्य कर रही है। समास के हर वर्ग और हर विभाग से जुड़े विद्वानों के माध्यम से समाज में स्वास्थ्य के प्रति जन चेतना लाने का प्रयास निरंतर किया जा रहा है।

## लाहौल-स्पीति में सेब सीजन शुरू

**केलांग।** लाहौल-स्पीति में सेब सीजन शुरू हो गया है। शुरुआती दौर में सेब की कीमत 60 रुपए प्रति किलो मिल रही है। कुल्लू में सेब सीजन समाप्त हो गया है, अब लाहौल में सेब सीजन शुरू हो गया है। पूरे देश में इस समय सेब केवल हिमाचल के लाहौल-स्पीति जिले में ही शेष रह गया है। लाहौल-स्पीति में अभी कुछ दिन पहले ही सेब तुड़ान शुरू हुआ है। बागवानों का कहना है कि इस बार पिछले साल की तुलना में सेब की गुणवत्ता, साइज और रंग बेहतर है। शुरुआती दौर में लाहौल सेब प्रति किलो करीब 60 रुपए तक बगीचों में ही बिक रहा है। शीत मरुस्थल लाहौल घाटी में उत्पादित सेब की गुणवत्ता काफी प्रसिद्ध है। क्वालिटी में बढ़िया होने के बावजूद बागवानों को उचित मूल्य नहीं मिल पा रहा है। यहां उत्पादित रसदार सेब बाजार में आने को तैयार है। सेब तुड़ान का कार्य शुरू हो गया है। वहीं, उम्मीद के मुताबिक बागवानों को बेहतर दाम नहीं मिलने से उनके चेहरों पर मायूसी है।

# देश की दूसरे सबसे बड़ी को-ऑपरेटिव सोसायटी एलपीएस का बजूद संकट में

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

अमूल के बाद देश की सबसे बड़ी को-ओपरेटिव सोसायटी एलपीएस का बजूद खतरे में पड़ गया है।

बैंक की देनदारी के कारण लाहौल आलू उत्पादक संघ बड़े आर्थिक संकट के दौर से गुजर रहा है। करोड़ों की देनदारी चुका नहीं पाने से कांगड़ा को-ऑपरेटिव बैंक ने एलपीएस की मनाली के रांगड़ी स्थित तीन सितारा चंद्रमुखी होटल को सील कर दिया है। मूलधन और ब्याज के साथ संस्था के ऊपर बैंक का करीब 9 करोड़ रुपए लोन खड़ा है। होटल सीज होने से संस्था में काम कर रहे दर्जनों कर्मचारियों का भविष्य अधर में लटकने के साथ-साथ सैकड़ों लाहौली किसानों पर बड़ा



आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। समस्या के समाधान को लेकर लाहौल में बैठक आयोजित की गई। छह दशक पुरानी संस्था को बचाने की सारी उम्मीद हिमाचल सरकार पर टिकी हुई है। बैंक ने संस्था को कर्ज चुकाने के लिए दो महीने का समय दिया है। उसके बाद बैंक होटल को बेचकर अपना पैसा बसूल सकता है। किसान सरकार से संस्था को बचाने के लिए गुहार लगाने शिमला जा रही है। संस्था के कार्यकारी अध्यक्ष मंगल चंद ने कहा कि एलपीएस को इस आर्थिक संकट से बचाने के लिए उनके तीन विकल्प बचे हैं। सरकार अगर रायसन स्थित प्रोसेसिंग यूनिट के करीब साढ़े चार करोड़ रुपए रिलीज करे या फिर 5-6 करोड़ रुपए की अनुदान जारी करें। इस दोनों विकल्प की अगर संभावना नहीं है, तो सरकार खुद एलपीएस को ही होटल चंद्रमुखी के नीलामी का अधिकार प्रदान करे। मंगल ने कहा कि इन तीनों विकल्पों को लेकर एलपीएस का एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल विधायक अनुराधा राणा की अध्यक्षता में सीएम और उपमुख्यमंत्री से मिलने जा रहा है। उन्हें उम्मीद है कि सरकार इस संकट की घड़ी में लाहौल के सैकड़ों किसानों की उम्मीद टूटने नहीं देगी।

**कार्यक्रम** अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा की अंतिम सांस्कृतिक संध्या में सिर चढ़कर बोला इंद्रजीत की आवाज का जादू

# साजा लागा माघेरा लोकगीत पर झूम उठा पंडाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा उत्सव की अंतिम सांस्कृतिक संध्या में लोकगायक इंद्रजीत की मधुर आवाज का जादू खूब सिर चढ़कर बोला।

यह सांस्कृतिक संध्या पहाड़ी कलाकारों के नाम रही। इंद्रजीत के साजा लागा माघेरा लोकगीत पर पर पूरा पंडाल झूम उठा और मुख्य संसदीय सचिव सुंदर सिंह ठाकुर, डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश, एसपी कार्तिकेयन गोकुल चंद्रन सहित अन्य अधिकारी भी नाचने से खुद को रोक नहीं पाए। इस दौरान सीपीएस ने भी इंद्रजीत के साथ सुर मिलाते हुए गीत गाया। वहीं, एसपी कुल्लू डॉ. कार्तिकेयन गोकुलचंद्रन ने माइक पर शाबाशे...शाबाशे गाकर उनका साथ दिया। करीब 5 से 10 मिनट तक मुख्यातिथि सुंदर सिंह ठाकुर सहित सभी अधिकारी झूमते रहे, जबकि दर्शक दीर्घा में बैठे दर्शक भी इंद्रजीत के गानों पर खूब झूमे। इस सांस्कृतिक संध्या में रशिया से आए हुए सांस्कृतिक दल ने रंगारंग कार्यक्रम पेशकर अपने देश की संस्कृति का प्रदर्शन किया। इससे पहले प्रसिद्ध शहनाई वादक स्वर्गीय सूरजमणी को श्रद्धांजलि दी और उनकी आत्मा की शांति की प्रार्थना की।

इंद्रजीत ने अपने प्रचलित गीत बुधुआ मामा, पाखली माणु, तिरछी नजरें...लाऊ दिल डंगना, लाड़ी शाऊंनी, साजा लागा माघेरा, बालूशाई मेरे ढोलकी रामा, तू एजी घरठे, मेरी बालमा रोहणा मिलिए आसा लोका दे बोलने, सोलमा लाड़ीए, रीनू, मारी लागी कुल्लू री जाच मामटी सहित कई पहाड़ी गीत पेश कर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। इससे पहले अन्य पहाड़ी लोक गायकों ने अपनी प्रस्तुति दी, जिसमें लाल सिंह ठाकुर, गोपाल सिंह म्यूजिक ग्रुप के कलाकार, गोपाल चौधरी ने लामन से शुरुआत की उसके बाद अन्य लोकगीत पेश किए।



अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव की अंतिम सांस्कृतिक संध्या में लोकगायक इंद्रजीत अपनी प्रस्तुति देते हुए (दाएं) खुशबू भारद्वाज।



अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव की अंतिम सांस्कृतिक संध्या में मुख्यातिथि पहुंचे सीपीएस का स्वागत करते अधिकारी।

### ट्विंकल ने भी मचाया धमाल

**हिमाचली** लोक कलाकार ट्विंकल ने फूला देईये मेरी बामणिये तंबू आंधरे..., देश शोभला हिमाचल महारा, जैसा मामी रे नाका न बेसर सो मामी मेरी, रेड सेउए रा औ मीमा, कुल्लू री पौटू आलीए, रोहडू जाणा मेरी आमीए...जाना जाना मेरी आमीए, लाल चिड़िए ओ मेरी लाल चिड़िए आदि पहाड़ी गीत पर दर्शक नचाए। इसके अलावा जीवन बुडाल ने दिहाड़ी भालदी कटासणी जाचा सौना रैंहदे जाणा जौंगा, पहाड़ी के साथ दिल धड़काये सीटी बजाए, तुझे लागे न नजरिया फिल्मी गीत पेश कर दर्शकों को नचाया। इसके बाद छोटे बच्चों सनाया ने कुल्लवी नृत्य किया।

### सीपीएस ने जताया आभार

**इस** मौके पर सीपीएस सुंदर सिंह ठाकुर मौजूद रहे। उन्हें डीसी तोरुल एस रवीश ने सम्मानित किया। सीपीएस ने इस मौके पर सबका आभार जताया। उन्होंने इस मौके पर एसपी कार्तिकेयन गोकुल चंद्रन, डीआरओ कुल्लू गणेश ठाकुर और अन्य अधिकारियों को भी सम्मानित किया।

### खुशबू ने भी झुमाया

खुशबू भारद्वाज ने झुमका बरेली बाला फिल्मी गीत के बाद हो सुमित्रा मिलादी ऐजे लारजी मोड़े, गंगे रामा मुनिशिया, हांए मेरिए धींगा धींगिए, झूरी रा कैरणा की..दौसदी लगी ही..ही, इसा गाराएं देआ लंबरा हो आदि गीत पेश कर दर्शकों को झुमाया।

### इन्होंने भी दी प्रस्तुति

**अंतिम** सांस्कृतिक संध्या में पुलिस बैंड ने हर रोज की तरह अपनी प्रस्तूति दी, जबकि अरुण भारद्वाज, खेख राम ठाकुर, चुन्नी लाल, देवी सिंह, रेखा ठाकुर, श्लेष, डॉक्टर सर्वज्ञा, दुर्गादास, खूब राम, लेस राज, धर्मा, दोतराम पहाड़िया, मुकेश कुमार, रवि कुमार ने भी प्रस्तुति दी।

## हरिपुर दशहरे का बढ़ेगा स्तर

**मनाली।** मनाली के हरिपुर में मनाए जाने वाले दशहरे का अब स्तर बढ़ेगा। हरिपुर में भी कुल्लू की भांति दशहरा पर्व धूमधाम से मनाया जाता है, लेकिन बजट सिमित होने से स्तर नहीं बढ़ सका।

**सीएम ने सवा लाख से की तीन लाख की सहयोग राशि**

विधायक ने दशहरे के समापन समारोह में अपने संबोधन में हरिपुर दशहरे की सहयोग राशि सवा लाख से तीन लाख करने की मांग रखी। विधायक की मांग पर मुख्यमंत्री ने भुवनेश्वर गौड़ की मांग को पूरा किया। ग्रामीण विजय व रोशन ने बताया कि हरिपुर के ग्रामीण इस पर्व को सदियों से अपने स्तर पर मनाते आए हैं। मुख्यमंत्री की ओर से सहयोग राशि बढ़ाने से दशहरे का स्तर बढ़ेगा। मनाली के विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने कहा कि दशहरा (बांठड़ा) के लिए सरकार की तरफ से जो एक लाख पचीस हजार दिए जाते थे, वो आग्रह पर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने 3 लाख देने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि समस्त क्षेत्रवासियों की ओर से मुख्यमंत्री का धन्यवाद करते हैं। प्राकृतिक आपदा के बावजूद प्रदेश सरकार निरंतर विकास कार्यों को धरातल पर उतार रही है। प्रदेश सरकार के सहयोग से पर्यटन को बढ़ावा देने के हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### पाइनग्रोव ने चिल्ड्रन साइंस कांग्रेस में मारी बाजी



**सोलन।** पाइनग्रोव स्कूल सुबाथू के उभरते वैज्ञानिकों ने हिमाचल प्रदेश चिल्ड्रन साइंस कांग्रेस में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए उपमंडल स्तर पर कई पुरस्कार प्राप्त किए। पाइनग्रोव स्कूल सुबाथू के 11 छात्रों ने 18 और 19 को जाबली में आयोजित उपमंडल स्तरीय बाल विज्ञान कांग्रेस में भाग लिया। आयोजन में विभिन्न वैज्ञानिक गतिविधियों में प्रतिस्पर्धा करते हुए लगभग चालीस स्कूलों ने भाग लिया। पाइनग्रोव स्कूल सुबाथू के छात्रों की सराहना करते हुए उन्हें पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। विज्ञान मॉडल में प्रथम स्थान अथर्व सिंह, विज्ञान मॉडल में तीसरा स्थान निमरित कौर, विज्ञान प्रश्नोत्तरी में प्रथम स्थान तन्मय और समर्थ बंसल गणित ओलंपियाड में प्रथम स्थानः दिविज गर्ग आदि ने हासिल किया।

### प्रो. धर के पढ़ने के तरीकों की खोज प्रदान की



**सोलन।** शूलिनी विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ लिबरल आर्ट्स ने प्रोफेसर तेज नाथ धर के नेतृत्व में मेकिंग द नोन विजिबल एन एक्सपोजिशन ऑफ द एक्ट ऑफ रीडिंग नामक एक सत्र का आयोजन किया। छात्रों और शिक्षकों को प्रोफेसर धर के 50 वर्षों से अधिक के अनुभव के आधार पर पढ़ने के तरीकों की गहन खोज प्रदान की। कार्यक्रम की शुरुआत प्रोफेसर नासिर दश्त पेमा के परिचय से हुई, जिन्होंने उपस्थित लोगों के लिए एक कुशल विद्वान से अंतर्दृष्टि प्राप्त करने के अवसर पर प्रकाश डाला। प्रो. धर ने अपनी बात एक विचारोत्तेजक प्रश्न के साथ शुरू की 'हम कैसे पढ़ते हैं?' उन्होंने अपने व्यापक अध्ययन में निहित दृष्टिकोणों को साझा किया और इस बात पर जोर दिया कि कैसे उनकी अंतर्दृष्टि से छात्रों और शिक्षकों दोनों को समान रूप से लाभ होगा।

### खेल बौद्धिक विकास में निभाते हैं महत्वपूर्ण भूमिका



**दाड़लाघाट।** धुंदन शिक्षा खंड के तहत बुघार स्कूल में क्लस्टर स्तर का बाल मेला आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि प्रधान पंचायत चाखड़ गुरदेई ने मेले का शुभारंभ किया। बाल मेले में विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें एकल गीत, फैंसी ड्रेस, चित्रकला प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी, कुर्सी दौड़ और चम्मच दौड़ शामिल रही। इस मौके पर बुघार स्कूल, असलू, तून वड़ियार, पारनू नेहर और चमरोल-जेरी के स्टूडेंट्स ने भाग लिया। मुख्यातिथि गुरदेई ने कहा कि खेलकूद और बाल मेले बच्चों के मानसिक, शारीरिक और बौद्धिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# आर्थ्रोस्कॉपी सर्जरी की सुविधा नहीं

## पीजीआई चंडीगढ़, आईजीएमसी और नाहन मेडिकल कॉलेज के काटने पड़ते हैं चक्कर

**आर मोहन चौहान, सोलन**

तीन जिलों के केंद्र बिंदु क्षेत्रिय अस्पताल सोलन में हड्डियों की मामूली टूट-फूट की सर्जरी तक की सुविधा नहीं मिल पा रही है। इसके लिए तिमारदारों को मरीज सहित पीजीआई चंडीगढ़, आईजीएमसी शिमला और नाहन मेडिकल कॉलेज के चक्कर काटने पड़ते हैं। हड्डी के फ्रैक्चर होने पर आर्थ्रोस्कॉपी सर्जरी की जरूरत होती है। यह सर्जरी उन मरीजों की होती है, जिनके शरीर के ज्वाइंट वाले एरिये में हड्डी की टूट-फूट होती है। यह सुविधा अस्पताल में नहीं मिल रही है।

इससे मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अस्पताल में कार्यरत हड्डी रोग विशेषज्ञों की मानें तो ज्वाइंट वाले एरिया में हड्डी टूटने के मामले आए दिन आते रहते हैं, लेकिन अस्पताल में इसके लिए कोई प्रावधान नहीं है। लिहाजा मरीजों को सीधा चंडीगढ़, शिमला या नाहन मेडिकल कॉलेज भेजा जाता है। जानकारी के अनुसार सोलन अस्पताल जिले के बड़े अस्पतालों में शुमार है। यहां पर सोलन के अलावा सिरमौर और शिमला जिले के भी कई ऊपरी क्षेत्रों से मरीज पहुंचते हैं, लेकिन अस्पताल में आर्थ्रोस्कॉपी सर्जरी की सुविधा न मिलने से मरीज परेशान हैं। मरीजों ने मांग की है कि जब जिला अस्पताल इतना बड़ा अस्पताल है, तो यहां पर आर्थ्रोस्कॉपी की सुविधा मिलनी चाहिए। (अनंत ज्ञान)




सोलन अस्पताल।

### कंधे, कलाई व घुटने की होती है सर्जरी

हालांकि यह सही है कि किसी भी हड्डी की टूट-फूट में आर्थ्रोस्कॉपी सर्जरी की आवश्यकता नहीं होती और ज्वॉइंट वाले एरिया में भी कई बार टूट में इस सर्जरी की आवश्यकता नहीं पड़ती। विशेषज्ञों की माने, तो आमतौर पर उम्रदराज लोगों के कंधे, कूल्हे, कलाई कोहनी और घुटने आदि के जोड़ों पर यह सर्जरी करने की आवश्यकता होती है। आर्थ्रोस्कॉपी सर्जरी को एक अनुभव भी कुशल ऑर्थोपेडिक सर्जन के द्वारा ही पूरा किया जाता है।

### दूसरे उपकरणों का भी किया जा सकता है इस्तेमाल

**आर्थ्रोस्कॉपी** सर्जरी प्रक्रिया के दौरान सर्जन आर्थ्रोस्कॉपी सर्जरी नामक उपकरण का इस्तेमाल करते हैं, जिसके सामने वाले सिरे पर एक कैमरा और लाइट लगी होती है। इस उपकरण की मदद से सर्जन प्रभावित जोड़ों के अंदरूनी हिस्सो को कंप्यूटर स्क्रीन पर देखते हैं। आर्थ्रोस्कॉपी एक मेडिकल इंस्ट्रूमेंट है, जो कि पेंसिल के आकार का होता है। आर्थ्रोस्कॉपी को शरीर के उस हिस्से में डाला जाता है, जिसका जांच और इलाज करना है। इस दौरान आर्थ्रोस्कॉपी के साथ-साथ दूसरे अन्य उपकरणों का भी इस्तेमाल किया जा सकता है, जिनकी मदद से जोड़ो के प्रभावित हिस्से को काटकर निकाला या उसका इलाज किया जाता है।

> आर्थ्रोस्कॉपी सर्जरी की जरूरत पर सोलन अस्पताल से मरीज को उपचार के लिए पीजीआई या फिर नाहन मेडिकल कॉलेज भेजा जाता है। आर्थ्रोस्कॉपी मशीन उपलब्ध हो, तो रोगियों को सुविधा मिल जाएगी।
>
> **डॉ. संदीप जैन, एमएस, सोलन अस्पताल।**

## जनता का मुख्य मुद्दों से ध्यान भटकाने में जुटे हैं सरकार के मंत्री : बलदेव तोमर

**अनंत ज्ञान, नाहन**



भारतीय जनता पार्टी ने पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह द्वारा नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर पर लगाए गए निराधार और भ्रामक आरोपों की कड़ी निंदा की है। ये बयान कांग्रेस सरकार द्वारा अपनी असफलताओं से जनता का ध्यान भटकाने का प्रयास है।

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता बलदेव तोमर ने कहा कि कांग्रेस सरकार जनता की समस्याओं को सुलझाने की बजाय, ओछी राजनीति और व्यक्तिगत आरोप-प्रत्यारोप में लिप्त है। भाजपा मंत्री अनिरुद्ध सिंह को याद दिलाना चाहती है कि जयराम के नेतृत्व में हिमाचल प्रदेश में अभूतपूर्व विकास हुआ था। चाहे वह सड़कों के बुनियादी ढांचे में सुधार हो, स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाना हो या गरीबों के लिए कल्याणकारी योजनाओं की शुरुआत, भाजपा सरकार ने राज्य के लोगों के लिए दिन-रात काम किया। कांग्रेस द्वारा किए गए झूठे दावों के विपरीत, राज्य के हर क्षेत्र, खासकर कुसुमपटी विधानसभा क्षेत्र में कई विकास कार्य किए गए। कांग्रेस सरकार जो अब लगभग एक साल से सत्ता में है, अपने वादों को पूरा करने में पूरी तरह विफल रही है। महंगाई चरम पर है और सरकार आवश्यक वस्तुओं की बढ़ती कीमतों को नियंत्रित करने में असमर्थ है। हिमाचल की जनता कांग्रेस प्रशासन की अक्षमता और दिशा हीनता के कारण पीड़ित है। कांग्रेस सरकार अपनी विफलता से ध्यान भटकाने के लिए सस्ते हथकंडे अपना रही है। अनिरुद्ध सिंह के बयान से स्पष्ट होता है कि कांग्रेस सरकार अपनी असफलताओं से बौखलाई हुई है। बेरोजगारी, महंगाई और ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं की कमी जैसी समस्याओं का हल निकालने की बजाय, कांग्रेस की सरकार झूठे आरोपों और प्रचार-प्रसार में व्यस्त है। भाजपा हमेशा सबका साथ, सबका विकास के सिद्धांत पर चली है और उसका विकास का इतिहास पारदर्शी और समावेशी रहा है।

जयराम ने अपने कार्यकाल में यह सुनिश्चित किया कि समाज के हर वर्ग को भाजपा सरकार की योजनाओं और नीतियों का लाभ मिले। अनिरुद्ध सिंह के बयान यह दिखाते हैं कि वे जमीनी हकीकत से पूरी तरह अनजान हैं। भाजपा कांग्रेस को चुनौती देती है कि वह पिछले एक साल में ऐसा कोई भी ठोस प्रोजेक्ट दिखाए, जिससे प्रदेश की जनता को वास्तविक लाभ हुआ हो।

### कसौली इंटरनेशनल स्कूल ने धूमधाम से मनाया वार्षिक पारितोषिक समारोह

## कराटे प्रदर्शन से दर्शकों को किया आश्चर्य चकित

**अनंत ज्ञान, सोलन**

कसौली इंटरनेशनल स्कूल सनवारा ने अपना 18वां वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश हाई कोर्ट के जस्टिस वीरेंद्र सिंह ने बतौर मुख्यातिथि पहुंचकर छात्रों का मनोबल बढ़ाया। इस दौरान छात्रों ने पीटी, जिम्नास्टिक, योगा, कराटे सहित कल्चरल एक्टिविटी का प्रदर्शन कर अतिथियों और अभिभावकों का मनोरंजन किया।

कराटे प्रदर्शन ने तो दर्शकों को दांतों तले उंगलियां दबाने को मजबूर कर दिया। इसमें मोटर साइकिल स्टंट और फायर सर्किल जम आकर्षण का केंद्र रहा। यह आयोजन स्कूल एमडी हीरा ठाकुर की देखरेख में हुआ। इससे पहले कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए हीरा ठाकुर ने मुख्यातिथि जस्टिस वीरेंद्र सिंह और अन्य अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। मुख्यातिथि ने मेधावी छात्रों को सम्मानित कर उन्हें कड़ी मेहनत कर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में कसौली के विधायक विनोद सुल्तानपुरी बतौर विशिष्ट अतिथि शामिल हुए। स्कूल की वॉयस प्रिंसिपल पूनम ने बताया कि वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में वर्ष भर शिक्षा और खेलकूद गतिविधियों में अव्वल रहे छात्रों को मुख्यातिथि ने सम्मानित किया। इस तरह की गतिविधियों से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है।



वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में मुख्यातिथि पहुंचे हाईकोर्ट के जस्टिस वीरेंद्र सिंह।



## विधायक ने भूमि पूजन कर सिंचाई ट्यूबवेल का काम करवाया शुरू



**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

उपमंडल की पंजैहरा पंचायत में विधायक हरदीप सिंह बावा ने भूमि पूजन करने के बाद सिंचाई ट्यूबवेल का काम शुरू करवाया। इस ट्यूबवेल पर 93 लाख रुपए व्यय किए जाएंगे।

योजना के तहत पंप हाउस, मैन डिलीवरी टैंक भी बनाए जाएंगे। विधायक ने कहा कि लंबे समय से यहां के लोगों की यह मांग थी। ट्यूबवेल चालू होने से पंजैहरा पंचायत समेत एसटी बस्ती की भूमि ऊपजाऊ हो जाएगी। विधायक हरदीप बावा ने लोगों की समस्याएं सुनीं और जल्द उन्हें पूरा करने के लिए अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि जो भूमि इस ट्यूबवेल के दायरे में नहीं आई है, उसके लिए सिंचाई सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी। विधायक ने कहा कि विधायक निधि से विकास के लिए सभी पंचायतों को एक समान राशि उपलब्ध करवाई गई है। नालागढ़ के विकास कार्यों के लिए धन को आड़े नहीं आने दिया जाएगा। इस मौके पर पंजैहरा के प्रधान राजेंद्र कुमार पुर्व प्रधान राम कुमार शर्मा, पूर्व जिला परिषद सदस्य उजागर चौधरी आदि मौजूद रहे।

## जेठ-जेठानी पर मारपीट का आरोप

**अर्की।** पुलिस स्टेशन अर्की में हेमलता पत्नी दलीप कुमार निवासी गांव चुनाड डा. भुमती तह. अर्की की शिकायत पर मामला दर्ज किया है कि वह 8:30 सुबह अपने बच्चे को स्कूल छोड़ने जा रही थी, तभी इसका जेठ नरेंद्र कुमार इसका रास्ता रोककर खड़ा हो गया व गाली-गलोज करने लगा व साथ ही हाथा पाई व मार पीटाई करने लगा, जब वह बचाने के लिए चिल्लाने लगी तो उसका पति उसकी आवाज सुनकर वहां आ गया, उसी समय उसके जेठ की पत्नी (कल्पना) भी वहां आ गई इसके जेठ ने इसे मारने के लिए ईंट मारी, जो कि इसे न लगकर इसके पति को जाकर लगी। इसके बाद जेठ-जेठानी ने दोनों के साथ मारपीट करने व इन्हें जान से मारने की धमकी दी। इस लड़ाई में इन दोनों को शारीरिक चोंटे लगी हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है।

### राजगढ़ वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला फागू में दो दिवसीय खंड स्तरीय बाल विज्ञान कांग्रेस आयोजित

## क्विज प्रतियोगिता में यशस्वनी शर्मा और देवांशु रहे प्रथम

**अनंत ज्ञान, राजगढ़**

राजगढ़ शिक्षा खंड के वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला फागू में दो दिवसीय खंड स्तरीय बाल विज्ञान कांग्रेस का आयोजन किया गया। इस बाल विज्ञान कांग्रेस का आयोजन हिम कोस्टे हिमाचल प्रदेश शिमला के सौजन्य से प्रारंभिक शिक्षा विभाग द्वारा किया गया। प्रतियोगिता के प्रभारी विजेश पुंडीर, प्रवक्ता जीव विज्ञान ने बताया कि इस प्रतियोगिता में राजगढ़ खंड के 28 विद्यालयों के 186 बाल वैज्ञानिकों ने भाग लिया।

इसमें कनिष्ठ और वरिष्ठ वर्गों में विज्ञान प्रश्नोत्तरी, गणित ओलंपियाड प्रतियोगिता तथा इनोवेटिव साइंस मॉडल की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का संचालन प्रवीण शर्मा प्रवक्ता गणित, सुरेश ठाकुर, टीजीटी नान मेडिकल दिनेश शर्मा तथा दिनेश सूर्या टीजीटी नान मेडिकल द्वारा किया गया। प्रतियोगिता का थीम, विज्ञान और तकनीकी में नवाचार था। जूनियर वर्ग की क्विज प्रतियोगिता में गुरुकुल पीच वैली स्कूल राजगढ़ से यशस्वनी शर्मा और देवांशु प्रथम। वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला राजगढ़ से दिया और अदिति द्वितीय तथा सनियो दीदग से इशिता तथा सृष्टि तृतीय रही। वहीं, सीनियर वर्ग के क्विज में छोगटाली स्कूल से आरुषि तथा लवीश प्रथम, गुरुकुल पीच वैली राजगढ़ से चिराग नेगी एवं निवेदिता शर्मा द्वितीय, फागू स्कूल से अभया तथा अनामिका तृतीय स्थान पर। सीनियर सेकेंडरी क्विज में सनियो दीदग से कुदरत और कनिका प्रथम, डीएवी स्कूल राजगढ़ से आकांक्षा द्वितीय और राजगढ़ से से आकृति तथा आरजू तृतीय रही। उधर, गणित ओलंपियाड में जूनियर वर्ग में डीएवी स्कूल राजगढ़ से अनन्या प्रथम, छोगटाली के अभय द्वितीय तथा गुरुकुल से मानवी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सीनियर वर्ग में कार्तिक एसएस भनोग प्रथम, उत्सव डीएवी स्कूल राजगढ़ द्वितीय तथा काव्यांश गुरुकुल राजगढ़ तृतीय रहा। वहीं, विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग में, समर्थ जीएमएस कुडिया कड़ग प्रथम, जीएसएसएसएस पबियाना से परिधि द्वितीय तथा सुवांश तृतीय रहे। मॉडल की सीनियर वर्ग प्रतियोगिता में डीएवी से शौर्य प्रथम, पारस द्वितीय तथा नैंसी तृतीय रही।

इस प्रतियोगिता के समापन समारोह की मुख्यातिथि, पूर्व शिक्षिका तथा समाजसेवी विमला भारद्वाज ने किया। उन्होंने विजेताओं को पुरस्कार वितरित करते हुए कहा कि विज्ञान का विद्यार्थी जीवन में अत्यधिक महत्व है और इस प्रकार की प्रतियोगिताओं से बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण उत्पन्न होता है।



खंड स्तरीय बाल विज्ञान कांग्रेस में प्रतिभागियों को सम्मानित करती मुख्यातिथि।

## खाने की पंगत से उठाया, मामला दर्ज

**अर्की।** पुलिस स्टेशन अर्की में महेंद्र कुमार पुत्र स्व. बालक राम निवासी गांव बानन डा. पिपलुघाट तह. अर्की ने शिकायत दर्ज करवाई कि वह 18 अक्तूबर को इसके गांव के जगदीश मिश्रा के घर पर सामाजिक कार्यक्रम में शाम 6:30 मिनट पर पहुंचा और करीब 7:30 पर यह खाना खाने के लिए वहां बैठा, जहां सब लोग खाना खा रहे थे, लेकिन इसे खाना बांटने वाले व्यक्ति सुरेंद्र सिंह पुत्र स्व. दलीप सिंह व संजू पुत्र मनसाराम गांव बानण ने उसे वहां बैठने से इनकार कर दिया, जहां सब लोग खाना खाने बैठे थे और कहा कि यहां बड़ी जाति के लोग बैठते हैं और छोटी जाति वालों को यहा खाना खाने नहीं बिठाया जाता तथा उसे नीचा दिखाने की नियत से सब लोगों के सामने वहां से उठाया और दूसरी जगह बैठने को कहा, जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है।

## पांवटा साहिब में 20000 से अधिक लोग भाजपा से जुड़ चुके : रमेश तोमर

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब**

हरियाणा चुनाव में भाजपा की बंपर जीत का सबसे बड़ा कारण अनुसूचित जाति मोर्चा के लोग हैं। यह बात पांवटा साहिब में पहुंची राष्ट्रीय मंत्री भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा स्वराज विद्वान ने कही। संगठन पर्व सदस्यता अभियान के अंतर्गत हिमाचल के पांवटा में भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा का सदस्यता अभियान चला, जिसमें स्वराज विद्वान पहुंचे और पार्टी को मजबूत बनाने के लिए अनुसूचित जाति के लोगों को पार्टी से जोड़ने के लिए जागरूक किया। राष्ट्रीय सचिव ने मोर्चा के सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा का ध्येय सदा ही सबका साथ, सबका विकास रहा है। उन्होंने बताया कि भाजपा सरकार ने अनुसूचित वर्ग से राष्ट्रपति दिए हैं। प्रदेश अध्यक्ष एंव सांसद सुरेश कश्यप तथा राज्यसभा सांसद सिकंदर कुमार भी अनुसूचित जाति से आते हैं।

भाजपा सरकार ने अनुसूचित जाति वर्ग के कल्याण के लिए स्टैडं-अप इंडिया योजना बनाई, जिसके अंतर्गत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा महिलाओं में उद्यमशीलता की संस्कृति को प्रोत्साहित करने के लिए 10 लाख से 1 करोड़ तक ऋण की सुविधा दी जाती है। इसमें 1445 नए उद्यम स्थापित किए गए और 297.56 करोड़ व्यय किए जा चुके हैं। डॉ. अबेंडकर मेधावी छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत एचपीबीओएसई की मैट्रिक की परीक्षा से अनुसूचित जाति वर्ग के शीर्ष से 1250 मेधावी छात्रों के लिए प्रतिवर्ष 12 हजार रुपए छात्रवृत्ति के रूप में प्रदान किए जाते हैं। वहीं, भाजपा पांवटा मंडल अध्यक्ष रमेश तोमर ने बताया कि पांवटा साहिब में 20000 से अधिक लोग भाजपा से जुड़ चुके हैं और आने वाले समय में 30000 का आंकड़ा भी पर किया जाएगा।



पांवटा साहिब में सदस्यता अभियान चलाते पार्टी कार्यकर्ता।

**सुविधा** नाहन मेडिकल कॉलेज में शुरू हुई न्यूरो इलेक्ट्रो फिजियोलॉजी लैब

# 70 लाख की मशीन से विभिन्न राज्यों के न्यूरो रोग से ग्रस्त मरीज करवा रहे इलाज

**अनंत ज्ञान, नाहन**

हिमाचल प्रदेश सरकार लोगों को बेहतर, गुणात्मक तथा अत्याधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए कृतसंकल्प है। इसी क्रम में डॉ. यशवंत सिंह परमार आयुर्विज्ञान कॉलेज एवं चिकित्सालय नाहन में प्रदेश की प्रथम न्यूरो इलेक्ट्रो फिजियोलॉजी लैब स्थापित की गई है।

इस लैब में दिमाग, नसों तथा मांसपेशियों संबंधी बीमारियों से ग्रस्त मरीजों का इलाज किया जा रहा है। विशेषकर 20 वर्ष तक के किशोरों के अतिरिक्त व्यस्क मरीजों का इलाज किशोर न्यूरो रोग विशेषज्ञ डॉ. पवन कुमार कर रहे हैं। किशोर न्यूरो रोग विशेषज्ञ डॉ. पवन बताते हैं कि डॉ. यशवंत सिंह परमार राजकीय मेडिकल कॉलेज नाहन में दिमाग, नसों तथा मांसपेशियों की बीमारी से ग्रस्त मरीजों की जांच के लिए प्रदेश सरकार द्वारा 70 लाख रुपए की लागत से अत्याधुनिक वीडीयो ईईजी मशीन यहां स्थापित की गई है। यह मशीन अगस्त 2024 से पूर्ण रूप से क्रियाशील है तथा यहां प्रतिदिन 5-6 ईईजी टेस्ट किए जा रहे हैं।

इस वर्ष सितंबर माह तक 350 मिर्गी के दौरे संबंधित रोगियों, नसों व मांसपेशियों संबंधित 40 मरीजों, कम सुनने वाले 20 रोगियों की (बेरा) जांच तथा 20 मरीजों की (वीईपी) दिखाई न देने वालों की जांच की गई। यहां प्रतिदिन 2-3 छोटे बच्चे, जिन्हें मिर्गी के दौरे पड़ते हैं, उन्हें दाखिल कर ईलाज किया जाता है, जबकि 20-25 न्यूरो संबंधित मरीज ओपीडी में आते हैं। डॉ. पवन बताते हैं कि नाहन मेडिकल कॉलेज में हिमाचल के साथ-साथ उत्तराखंड, हरियाणा तथा पंजाब के न्यूरो रोग से ग्रस्त मरीज उपचार के लिए आ रहे हैं।



न्यूरो इलेक्ट्रो फिजियोलॉजी लैब में सफलता पूर्वक हुई सर्जरी।

## कारों की टक्कर में तीन लोग गंभीर रूप से घायल



**नाहन।** नेशनल हाईवे नाहन-पांवटा साहिब मार्ग पर गांव बोहलियों के नजदीक एक दर्दनाक सड़क हादसा पेश आया। यहां आमने-सामने दो कारों में जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में कार सवार एक महिला समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। घायलों को नाहन के डॉ. वाईएस परमार मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती करवाया गया है। दूसरी और हादसा इतना भयानक था कि दोनों कारों में टक्कर के बाद दोनों ही कारों के परखचे उड़ गए हैं। हाईवे पर हादसे के बाद यातायात भी कुछ समय के लिए प्रभावित रहा। अभी हादसों के कारण का पता नहीं चल पाया है, लेकिन प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि दुर्घटना का कारण तेज रफ्तार है। पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जल्द इस हादसे के बारे में पता लगाय जाएगा।

## पहली गोरखा राइफल्स का रेजिमेंटल पुनर्मिलन अटूट बंधन का प्रमाण: संजीव



**अनंत ज्ञान, सोलन**

भारतीय सेना की सबसे पुरानी और सबसे प्रतिष्ठित रेजिमेंटों में से एक, पहली गोरखा राइफल्स (1 जीआर) ने 18-19 अक्तूबर को हिमाचल के सोलन के सुबाथू में अपना रेजिमेंटल री-यूनियन मनाया।

1 जीआर रेजिमेंट के कर्नल, लेफ्टिनेंट जनरल संजीव चौहान ने इस अवसर पर संबोधित करते हुए कहा कि पुनर्मिलन उस अटूट बंधन का प्रमाण है, जो रेजिमेंट के सभी सदस्यों को एक साथ बांधता है। यह हमारे साथियों के बलिदान का सम्मान करने और साहस और भाईचारे की साझा विरासत का जश्न मनाने का अवसर है। यह पहली गोरखा राइफल्स की असली पहचान को परिभाषित करता है। इस आयोजन से उन सैनिकों की पीढ़ियों को एक साथ आने का अवसर मिला है, जिन्होंने 209 वर्षों से अधिक समय से चली आ रही वीरता, बलिदान और भाईचारे की परंपरा को निभाते हुए इस रेजिमेंट के बैनर तले देश की सेवा की है। इस कार्यक्रम में 500 से अधिक सेवारत अधिकारियों, दिग्गजों और सैन्य परिवारों की भागीदारी देखी गई। यह रेजिमेंट को एकजुट करने वाले गहरे संबंधों की पुष्टि करता है। पूरे देश और नेपाल के दिग्गजों ने अपने परिवारों के साथ इस विशेष पुनर्मिलन समारोह में भाग लिया, जिससे साथियों के साथ फिर से जुड़ने और पिछली यादों को ताजा करने का मंच मिला।

पहली गोरखा राइफल्स का एक गौरवशाली इतिहास है। इसने स्वतंत्रता-पूर्व और स्वतंत्रता-उपरांत भारत की महत्वपूर्ण लड़ाइयों और अभियानों में उल्लेखनीय भूमिका निभाई है। इस पुनर्मिलन समारोह में कार्यक्रमों की बड़ी श्रृंखला आयोजित की गई। रेजिमेंट के इतिहास और उपलब्धियों की स्मृति में मूर्तियों, वार्षिक पुस्तिका और स्मारक का अनावरण भी इन समारोहों का हिस्सा था।

## 656 रोगियों का जांचा स्वास्थ्य

**राजगढ़।** कलगीधर ट्रस्ट बड़ू साहिब ने संचालित अकाल अस्पताल बड़ू साहिब में दो दिवसीय निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में कुल 656 रोगियों की निशुल्क स्वास्थ्य जांच की गई, इसके साथ-साथ दर्जनों रोगियों के आप्रेशन भी इस शिविर में किए गए।

अकाल चैरिटेबल अस्पताल और अकाल कॉलेज ऑफ नर्सिंग के संकाय और छात्रों के अमूल्य समर्थन के साथ-साथ जालंधर और पटियाला से आए विभिन्न रोगों के विशेषज्ञ डॉक्टरों ने शिविर की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। चिकित्सा और शल्य चिकित्सा देखभाल के अलावा, रोगियों को निशुल्क दवाइयां, आवास और पौष्टिक भोजन प्रदान किया। अकाल कॉलेज ऑफ नर्सिंग समुदाय के स्वयंसेवकों, कर्मचारियों, प्रबंधन और छात्रों के समर्पण और दृढ़ संकल्प ने सेवा और करुणा के सार को प्रदर्शित करते हुए अनगिनत जीवन को समृद्ध व खुशहाल बनाया। ऐसे दूरदराज क्षेत्रों में ऐसे स्वास्थ्य शिविरों के आयोजन से जरूरतमंद लोगों के जीवन में बदलाव आ रहे हैं।

## स्पोर्ट्स विंडो

### दिल्ली हॉफ मैराथन में भारतीयों में अव्वल रहे सावन बरवाल

**नई दिल्ली।** लंबी दूरी के महान धावक यूगांडा के जोशुआ चेप्टेगी ने यहां आयोजित 'वेदांता दिल्ली हॉफ मैराथन' के पुरुष वर्ग में जीत दर्ज की। इस दौड़ के महिला वर्ग में इथियोपिया की



एलेमाडिस इयायु ने खिताब अपने नाम किया। पुरुषों की 10,000 मीटर दौड़ में मौजूदा विश्व चैंपियन और ओलंपिक चैंपियन चेप्टेगी ने 59.46 सेकंड का समय लेकर दौड़ जीत ली। इयायु ने एक घंटे 8 मिनट और 17 सेकंड का समय लेकर शीर्ष महिला वर्ग का खिताब अपने नाम किया। सावन बरवाल ने (एक घंटा, दो मिनट और 46 सेकंड) और लिली दास (एक घंटा 18 मिनट और 12 सेकंड) ने क्रमशः भारतीय पुरुष और महिला वर्ग के शीर्ष खिताब जीते। वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन का यह 19वां संस्करण है। इसकी पुरस्कार राशि 2,60,000 अमेरिकी डॉलर है और इसे जवाहरलाल नेहरु स्टेडियम से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

### खूबसूरती के लिए चर्चा में पल्लीकल

**नई दिल्ली।** भारतीय स्क्वैश खिलाड़ी दीपिका पल्लीकल भी अपनी खूबसूरती के लिए चर्चा में रही हैं। दीपिका भारत के क्रिकेट खिलाड़ी दिनेश कार्तिक की पत्नी हैं। वह भारत की पहली स्क्वैश खिलाड़ी हैं, जो विश्व रैंकिंग में टॉप-10 में पहुंची थीं। महज 13 साल की उम्र में दीपिका विवादों में फंस गई थीं और उनके ऊपर बैन लगा था।



### परिवार के साथ समय बिताने के लिए पाक के खिलाफ नहीं खेलेंगे हेड

**एडीलेड।** ऑस्ट्रेलिया के स्टार बल्लेबाज ट्रेविस हेड भारत के खिलाफ 22 नवंबर से शुरू हो रही पांच टेस्ट मैचों की सीरीज से पहले



परिवार के साथ समय बिताने के लिए पाकिस्तान के खिलाफ सीमित ओवरों की घरेलू सीरीज नहीं खेलेंगे। हेड दूसरी बार पिता बनने वाले हैं। वह पाकिस्तान के खिलाफ अगले महीने तीन मैचों की वनडे सीरीज और टी-20 सीरीज में भाग नहीं लेंगे। हेड भारत के खिलाफ 22 नवंबर से पर्थ में शुरू हो रही पांच टेस्ट मैचों की सीरीज से पहले ब्रेक लेंगे। साल के 365 दिन में से हेड 330 दिन घर से बाहर रहे हैं और उनका मानना है कि परिवार के विस्तार के साथ उनकी प्राथमिकताएं भी भविष्य में अलग होंगी। एडीलेड स्ट्राइकर्स के साथ बिग बैश लीग के लिए एक साल के करार के दौरान हेड ने कहा था ," मैं भविष्य में परिवार को ध्यान में रखकर फैसला लूंगा।"

### गगनजीत भुल्लर ने एशियाई टूर पर रिकॉर्ड 12वीं जीत के करीब

**बैंकॉक (थाईलैंड)।** भारतीय गोल्फर गगनजीत भुल्लर ने ब्लैक माउंटेन चैंपियनशिप के तीसरे दौर में बिना बोगी किए 66 का कार्ड खेला, जिससे वह अपने 12वें एशियाई टूर खिताब के लिए अच्छी स्थिति में बने हुए हैं। भुल्लर ने पिछले 2 दौर में 65 और 66 के कार्ड खेले थे। उनका कुल स्कोर 19 अंडर है, जिससे वह अमेरिका के जॉन कैटलिन (65) से दो शॉट की बढ़त बनाए हैं। भुल्लर ने अभी तक तीन दौर में 21 बर्डी लगाई हैं और दो बोगी की हैं। अन्य भारतीयों में खालिन जोशी (73) नौ अंडर से संयुक्त 39वें स्थान पर बने हुए हैं जबकि करणदीप कोचर (73) संयुक्त 65वें स्थान पर बने हुए हैं।

## भारत vs न्यूजीलैंड न्यूजीलैंड ने भारत में 36 साल बाद जीता टेस्ट, 3 मैचों की सीरीज में बनाई 1-0 की बढ़त

# बेंगलुरु टेस्ट में हारी टीम इंडिया

**एजेंसी, बेंगलुरु**

न्यूजीलैंड ने जसप्रीत बुमराह के खतरनाक स्पैल का डटकर सामना करते हुए आखिरी दिन किसी चमत्कार की भारत की कोशिशों पर पानी फेर दिया। पहला टेस्ट आठ विकेट से जीतकर न्यूजीलैंड ने 36 साल बाद भारतीय सरजमीं पर पारंपरिक प्रारूप में सफलता का स्वाद चखा।

आखिरी बार न्यूजीलैंड ने भारत को 1988 में जॉन राइट की कप्तानी में वानखेड़े स्टेडियम पर 136 रन से हराया था। जीत के लिए 107 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए न्यूजीलैंड ने शुरूआती झटकों के बाद कोई कोताही नहीं बरती। विल यंग 48 रन बनाकर और रचिन रविंद्र 39 रन बनाकर नाबाद रहे। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 75 रन की अटूट साझेदारी करके टीम को तीन मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त दिला दी। पहली पारी में 46 रन पर आउट होने के बावजूद भारत ने जिस तरह मैच में वापसी की थी, वह काबिले तारीफ है। उसे अब पुणे में 24 अक्तूबर से शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट में इस हार को भुलाकर अपना स्वाभाविक खेल दिखाना होगा।

गले की जकड़न से उबरने के बाद शुभमन गिल की दूसरे टेस्ट में वापसी तय लग रही है, लेकिन पहले टेस्ट की दूसरी पारी में 150 रन बनाने वाले सरफराज खान को अब अनदेखा नहीं किया जा सकता। भारत को यह भी देखना होगा कि तीन तेज गेंदबाजों के साथ उतरना है या तीन स्पिनर ही उतारने है। यह फैसला एम चिन्नास्वामी स्टेडियम पर कारगर साबित नहीं हुआ।

आखिरी दिन गीली आउटफील्ड के कारण मैच एक घंटा विलंब से 10 बजकर 15 मिनट पर शुरू हुआ। नई गेंद संभालते हुए बुमराह ने 29 रन देकर 2 विकेट लिए। टॉम लाथम खाता खोले बिना पहले ही ओवर में आउट हो गए। अंपायर ने उन्हें पगबाधा आउट दिया जिस पर उन्होंने रिव्यू लिया। डीआरएस में भी उनके आउट होने की पुष्टि हो गई। भारत को तीसरे तेज गेंदबाज की कमी महसूस हुई होगी क्योंकि विकेट से बुमराह और मोहम्मद सिराज को मदद मिल रही थी। भारत ने तीसरे स्पिनर के तौर पर कुलदीप यादव को उतारा था, जिन्होंने तीन ओवर में 26 रन दिए।

डेवोन कॉनवे भी बुमराह के सामने असहज लग रहे थे और 17 रन बनाकर पगबाधा आउट हो गए। न्यूजीलैंड का स्कोर उस समय 2 विकेट पर 35 रन था लेकिन यंग और रविंद्र ने इसके बाद संभलकर खेला।

आसमान खिलने के बाद बल्लेबाजी में दिक्कत नहीं हुई और दोनों ने ढीली गेंदों को नसीहत दी। पहली पारी में शतक जमाने वाले रविंद्र ने कुलदीप को छक्का भी लगाया।



बेंगलुरु टेस्ट के 5वें दिन टीम इंडिया के खिलाफ पारी के दौरान शॉट खेलते न्यूजीलैंड के कप्तान विल यंग।

### तीन घंटे का खेल टीम की काबिलियत तय नहीं करेंगा: रोहित शर्मा



**कप्तान** रोहित शर्मा ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट की शुरुआती पारी में टीम के 46 रन पर आउट होने पर कहा कि 'वे तीन घंटे' भारतीय टीम की काबिलियत तय नहीं करेंगे और इस आधार पर उनके खिलाड़ियों के बारे में कोई भी निर्णय अनुचित होगा।

भारतीय टीम ने दूसरी पारी में शानदार जज्बा दिखाते हुए 462 रन बनाए, लेकिन न्यूजीलैंड इस मुकाबले को आठ विकेट से जीतने में सफल रहा। रोहित ने कहा कि एक सत्र में खराब खेल से उनकी टीम की गुणवत्तापूर्ण क्रिकेट खेलने और कठिन परिस्थिति से वापसी करने की क्षमता तय नहीं होगी।

### स्कोर बोर्ड

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| भारत (पहली पारी) | | | 46/10 |
| न्यूजीलैंड (पहली पारी) | | | 402/10 |
| भारत (दूसरी पारी) | | | 462/10 |
| न्यूजीलैंड (दूसरी पारी) | | | |
| लाथम पगबाधा ब. बुमराह | 00 | 06 | 0/0 |
| कॉनवे पगबाधा ब. बुमराह | 17 | 39 | 3/0 |
| यंग (नाबाद) | 48 | 76 | 7/1 |
| रचिन (नाबाद) | 39 | 46 | 6/0 |
| अतिरिक्त | 06 | | |
| कुल : (27.4 ओवर) | 110/2 | | |

विकेट पतन : 1-0, 2-35., गेंदबाजी : बुमराह 8-1-29-2, सिराज 7-3-16-0, जडेजा 7.4-1-28-0, कुलदीप 3-0-26-0, अश्विन 2-0-6-0.

### हार के कारण

- **टॉस के दौरान गलत फैसला।** रोहित ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया।
- **तीन स्पिनर्स को खिलाने का फैसला।** भारतीय टीम इस मैच में तीन स्पिनर्स को लेकर उतरी, जबकि कीवी टीम तीन तेज गेंदबाजों के साथ उतरी।
- **केएल राहुल को मौका देना।** साल 2021 के बाद से केएल राहुल का फॉर्म टेस्ट में कुछ खास नहीं रहा है। राहुल ने पहली पारी में खाता भी नहीं खोला था, जबकि दूसरी पारी में जब भारत को रन की जरूरत थी, तो वह 12 रन बनाकर पवेलियन चलते बने।

### विश्व टेस्ट चैंपियनशिप रैंकिंग

| रैंक टीम | मैच | जीत | हार | ड्रा | अंक | जीत % |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01. भारत | 12 | 08 | 03 | 01 | 98 | 68.06 |
| 02. ऑस्ट्रेलिया | 12 | 08 | 03 | 01 | 90 | 62.50 |
| 03. श्रीलंका | 09 | 05 | 04 | 00 | 60 | 55.56 |
| 04. न्यूजीलैंड | 09 | 04 | 05 | 00 | 48 | 44.44 |
| 05. इंग्लैंड | 18 | 09 | 08 | 01 | 93 | 43.06 |
| 06. द. अफ्रीका | 06 | 02 | 03 | 01 | 28 | 38.89 |
| 07. बांग्लादेश | 08 | 03 | 05 | 00 | 33 | 34.38 |
| 08. पाकिस्तान | 09 | 03 | 06 | 00 | 28 | 25.93 |
| 09. वेस्टइंडीज | 09 | 01 | 06 | 02 | 20 | 18.52 |

### एएफसी एशियाई कप क्वालीफायर के लिए भारतीय अंडर-17 टीम का चयन

**नई दिल्ली।** भारत की अंडर 17 पुरुष फुटबॉल टीम के मुख्य कोच इशफाक अहमद ने रविवार को थाईलैंड में 23 से 27 अक्तूबर तक होने वाले एएफसी अंडर-17 एशियाई कप-2025 क्वालीफायर के लिए 23 सदस्यीय टीम का ऐलान किया। भारत को ग्रुप-डी में रखा गया है, जिसमें उसका सामना ब्रूनेइ दारूस्सलाम (23 अक्तूबर), तुर्कमेनिस्तान (25 अक्तूबर) और थाईलैंड (27 अक्तूबर) से होगा।

**गोलकीपर।** ए सूरज सिंह, रोहित, नंदन रॉय।

**डिफेंडर।** करीश सोराम, मोहम्मद कैफ, सी रेनिन सिंह, बी सुमित शर्मा, टी उशाम सिंह, येइफारेम्बा चिंगखाम, जोड्रिक अबरांचेस।

**मिडफील्डर।** अब्दुल साल्हा शीरगोजरी, ए सैमसन, के अजलान शाह, लेविस जांगमिनलुन, महमूद सामी, मनभाकुपर मालजियांग, मोहम्मद अरबाश, एन रिषि सिंह, विशाल यादव, एन माटे।

**फॉरवर्ड।** भरत लाइरेंजाम, प्रेम हंसदाक, एच लुंकिम।

### तीरंदाजी : फुगे विश्व कप फाइनल में पदक से चूके

**एजेंसी, टिलेक्सकला ( मैक्सिको )**

उदीयमान सितारे प्रथमेश फुगे तीरंदाजी विश्व कप कंपाउंड सेमीफाइनल में तनावपूर्ण शूटआफ में मौजूदा चैंपियन मथियास फुलेर्टन से हारकर पदक से चूक गए।



प्रथमेश फुगे

रोमांचक मुकाबले में दोनों तीरंदाजों ने पांचों दौर में परफेक्ट-10 स्कोर किया और एक अंक भी नहीं गंवाया। स्कोर 150-150 रहने के बाद शूटआफ से विजेता का फैसला हुआ। शूटआफ में भी स्कोर 10-10 से बराबर रहा। इसके बाद डेनमार्क के तीरंदाज ने मामूली अंतर से फुगे को हराया। फुगे अगर जीत जाते तो पदक पक्का हो जाता। कांस्य पदक के प्लेऑफ मुकाबले में वह विश्व चैंपियन माइक शोलेसेर से 150-146 से हार गए।

वहीं पूर्व विश्व कप पदक विजेता ज्योति सुरेखा वेन्नम महिला कंपाउंड वर्ग में क्वार्टर फाइनल में एस्तोनिया की मीरी मारिता पास से 145-147 से हार गई। रिकर्व वर्ग में दीपिका कुमारी और धीरज बोम्मादेवरा उतरेंगे।

## क्लब विश्व कप खेलेंगे लियोनेल मेसी

**एजेंसी, फोर्ट लॉडरडेल**

अर्जेंटीना के महान फुटबॉलर लियोनेल मेसी अगले साल क्लब विश्व कप खेलेंगे। फीफा अध्यक्ष जियानी इंफेंटिनो ने घोषणा की कि इंटर मियामी इस टूर्नामेंट में खेलेगा। मेसी की अपार लोकप्रियता को देखते हुए इस घोषणा की अपेक्षा भी की जा रही थी। हर चार साल में खेले जाने वाले इस टूर्नामेंट में फीफा के छह फुटबॉल परिसंघों की 32 टीमें भाग लेती हैं। इंटर मियामी 15 जून 2025 को मियामी गार्डन्स से पहला मैच खेलेगी। टूर्नामेंट का फाइनल 13 जुलाई को न्यूजर्सी में होगा। क्लब विश्व कप में यूरोप की भी 12 टीमें होंगी।



### एक साल बाद प्रतिस्पर्धी फुटबॉल में वापसी करेंगे नेमार

**साओ पाउलो।** चोटिल होने के कारण एक साल तक बाहर रहने के बाद ब्राजील के स्टार स्ट्राइकर नेमार प्रतिस्पर्धी फुटबॉल में वापसी करने के लिए तैयार हैं तथा वह अगले सप्ताह एएफसी चैंपियंस लीग एलीट मैच में सऊदी अरब क्लब अल हिलाल की तरफ से खेलने के लिए उपलब्ध रहेंगे। नेमार की मार्केटिंग कंपनी एनआर स्पोर्ट्स ने बयान में कहा कि ब्राजील के इस खिलाड़ी का फुटबॉल के प्रति प्यार और अगले विश्व कप में खेलने की दृढ़ इच्छा ने उन्हें वापसी करने के लिए प्रेरित किया।



### जोकोविच ने नडाल को हराया

**रियाद।** इटली के यानिक सिनेर ने कार्लोस अल्काराज को 6-7 , 6-3, 6-3 से हराकर सिक्स किंग्स स्लैम नुमाइशी टेनिस चैंपियनशिप जीती जबकि नोवाक जोकोविच ने तीसरे स्थान के मैच में राफेल नडाल को 6-2, 7-6 से हराया।

नदाल अपने कैरियर में आखिरी बार यह चैंपियनशिप खेल रहे थे।नदाल अगले महीने डेविस कप में स्पेन के लिए खेलने के बाद टेनिस को अलविदा कहेंगे। इस नुमाइशी टूर्नामेंट के पिछले दौर में अल्काराज ने नदाल और सिनेर के अलावा जोकोविच को भी हराया था। इस टूर्नामेंट में पुरस्कार राशि मिलती है, लेकिन एटीपी अंक नहीं।

### महिला टी-20 विश्व कप फाइनल

## दक्षिण अफ्रीका के शुरुआती झटकों से संभला न्यूजीलैंड



**एजेंसी, दुबई**

दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लौरा वुलवोर्ट ने महिला टी-20 विश्व कप फाइनल में रविवार को यहां न्यूजीलैंड के खिलाफ टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का फैसला किया।

न्यूजीलैंड ने 12 ओवर के बाद 3 विकेट के नुकसान पर 79 रन बना लिए हैं। ब्रूक हॉलिडे (नाबाद 6 रन) और अमेलिया केर (नाबाद 17 रन) क्रीज पर हैं।

जॉर्जिया प्लिमर को अयाबोंगा खाका ने आउट किया। प्लिमर ने 9 रन बनाए। सूजी बेट्स ने आउट होने से पहले 31 गेंदों में 32 रन बनाए।

दोनों टीमों ने सेमीफाइनल मुकाबला खेलने वाली एकादश में कोई बदलाव नहीं किया है। जो टीम जीतेगी वो पहली बार वर्ल्ड चैंपियन बनेगी।

### हॉकी

### यौन उत्पीड़न के आरोप के कारण नहीं खेल सके थे पेरिस ओलंपिक-2024

# वरुण कुमार की भारतीय हॉकी टीम में वापसी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

जर्मनी के खिलाफ 23 और 24 अक्तूबर को यहां मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम पर होने वाले दो मैचों के लिए डिफेंडर वरुण कुमार की भारतीय हॉकी टीम में वापसी हुई है। एक जूनियर वॉलीबॉल खिलाड़ी द्वारा यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए जाने के कारण वरुण पेरिस ओलंपिक और एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के लिए टीम में जगह नहीं बना सके थे।

फरवरी में 22 वर्ष की एक महिला ने आरोप लगाया था कि पिछले पांच साल से वरुण ने कई बार उसका यौन उत्पीड़न किया है और इसकी शुरूआत तब हुई जब वह नाबालिग थी। हॉकी इंडिया सूत्रों ने बताया कि सभी आरोपों से क्लीन चिट मिलने के बाद वरुण को टीम में शामिल किया गया है। हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी वाली भारतीय टीम को मिडफील्डर हार्दिक सिंह की कमी खलेगी जो ओलंपिक में लगी चोट से उबर नहीं सके हैं। इस सीरीज के जरिए राजिंदर सिंह और आदित्य अर्जुन लालागे पदार्पण करेंगे।

गोलकीपर कृशन बहादुर पाठक और सूरज करकेरा होंगे जबकि डिफेंस की कमान हरमनप्रीत सिंह के साथ जरमनप्रीत, अमित रोहिदास, वरुण कुमार और संजय संभालेंगे।



वरुण कुमार

#### जर्मनी के खिलाफ 23 और 24 अक्तूबर को मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में होंगे मुकाबले

मिडफील्ड में मनप्रीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद, विष्णु कांत सिंह, नीलाकांता शर्मा, शमशेर सिंह, मोहम्मद राहीन मौसीन और राजिंदर सिंह होंगे। एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान ब्रेक के बाद मनदीप सिंह की फॉरवर्ड पंक्ति में वापसी हुई है। उनके साथ सुखजीत सिंह, अभिषेक, आदित्य अर्जुन लालागे, दिलप्रीत सिंह और शीलानंद लाकड़ा होंगे।

टीम के बारे में कोच क्रेग फुल्टोन ने कहा ,"हम जर्मनी से खेलने को लेकर काफी उत्साहित हैं। हमने अनुभवी टीम चुनी है और इसमें कई खिलाड़ी वहीं हैं जिन्होंने पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीता है। राजिंदर और आदित्य अंतरराष्ट्रीय हॉकी में पदार्पण करेंगे, जिन्होंने शिविर में काफी अच्छा प्रदर्शन किया है।"



#### भारतीय टीम

**गोलकीपर।** कृशन बहादुर पाठक और सूरज करकेरा।

**डिफेंडर।** हरमनप्रीत सिंह, जरमनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास, वरुण कुमार, सुमित, नीलम संजीप सेस और संजय।

**मिडफील्डर।** मनप्रीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद, विष्णु कांत सिंह, नीलाकांता शर्मा, शमशेर सिंह, मोहम्मद राहीन मौसीन और राजिंदर सिंह।

**फॉरवर्ड।** मनप्रीत सिंह, सुखजीत सिंह, अभिषेक, आदित्य अर्जुन लालागे, दिलप्रीत सिंह और शीलानंद लाकड़ा।

## हिमाचल ने जीता अखिल भारतीय हनुमान सिंह हैंडबॉल का खिताब



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

जयपुर के स्वामी मान सिंह स्टेडियम में आयोजित 19वीं अखिल भारतीय हनुमान सिंह हैंडबॉल प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश की महिला टीम ने भारतीय रेलवे की महिला टीम को 21-17 से पराजित कर खिताब जीता।

हिमाचल प्रदेश टीम की कोच स्नेहलता व चंदन ठाकुर ने बताया कि भारतीय रेलवे प्रतियोगिता में दूसरे व मोरसिंघी हैंडबॉल नर्सरी व हरियाणा संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रही। अखिल भारतीय हनुमान सिंह प्रतियोगिता के समापन अवसर पर हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के उपाध्यक्ष मुकुल कुमार यादव व एसोसिएट उपाध्यक्ष ललित कुमार ने विजेता उपविजेता को पुरस्कार प्रदान किए।

गुरु वशिष्ठ अवार्डी सुब्रतसेन व खेल परिसर जयपुर प्रभारी कर्ण सिंह शेखावत ने बतौर वशिष्ठ अतिथि के रूप में शिरकत की।